YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-277 | मंगलवार, 11 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ रहा है और समूचे विश्व को परिवार मानने की उसकी भावना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत बनी रहेगी। **द्रौपदी मुर्मु**


नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं शहरी सहकारी बैंक क्षेत्र : शाह 11

बिहार विस चुनाव : भरोसे की राजनीति ने पलटा दशकों पुराना जातीय समीकरण 12


## संक्षेप

### न्यायालय ने न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वादियों और वकीलों में अदालती फैसले उनके पक्ष में न आने पर न्यायाधीशों के खिलाफ अपमानजनक तथा निंदनीय आरोप लगाने की परेशान करने वाली प्रवृत्ति बढ़ने पर सोमवार को गहरी चिंता जताई। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने वादी एन पेड्डी राजू और उसके दो वकीलों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद करते हुए यह टिप्पणी की। उसने राजू और उसके वकीलों को चेतावनी दी कि इस तरह का आचरण न्यायिक प्रणाली की अखंडता को कमजोर करता है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने जया बच्चन के व्यक्तित्व अधिकार को संरक्षण दिया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेत्री और समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सदस्य जया बच्चन के व्यक्तित्व अधिकारों को संरक्षण प्रदान किया। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ बच्चन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में दावा किया गया था कि कई सोशल मीडिया अकाउंट, यूट्यूब चैनल और वेबसाइट व्यावसायिक लाभ के लिए उनके नाम और व्यक्तित्व का दुरुपयोग कर रहे हैं।

### आगामी 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं आंशिक शीतलहर की संभावना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से ठंड में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। पश्चिमी हिमालय में हाल में हुई बर्फबारी के बाद वहाँ से आ रही ठंडी और शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, आसमान साफ रहने से रात्रि के समय विकिरणीय शीतलन (रेडियेशनल कूलिंग ) बढ़ गया है। इसके साथ ही मध्य भारत पर बने प्रतिचक्रवात (एंटी साइक्लोन) के प्रभाव से ठंडी हवाओं का अधोगमन (सब्सिडेंस) जारी है। इन संयुक्त कारणों से प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में दिन और रात दोनों के तापमान सामान्य से काफी नीचे पहुँच गए हैं। विभाग के वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने कहा कि आगामी एक सप्ताह के दौरान तापमान में क्रमिक मौसमी गिरावट के अलावा कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इस अवधि में न्यूनतम तापमान औसतन 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक सामान्य से नीचे रहने की संभावना है, जबकि कुछ स्थानों पर यह 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम जा सकता है। इसके चलते अगले 2 से 3 दिनों के दौरान देर रात और सुबह के समय कुछ इलाकों में आंशिक शीत लहर (मार्जिनल कोल्ड वेव) की स्थितियाँ बनने की संभावना जताई गई है। हालांकि दिन के समय धूप निकलने से ठंड का असर कम होने की संभावना है।

# लाल किले के पास कार में धमाका, 10 की मौत

**एजेंसी**

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली सोमवार शाम उस समय दहल उठी जब लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास एक कार में जोरदार विस्फोट हुआ। इस हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 25 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। धमाके के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई और कई वाहन आग की चपेट में आ गए।

दिल्ली पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने बताया कि शाम 6:52 बजे लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास एक स्विफ्ट डिज़ायर कार में विस्फोट हुआ। यह वाहन रेड सिग्नल की ओर बढ़ रहा था जब अचानक धमाका हुआ। आसपास खड़ी तीन-चार कारों में भी आग लग गई। पुलिस, दमकल, और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच चुकी हैं। जांच में NIA और NSG की टीमें भी जुट गई हैं।

दिल्ली अग्निशमन विभाग के डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर ए.के. मलिक ने बताया कि सूचना मिलते ही 7 फायर टेंडर रवाना किए गए और करीब 7:29 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि कार के पुर्जे कई मीटर दूर तक बिखर गए। लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि 15 घायलों को अस्पताल लाया गया, जिनमें से 10 लोगों की मौत अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई। तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना स्थल के पास मौजूद एक दुकानदार ने बताया, ऐसा लगा जैसे धरती फटने वाली है। मैंने इतना जोरदार धमाका पहले कभी नहीं सुना।

वहीं एक ऑटो ड्राइवर जीशान ने बताया कि, मेरे सामने चल रही स्विफ्ट डिज़ायर में अचानक जोरदार धमाका हुआ। कुछ समझ नहीं आया कि क्या हुआ। विस्फोट की खबर मिलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से बात कर स्थिति की पूरी जानकारी ली। गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर, आईबी चीफ और एनआईए अधिकारियों से संवाद किया और जांच के आदेश दिए। दिल्ली पुलिस ने लाल किला क्षेत्र को घेर लिया है और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल, धमाके के कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने कहा है कि अभी यह कहना जल्दबाज़ी होगी कि यह आतंकी हमला है या हादसा। फोरेंसिक विशेषज्ञ विस्फोटक के प्रकार और विस्फोट की प्रकृति की जांच में जुटे हैं। लाल किला के पास हुआ यह धमाका दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जांच एजेंसियां अलर्ट पर हैं और देशभर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। शुरुआती जांच के बाद ही यह साफ़ होगा कि यह एक दुर्घटना थी या सुनियोजित हमला।

## प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने ली स्थिति की जानकारी

❐ जांच जारी, आतंकी कोण से इंकार नहीं, कई घायल अस्पताल में भर्ती

### दिल्ली, मुंबई और यूपी में हाई अलर्ट

धमाके के बाद मुंबई और उत्तर प्रदेश में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मुंबई पुलिस ने महत्वपूर्ण स्थानों पर नाकेबंदी शुरू कर दी है, जबकि यूपी पुलिस को संवेदनशील जिलों में गश्त बढ़ाने के आदेश मिले हैं।

### लखनऊ में आतंकी मॉड्यूल पर बड़ी कार्रवाई, महिला डॉक्टर गिरफ्तार, कार से मिली एके-47

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे एक बड़े अभियान के तहत सोमवार को लखनऊ से एक महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला की पहचान डॉ. शाहीन शाहिद के रूप में हुई है, जो लखनऊ के लालबाग इलाके की रहने वाली बताई जा रही हैं। पुलिस ने उनकी कार से एके-47 राइफल और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस, हरियाणा पुलिस और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के संयुक्त ऑपरेशन में की गई। जांच में सामने आया है कि डॉ. शाहीन शाहिद आतंकी संगठन ● शेष पेज 11 पर

## जम्मू-कश्मीर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

# दो डॉक्टर समेत सात गिरफ्तार

**एजेंसी**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच) से जुड़े एक बड़े अंतरराज्यीय एवं अंतरराष्ट्रीय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और दो डॉक्टरों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर और अन्य राज्यों में साझा तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

बरामदगी में 2,900 किलोग्राम आईईडी बनाने की सामग्री भी शामिल है, जिसमें विस्फोटक, रसायन, ज्वलनशील पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, बैटरी, तार, रिमोट कंट्रोल, टाइमर और धातु की चादरें आदि शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि 19 अक्टूबर को श्रीनगर के बनपोरा नौगाम में विभिन्न स्थानों पर जैश-ए-मोहम्मद के कई पोस्टर चिपकाए गए थे, जिनमें पुलिस और सुरक्षा बलों को धमकी और डर दिखाया गया था। जिसके बाद, यूएपीए अधिनियम की संबंधित धाराओं, 351 (2) बीएनएस, धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और 7/25/27 शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत श्रीनगर के नौगाम थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, ''जांच से पता चला है कि यह एक सफ़ेदपोश आतंकवादी तंत्र है जिसमें कट्टरपंथी पेशेवर एवं छात्र शामिल हैं, जो पाकिस्तान और ● शेष पेज 11 पर

### कश्मीरी डॉक्टर की गिरफ्तारी के बाद फरीदाबाद में मिला 300 किलो विस्फोटक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गिरफ्तार हुए एक डॉक्टर के खुलासे के बाद पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद से लगभग 300 किलोग्राम विस्फोटक बरामद करने में सफलता हासिल की है। अधिकारियों ने जब्त पदार्थ को अब तक ''विस्फोटक आईईडी बनाने वाली सामग्री'' बताया है। पिछले सप्ताह, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और हरियाणा के फरीदाबाद से दो कश्मीरी डॉक्टरों को गिरफ्तार करके एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। गिरफ्तार डॉक्टरों में से एक की पहचान आदिल अहमद राठेर के रूप में हुई है। वह दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड का निवासी है। पुलिस ने इससे पहले अनंतनाग स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के एक डॉक्टर के लॉकर से एक राइफल बरामद की थी। पुलिस ने हालांकि फरीदाबाद से विस्फोटकों की बरामदगी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है लेकिन सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के बाहर एक निजी अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर ● शेष पेज 11 पर

# राममंदिर में ध्वजारोहण का शुभ मुहूर्त आधे घंटे

**एजेंसी**

अयोध्या। श्रीराम मंदिर ध्वजारोहण समारोह के आयोजन में अब गिनती के दिन बचे हैं। राममंदिर ध्वजारोहण का शुभ मुहूर्त मात्र आधे घंटे का है। ध्वज फहराने का शुभ मुहूर्त 25 नवम्बर को दोपहर में 12 बजे से 12 बजकर 30 मिनट तक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीराम मंदिर के साथ साथ अन्य मंदिरों में ध्वज फहराएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या आगमन का अभी अधिकृत प्रोटोकॉल नहीं आया है लेकिन राममंदिर प्रबंधन से जुड़े एक पदाधिकारी ने बताया कि 25 नवंबर को प्रधानमंत्री 10 बजकर 15 मिनट पर अयोध्या के महर्षि बाल्मिकी अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे और 1 बजकर 45 मिनट पर अयोध्या से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में तीन घंटे से अधिक समय तक रहेंगे।

श्री मोदी के अयोध्या आगमन और

❐ प्रधानमंत्री मोदी फहराएंगे ध्वज

राममंदिर के ध्वजारोहण समारोह के साथ मंदिर निर्माण की वर्तमान स्थिति का आकलन और तैयारियों के लिए श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा अयोध्या में है। आज उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राममंदिर परिसर का अवलोकन करेंगे और प्रथम तल पर स्थापित राम परिवार की प्रतिमाओं के दर्शन भी करेंगे। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रधानमंत्री कार्यालय पीएमओ जाएगी। उन्होंने बताया कि ● शेष पेज 11 पर

### शराब का कच्चा माल चोरी होने के आरोप में सहायक आबकारी आयुक्त बर्खास्त

लखनऊ। शराब बनाने में प्रयोग होने वाले कच्चे माल की चोरी व उसके बह जाने के आरोप में सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान को बर्खास्त कर दिया गया है। जांच में 27610 लीटर एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) के बह जाने व चोरी होने के आरोप सही पाए गए। आबकारी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल के निर्देश पर इनके खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई की गई है। गोंडा के नवाबगंज में स्थित मेसर्स स्टार लाइट ब्रुकेम लिमिटेड डिस्टिलरीज में नवंबर 2024 में 27610 लीटर ईएनए के बह जाने व चोरी हो जाने का मामला सामने आया था। दिसंबर 2024 में प्रकरण को संज्ञान में लेकर मंत्री ने सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान को निलंबित कर विभागीय जांच कराए जाने के आदेश दिए थे। मामले की जांच संयुक्त आबकारी आयुक्त आगरा को सौंपी गई थी। उनकी जांच में सहायक आबकारी आयुक्त रामप्रीत चौहान पर आरोप सही पाए गए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी है कि वह अपनी ● शेष पेज 11 पर

# चार राज्यों में फैला आक्सीटोसिन इंजेक्शन की तस्करी का नेटवर्क

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। एक करोड़ के आक्सीटोसिन इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार दो तस्करों ने यूपी समेत दिल्ली, बिहार और हरियाणा तक अपना नेटवर्क फैला रखा था। गिरोह के लोग चीन से कोरियर से पाउडर (सॉल्ट) मंगाकर उसे लोनी कटरा में तस्कर के घर में डंप करते थे। इसके बाद यह लखनऊ भेजा जाता था। एसटीएफ की पूछताछ में यह जानकारी तस्करों से मिली है। एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के मुताबिक गिरोह के सदस्य बागपत के मलकपुर निवासी कयूम अली और मदेयगंज का मो. इब्राहिम 100 ग्राम की शीशियों का बॉक्स 10 रुपये में तैयार करते थे। तैयार माल डेयरी संचालकों और बड़े सब्जी व्यापारियों, किसानों को 500 से 700 रुपये में बेचते थे।

कोरियर कंपनियों और रोड ट्रांसपोर्ट के जरिए गत्ते में भरकर इसे गैर प्रांतों में भेजा जाता था। दोनों तस्कर उजरियांव गांव में

❐ चीन से कोरियर के जरिए गाजियाबाद पहुंचता था पाउडर

एक मकान में यूरिया, फिनायल, रंग और तमाम अन्य हानिकारक चीजे डालकर जहरीले आक्सीटोसिन इंजेक्शन तैयार करते थे। दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया है। कई डेयरी संचालक और सब्जी कारोबारी रडार पर डिप्टी एसपी के मुताबिक जेल भेजे गए तस्करों के मोबाइल से कई अहम सुराग मिले हैं। टीम के हाथ गाजियाबाद के लोनी कटरा के तस्कर के बारे में जानकारी मिली है। वह चीन से जुड़ा है। उसका मोबाइल नंबर मिला है। तस्करों के व्हाट्सएप और कॉल डिटेल्स से मिले सुबूत के आधार पर प्रदेश और कई अन्य राज्यों के डेयरी संचालक और सब्जी व्यापारी रडार पर हैं। जल्द ही गिरोह के बिहार, हरियाणा और दिल्ली का नेटवर्क चला रहे तस्करों को गिरफ्तार किया जाएगा। एसटीएफ की दो टीमें तस्करों की तलाश में दबिश दे रहीं हैं। तीन साल से लोगों को सब्जी और दूध में दे रहे थे जहर डिप्टी एसपी ने बताया कि गिरोह के लोग तीन साल से लोगों को सब्जियों और दूध के जरिए स्लो प्वाइजन दे रहे थे। विशेषज्ञों से बात करने पर पता चला कि फिनायल और यूरिया, इंजेक्शन में डाला जाने वाला सॉल्ट एवं रंग स्लो प्वाइजन की तरह है। आक्सीटोसिन इंजेक्शन लगे पशुओं का दूध पीने और सब्जियां आदि खाने से शरीर की हड्डियां गलने लगती हैं। अंदर ही अंदर व्यक्ति को खोखला कर देती हैं। उसके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को समाप्त करती हैं। कैंसर जैसी घातक बीमारियां होती हैं।

# सरकारी कर्मचारी के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का सत्यापन एक ही अफसर से कराएं : हाईकोर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक आदेश में कहा कि सरकारी कर्मचारी के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का सत्यापन और तकनीकी परीक्षण एक ही अफसर से करायें।

अदालत ने कहा कि बिलों का सत्यापन और परीक्षण या तो सरकारी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक या फिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से करायें, दोनों से नहीं। इस आदेश से सरकारी कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान में राहत मिलेगी। न्यायाधीश मनीष माथुर की एकल पीठ ने यह आदेश कर एवं निबंधन विभाग के लखनऊ निवासी सेवानिवृत्त कर्मचारी श्याम शंकर मिश्र की याचिका पर दिया। याचिका में याची के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों को चिकित्सा अधीक्षक के सत्यापन के बाद सी एम ओ से भी सत्यापित करवाए जाने की प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। याची के अधिवक्ता अभिषेक मिश्र का कहना था कि चिकित्सा

अधीक्षक द्वारा बिलों के सत्यापन और तकनीकी परीक्षण के बाद इन्हें सी एम को सत्यापन के लिए भेजा जाना कानूनी प्रावधानों के खिलाफ है। उधर, सरकारी वकील ने कहा कि बिलों को आगे सत्यापन के लिए परंपरा के तहत सीएमओ को भेजा गया था। कोर्ट ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति के नियमों के हवाले से कहा कि कर्मचारी के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों को या तो चिकित्सा अधीक्षक द्वारा या फिर सीएमओ से सत्यापित होना चाहिए, लेकिन दोनों अफसरों से नहीं। ऐसे में विभागीय अफसर, दोनो अधिकारियों से बिलों का सत्यापन करवाकर नियमों में दी गई प्रक्रिया का पालन नहीं कर रहे हैं। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने याचिका मंजूर कर ली और याची को निर्धारित समय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान करने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया है।

## बांटने वालों को पहचानें, यूपी के स्कूलों में रोज वंदे मातरम गाना अनिवार्य होगा : मुख्यमंत्री

# जिन्ना पैदा न होने पाए, दफन कर देना : योगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ/गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एलान किया है कि प्रदेशभर के सभी स्कूलों में 'वंदे मातरम्' का गायन नियमित व अनिवार्य रूप करना सुनिश्चित किया जाएगा। 'वंदे मातरम्' हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है। वंदे मातरम में किसी बदलाव का प्रयास सफल नहीं होने दिया जाएगा। वंदे भारतम का विरोध करने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

सोमवार को गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारत रत्न से विभूषित एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह के उपलक्ष्य में एकता यात्रा के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे। लक्ष्मीबाई पार्क में आयोजित सभा में वंदे मातरम में संशोधन और विरोध को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधा प्रहार किया। योगी ने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं, और 'वंदे मातरम्'

❐ योगी- राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता कोई मत या मजहब

❐ लौह पुरुष पटेल की 150वीं जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने किया ऐलान

हमारी सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक है। वंदे मातरम का विरोध करने का कोई मतलब नहीं है। राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं है। कुछ लोगों के लिए मत और मजहब ऊपर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों में वंदे मातरम का गायन अनिवार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम का जो मंत्र भारत की आजादी का कारण बना हो, उस मंत्र को भी सांप्रदायिक बताकर कांग्रेस ने उसमें संशोधन करने का प्रयास किया। कांग्रेस ने कहा था कि यह पांच और छह छंद का क्यों पढ़ना है, दो छंद में ही हो इसे पूरा किया जाए। ● शेष पेज 11 पर

### योगी की अगुवाई में बही देशभक्ति की बयार, गूंजा एकता का उद्घोष'

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में सोमवार को भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती समारोह के उपलक्ष्य में एकता यात्रा निकाली गई। प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में 25 नवंबर तक निकलने वाली एकता यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र गोरखपुर शहर से किया। गोरखपुर नगर निगम परिसर से गीता वाटिका के पास विशंभर पाठक पार्क तक निकली इस यात्रा में देशभक्ति की बयार बही तो एकता का उद्घोष भी खूब गूंजा। योगी गोलघर काली मंदिर के पास सरदार पटेल चौराहे तक खुद इस पदयात्रा का नेतृत्व करते रहे। एकता यात्रा का शुभारंभ करने के लिए योगी ने सर्वप्रथम नगर निगम परिसर में स्थापित अपने गुरुदेव राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन अवेद्यनाथ महाराज की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने नगर निगम के पार्क में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रथम स्वातंत्र्य समर की इस वीरांगना के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। इसके बाद मंच पर पहुंचकर उन्होंने भारत माता और वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। मंच पर अपने संबोधन से सरदार पटेल और वंदे मातरम से जुड़े आख्यानों के जरिये उपस्थित जनसमूह का मार्गदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री ने नगर निगम के बाहर, टाउनहाल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एकता यात्रा का शुभारंभ किया। एकता यात्रा में सीएम के साथ जलशक्ति मंत्री और जनप्रतिनिधिगण साथ साथ कदम बढ़ा रहे थे। इस यात्रा में अपार जनसमूह शामिल हुआ। इसमें अधिकतर लोग हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए चल रहे थे। जैसे जैसे यात्रा आगे बढ़ती रहीए पूरा मार्ग राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से प्रतिबिंबित होता रहा। एकता यात्रा में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे देशभक्ति के ज्वार का माहौल बना रहे थे। टाउनहाल से लेकर पटेल चौराहा गोलघर काली मंदिर तक सड़क के किनारे पहले से मौजूद हर उम्र वर्ग के लोगों, विभिन्न ● शेष पेज 11 पर

# डिजिटल उपकरणों का दुरुपयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय: प्रेम गौतम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फॉरेंसिक विषय पर राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आतंकवाद निरोधक दस्ता उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक प्रेम कुमार गौतम, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

संस्थान के अपर निदेशक श्री राजीव मल्होत्रा एवं चिरंजीव मुखर्जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया।

मुख्य अतिथि श्री प्रेम कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि आज डिजिटल फुटप्रिंट हर जगह मौजूद हैं और आधुनिक जीवन की कल्पना साइबर स्पेस के बिना संभव नहीं है, इसलिए इसकी सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गहन साइबर सुरक्षा ज्ञान अधिकारियों के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि डिजिटल डेटा अब नई करेंसी बन चुका है – जिसके पास डेटा है, वही सशक्त है। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकांश सोशल मीडिया सर्वर विदेशों में स्थित होने से भारत में जांच कार्य जटिल हो जाता है। सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान और झूठे मामलों की संख्या बढ़ रही है, वहीं विदेशी खुफिया एजेंसियों द्वारा डिजिटल उपकरणों का दुरुपयोग और फाइनेंसिंग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। श्री गौतम ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन, हवाला नेटवर्क, शेल कंपनियाँ और विस्तृत साइबर नेटवर्क जांच को और कठिन बना रहे हैं। उन्होंने हनीट्रैप जैसे बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिरूपण (इम्परसनेशन) और लुभावने उपायों के माध्यम से व्यक्तियों को फंसाकर नुकसान पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से जागरूक और सतर्क रहने का आह्वान किया खुद जागरूक रहें, अपने परिवेश के प्रति सतर्क रहें और पूरे साइबर इकोसिस्टम से परिचित रहें। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों – दिल्ली, केरल, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गोवा, मध्य प्रदेश एवं ओडिशा – के लगभग 40 पुलिस अधिकारी (उपनिरीक्षक से उपाधीक्षक स्तर तक) भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के पाठ्यक्रम में साइबर अपराध के रुझान व रिपोर्टिंग, डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन, विधिक ढांचा व डेटा संरक्षण, उभरती प्रौद्योगिकियाँ एवं एआई आधारित खतरे, ओएसइंट एवं वित्तीय धोखाधड़ी विश्लेषण, सोशल मीडिया फॉरेंसिक तथा अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध जांच जैसे विषय शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में उपनिदेशक श्री चिरंजीव मुखर्जी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## लखनऊ में 13 नई पीआरवी गाड़ियां हुईं शामिल, पुलिस कमिश्नर ने दिखाई हरी झंडी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी राजधानी लखनऊ में डायल-112 सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने सोमवार को 13 नई चार पहिया पीआरवी (पुलिस रिस्पॉन्स व्हीकल) को बेड़े में शामिल किया हैं। पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने इन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर शहर के विभिन्न इलाकों में रवाना किया। कार्यक्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित कुमार वर्मा, पुलिस उपायुक्त विक्रांत वीर, अपर पुलिस उपायुक्त (डायल-112) राजेश कुमार यादव, और सहायक पुलिस आयुक्त (डायल-112) सौम्या पाण्डेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने कहा कि लखनऊ पुलिस का उद्देश्य है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को डायल-112 के माध्यम से तुरंत और गुणवत्तापूर्ण सहायता मिले। नागरिकों की सुरक्षा और संतोष हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपर पुलिस उपायुक्त (डायल-112) राजेश कुमार यादव ने बताया कि नई गाड़ियों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, रियल-टाइम रिस्पॉन्स सिस्टम और अत्याधुनिक संचार उपकरण लगाए गए हैं।

## हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव 19 नंबर 2025 से आशियाना में शुरू हो रहा है। जिसको लेकर सोमवार को विधि पूर्वक भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ आचार्य पंडित अनुराग मिश्र शास्त्री द्वारा पूजन कराकर महोत्सव का ध्वज स्थापित किया गया। इस मौके पर अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, मनोज सिंह व प्रदीप शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

## लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन बीटेक छात्रों का आईटी कंपनी सोटी में हुआ चयन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के तीन बीटेक छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी सोटी में हुआ है। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मनुका खन्ना एवं संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एस.पी. सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि सोटी कंपनी की इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में प्रारंभिक चरण में आयोजित तकनीकी परीक्षा के उपरांत दो दौर के इंटरव्यू हुए, जिसमें पहला टेक्निकल इंटरव्यू और दूसरा एच.आर. इंटरव्यू रहा। सभी चरणों के उपरांत कंपनी ने तीन छात्रों का अंतिम चयन किया गया। जिसमें अरिंदम शुक्ला(कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), नित्या पांडेय(कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) और मोहम्मद साहिल(कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) रहे। चयनित छात्रों को सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद के लिए ?7.5 लाख प्रति वर्ष का पैकेज प्रदान किया गया है।

## सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के संबंध में हुई कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान मजदूर जनसेवा यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और लखनऊ जिला अधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल के मुताबिक उन्होंने मुलाकात के दौरान कई सरकारी जमीनों पर हुए अवैध कब्जे के संबंध में ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज कुमार, राष्ट्रीय सचिव अभिषेक यादव, प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष लखनऊ अनिल कपूर, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप कुमार, प्रदेश संरक्षक मलखान लोधी और सक्रिय सदस्य चंद्रपाल यादव, अजीत यादव व सचिन लोधी मौजूद रहे।

## अर्णव पाण्डेय को मिली चैंपियनशिप ट्रॉफी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सीएमएस स्कूल के कक्षा 8 के छात्र अर्णव पाण्डेय ने रीजनल लेवल पर ब्रेनोब्रेन अबेकस प्रतियोगिता में चैंपियनशिप हासिल कर ट्रॉफी प्राप्त की, तो वहीं कक्षा 2 की छात्रा प्रिशा वाजपेई ने रजत पदक प्राप्त किया।

## औद्योगिक क्षेत्र में अवैध वसूली के आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यमुनानगर जोन के औद्योगिक थाना क्षेत्र में खुलेआम वसूली की शिकायतें सामने आई हैं। आरोप है कि सिपाही रामआधार गांजा माफियाओं से संरक्षण शुल्क के रूप में वसूली करता है। बताया जा रहा है कि यह पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी विपिन पाल के करीबी कारखास के माध्यम से की जाती है। सूत्रों के अनुसार स्थानीय कारोबारियों और आम नागरिकों के बीच इस वसूली की चर्चा जोरों पर है। लोगों का कहना है कि पुलिस संरक्षण में चल रहे इस नेटवर्क पर अंकुश लगाना जरूरी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों से विभागीय जांच की मांग उठी है।

## जावेद हबीब और बेटे को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब और उनके बेटे अनोश हबीब को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने पिता-पुत्र की गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए आदेश दिया कि चार्जशीट दाखिल होने तक कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। दोनों ने दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि जांच पूर्ण होने तक गिरफ्तारी उचित नहीं है। यह मामला लंबे समय से चर्चा में था। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद पिता-पुत्र को बड़ी राहत मिली है और फिलहाल उन्हें गिरफ्तारी से सुरक्षा प्राप्त रहेगी।

## बिना नंबर प्लेट वाले ट्रकों पर पुलिस की कार्रवाई

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर जोन में पुलिस ने सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बिना नंबर प्लेट वाले ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के तहत दर्जनों ट्रकों को रोका गया और कई वाहनों का चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अवैध परिवहन और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखना है। जिन वाहन मालिकों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले, उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान निरंतर चलेगा और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को सड़कों पर किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिया जाएगा।

## धार्मिक स्थलों से हटाए गए लाउडस्पीकर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर जोन में पुलिस प्रशासन ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के तहत धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने की कार्रवाई की। ह्ललाउडस्पीकर उतारो अभियानङ्क के तहत कई मंदिरों और मस्जिदों से अवैध रूप से लगे उपकरण उतरवाए गए। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देश पर की गई है ताकि सार्वजनिक शांति और आपसी सद्भाव बना रहे। पुलिस ने धार्मिक संस्थानों से नियमों का पालन करने और निर्धारित समय सीमा से बाहर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग न करने की अपील की है। अभियान से क्षेत्र में प्रशासन की सक्रियता को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## पासपोर्ट प्रक्रिया में देरी पर हाईकोर्ट का आदेश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पासपोर्ट प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अदालत ने पुलिस को आदेश दिया है कि चार सप्ताह के भीतर सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही आवेदकों को पासपोर्ट कार्यालय द्वारा जारी नोटिस का जवाब देने और यदि कोई आपराधिक प्रकरण लंबित हो तो संबंधित गए प्राप्त करने को कहा गया है। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिए कि पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाया जाए। कोर्ट के इस आदेश के बाद पासपोर्ट बनवाने वाले आवेदकों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## दुष्कर्म के वांछित आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गंगानगर जोन की सराय इनायत पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो वांछित अपराधियों अंकित कुमार और अनुज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों पर नाबालिग युवती से दुष्कर्म के गंभीर आरोप थे और पुलिस कई दिनों से इनकी तलाश में थी। एसओ सराय इनायत के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेशी की गई है।

## 13 नवम्बर को प्रयागराज में होगा रोजगार मेला

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा 13 नवम्बर 2025 को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला द पाम एकेडमी, करैलाबाग, प्रयागराज परिसर में प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गूंजा संदेश

# कन्यादान सबसे बड़ा दान दहेज लेना-देना पाप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कन्यादान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं होता। यह बात पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने एक सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जिस घर में कन्या का जन्म होता है, वहां समृद्धि और उन्नति स्वाभाविक रूप से आती है। जब पिता अपनी बेटी का हाथ किसी योग्य युवक के हाथ में देता है, तो उसका जीवन सार्थक हो जाता है। बेटी भी अपने संस्कार और शिक्षा से ससुराल को अपना घर मानकर उसे स्वर्ग समान बना देती है।

उन्होंने आगे कहा कि आज के भौतिकतावादी युग में समाज का नजरिया बदल गया है। लोग कन्या के साथ-साथ दान-दहेज की मांग करने लगे हैं, जिससे बेटियों के विवाह में गरीब पिता को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिता अपनी बेटी को शिक्षित और संस्कारी बनाता है, लेकिन जब विवाह की बात आती है तो लालची वर पक्ष धन की मांग करता है, जो समाज के लिए कलंक है। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष हवलदार सिंह ने कहा कि दहेज प्रथा के कारण हजारों कन्याओं की शादी रुक जाती है। समाज को यह समझने की आवश्यकता है कि ह्लदहेज लेना भी पाप है और देना भी पाप है। समाजसेवी कैलाश यादव ने कहा कि संस्कारी बेटियां जिस घर में जाती हैं, वह घर स्वर्ग बन जाता है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों और जातियों के लोगों को दहेज के विरोध में एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए और ऐसे घरों में विवाह नहीं करना चाहिए, जहां दहेज की मांग की जाती हो। क्षत्रिय समाज के महामंत्री सूर्यभान सिंह ने बताया कि समाज अब सामूहिक विवाह पर जोर दे रहा है ताकि कम खर्च में अधिक कन्याओं का विवाह हो सके। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 19 हिंदू और 2 मुस्लिम कन्याओं का विवाह सामूहिक रूप से कराया गया। समाज के लोग मिलकर भोजन, वस्त्र और अन्य व्यवस्थाएं करते हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि विवाह के बाद उन कन्याओं के जीवन में कठिनाई न आए। समाजसेवी शरद यादव ने कहा कि एक-एक बूंद से घड़ा भरता है, समाज के सक्षम व्यक्ति यदि आगे आएं तो कोई भी बेटी अविवाहित नहीं रह सकती। उन्होंने अपील की कि हर व्यक्ति दहेज न लेने और न देने की शपथ ले।

# अपना दल (एस) युवा मंच की मासिक बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विधानसभा मोहनलालगंज की अपना दल एस युवा मंच की मासिक बैठक ग्राम दहिरामऊ में जिला अध्यक्ष राहुल पटेल के आवास पर आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रामकरन रावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव (महिला मंच) शिखा सिंह पटेल मौजूद रहीं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव आर.बी. सिंह पटेल, प्रदेश सचिव (सहकारिता मंच) आर.के. पटेल, जिला अध्यक्ष हरिओम पटेल एवं व्यापार मंच के जिला अध्यक्ष विकास पटेल समेत विभिन्न मंचों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में शिखा पटेल ने संगठन विस्तार और आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों पर जोर दिया।

# मंदिर हड़पने के लिए धोखाधड़ी, अदालती आदेश पर एफआईआर दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी में जालसाजों ने मंदिर को भी नहीं छोड़ा।ऐशबाग के प्रसिद्ध राम जानकी मंदिर को हड़पने के लिए सात लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर डाला और मंदिर का दानपात्र तोड़कर भगवान के नाम आयी चढ़ावे की रकम भी चोरी कर ली।

लखनऊ के ऐशबाग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश यज्ञसेनी वैश्य हलवाई महासभा के अध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता ने भाई ओमप्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर राम जानकी मंदिर का निर्माण कराया था। शिव प्रसाद जी की मृत्यु के बाद से ओमप्रकाश गुप्ता मंदिर के प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहे थे । विगत दिनों शिव प्रसाद गुप्ता की मृत्यु के उपरांत शिव प्रसाद गुप्ता वाली संस्था का नवीनीकरण कराए जाने के बहाने नीरज गुप्ता ने अशिक्षित ओमप्रकाश गुप्ता के हस्ताक्षर का दुरुपयोग करते हुए अपने अन्य सहयोगियों के साथ मंदिर को हड़पने का कुचक्र रच डाला। नीरज गुप्ता व उसके साथी प्रवीण, अमित ने विकासदीप स्थित रजिस्ट्रार सोसयटी के चार सरकारी बाबूओं के साथ मिलकर षडयंत्र कर कूटरचित दस्तावेज बना डाले और मंदिर हड़पने की कोशिश शुरू कर दी। इतना ही नहीं नीरज गुप्ता व उसके साथियों ने राम जानकी मंदिर के दानपात्र को तोड़कर उसमें रखी भगवान के चढ़ावे की रकम चुरा ली। लगातार इन हरकतों की सूचना व शिकायत पुलिस से करने के बाद हाल ही में कोर्ट के आदेश पर नीरज गुप्ता उसके साथी प्रवीण, अमित व रजिस्ट्रार कार्यालय विकासदीप बिल्डिंग के चार कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। मंदिर प्रबंधक ओमप्रकाश गुप्ता ने एफआईआर के आधार पर भगवान के साथ जालसाजी करने वाले व मंदिर हड़पने वाले नीरज गुप्ता व उसके साथियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पुलिस व जिला प्रशासन राम जानकी मंदिर की व स्वंय उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करे।

# बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव पखवाड़ा में योगी करेंगे शिरकत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकनायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेशभर में भव्य आयोजन करने जा रही है। इस मौके पर 1 नवंबर से 15 नवंबर तक ह्लजनजातीय गौरव पखवाड़ाङ्क मनाया जा रहा है । कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन 15 नवंबर को सोनभद्र में होगा, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य समारोह में शामिल होंगे। इस संबंध में सोमवार को राजधानी लखनऊ में जनजाति कल्याण मंत्री जयवीर सिंह और राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री असीम अरुण ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी दी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह आयोजन देश के आदिवासी समाज की गौरवशाली परंपरा, संघर्ष और योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सरकार आदिवासी समुदाय के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर से 15 नवंबर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा के दौरान पूरे प्रदेश में सांस्कृतिक कार्यक्रम, जनजागरण रैलियां, परिचर्चाएं और प्रदर्शनी आयोजित की जा रही हैं। वहीं 13 नवंबर से 18 नवंबर तक राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ह्लजनजाति भागीदारी उत्सवङ्क का आयोजन होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह आयोजन न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश की जनजातीय परंपराओं और विविधता को प्रदर्शित करेगा। इस बार अरुणाचल प्रदेश भी विशेष भागीदार राज्य के रूप में इस आयोजन में हिस्सा लेगा। उन्होंने कहा कि एक भारत - श्रेष्ठ भारत की भावना के अनुरूप यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सामाजिक समरसता को सशक्त करेगा। इस दौरान जनजातीय कला, नृत्य, संगीत, हस्तशिल्प और खाद्य परंपराओं को प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित जनजाति भागीदारी उत्सव में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनजातीय समुदायों के अलावा अन्य राज्यों के कलाकार भी अपनी सांस्कृतिक झलक पेश करेंगे। सरकार का उद्देश्य आदिवासी समाज के गौरव, परंपरा और योगदान को सम्मान देना तथा समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देना है।

# प्रधानमंत्री कार्यक्रम की सफलता पर मंडल रेलकर्मियों को डीआरएम ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) श्री आशीष जैन ने शनिवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के भारतेन्दु सभागार में उन अधिकारियों और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया जिन्होंने बनारस रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा चार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुभारंभ समारोह के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) श्री अजय सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशन) श्री अशोक कुमार वर्मा सहित सभी शाखाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीआरएम श्री जैन ने कहा कि वाराणसी मंडल की टीम ने सीमित समय में उत्कृष्ट प्रबंधन और समर्पण से यह आयोजन सफल बनाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसकी सराहना प्रधानमंत्री, रेल मंत्री और भारतीय रेल के अन्य जोनों ने भी की है। उन्होंने कर्मचारियों की टीम भावना, देर रात तक किए गए परिश्रम और स्वच्छता व गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि टीमवर्क, जुनून और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी समर्पण और उत्साह के साथ कार्य करते रहें ताकि वाराणसी मंडल की उपलब्धियों में और वृद्धि हो सके।

# जनता की समस्याओं के समाधान के लिए ए.के. शर्मा ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने अपने लखनऊ स्थित आवास पर आयोजित जनसुनवाई में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में नगर विकास, ऊर्जा, जल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, विद्युत कनेक्शन व बिलिंग से जुड़ी अनेक शिकायतें दर्ज की गईं। मंत्री श्री शर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि किसी नागरिक को अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकना न पड़े। जनता की आवाज ही हमारी ताकत है, और हर शिकायत सुधार का अवसर है। जनसुनवाई के दौरान औरैया से आए एक शिकायतकर्ता की क्षतिपूर्ति संबंधी समस्या पर मंत्री ने अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण को फोन कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं बदायूं से आए एक बीमार व्यक्ति के परिजनों को मंत्री ने चिकित्सीय सहायता और एम्स में भर्ती कराने का आश्वासन दिया। श्री शर्मा ने कहा कि ऊर्जा और नगर विकास विभाग सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं, इसलिए इनके कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सेवा भाव आवश्यक हैं। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड पर जाकर जनता से संवाद करने और नियमित जनसुनवाई करने के निर्देश भी दिए।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | मेंटेनेंसऑफ एल.एच.बी. एन्ड आई.सी.एफ. कोच स्प्रिंग्स, इन्क्लूडिंग मशीनरी सप्लाई एन्ड ए 3–ईयर सर्विस कॉन्ट्रैक्ट। |
| कार्यस्थल | सवारी डिब्बाकारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| अनुमानित लागत | ₹ 15,67,66,370.00 मात्र |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| बिड सिक्युरिटी | ₹ 9,33,800/- मात्र |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 वर्ष। |
| निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनाँक 02.12.2025 समय 15:00 बजे तक |
| प्रमाण पत्र | फर्म के सभी Members द्वारा Annexure-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A (a) (यदि Partnership/ HUF/ JV/ LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तों सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं.: 2025-ए.एम.वी.-सी एंड डब्ल्यू-ईनिविदा-66 दिनांक: 08.11.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3485/2025

# फरीदीपुर मुख्य मार्ग का शिलान्यास

## वर्षों के संघर्ष को मिला मुकाम, अब विकास की नई राह पर फरीदीपुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज, लखनऊ। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड फरीदीपुर कि जनता के लंबे संघर्ष और अटूट संकल्प का परिणाम आखिरकार सामने आ गया। रविवार को लखनऊ की महापौर आदरणीय सुषमा खर्कवाल जी ने फरीदीपुर मुख्य मार्ग निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह कार्य महापौर सुषमा खर्कवाल जी की विकास निधि से करवाया जा रहा है।

इस परियोजना के लिए करीब ?2 करोड़ 39 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। वर्षों से उपेक्षित इस मार्ग के निर्माण की घोषणा ने स्थानीय जनता में उत्साह का संचार कर दिया है। यह उपलब्धि केवल एक सड़क निर्माण नहीं, बल्कि फरीदीपुर क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इस परियोजना को साकार करने में देश के रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, तथा राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिम विधानसभा के लोकप्रिय नेता श्री अंजनी श्रीवास्तव जी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके अथक प्रयासों और वार्ड पार्षद उपविजेता प्रमोद प्रजापति जी के निरंतर संघर्ष से यह कार्य संभव हो सका। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से यू.एन. पांडेय, सत्येंद्र सिंह (पश्चिम विधानसभा संयोजक), डॉ. मनमोहन रावत, बीजेपी वरिष्ठ कार्यकर्ता बीनू शुक्ला, रंजीत गुप्ता, पार्षद धर्मेंद्र सिंह, पार्षद राजीव त्रिपाठी, भरत द्विवेदी, उदय चौरसिया, मनोज चौरसिया, पार्षद संतोष राय, नीरज सक्सेना, मयंक त्रिपाठी, विकास श्रीवास्तव, और सौरभ दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने इस ऐतिहासिक क्षण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क फरीदीपुर के विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। अब हमारे क्षेत्र की पहचान और सुविधाएँ दोनों बदलेंगी। हालाँकि, सूत्रों के अनुसार, इस परियोजना को लेकर क्षेत्रीय विधायक और क्षेत्रीय पार्षद का विरोध भी सामने आया है। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि इस विरोध का असर आने वाले नगर निगम और विधानसभा चुनावों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ, भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश, एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। फरीदीपुर मुख्य मार्ग का यह शिलान्यास न केवल विकास का प्रतीक है, बल्कि यह दर्शाता है कि जनता की एकजुट आवाज़ और संघर्ष अंततः बदलाव की राह खोल ही देता है।

# चला यातायात जागरूकता अभियान बच्चों ने सीखे ट्रैफिक नियम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ठाकुरगंज स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में सोमवार को नवंबर माह का यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में चौक सर्किल के टीआई जमानत अब्बास, काकोरी सर्किल के टीआई दिवेश शाही, कैंट टीआई राहुल कुमार, तथा ट्रैफिक पार्क प्रभारी सुमित मिश्रा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम समझाए और यातायात के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी। टीआई दिवेश शाही ने बच्चों से कहा कि वे स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अपने घर के बड़ों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है। वहीं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि वाहन निर्धारित स्थान पर ही खड़ा करें और किसी भी स्थिति में लालच या जल्दबाज़ी में नियमों का उल्लंघन न करें। स्कूल के प्रधानाचार्य परवेज अहमद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समाज के लिए बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि समय-समय पर स्कूल में इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाती रहती हैं, ताकि बच्चों में जिम्मेदारी और सुरक्षा के प्रति भावना विकसित हो सके। उन्होंने मुस्कराते हुए कहा कि ्अब तो मुझे भी सीट बेल्ट लगाने की प्रेरणा बच्चों से मिली है। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे तथा सभी ने मिलकर सुरक्षित चलें, सुरक्षित रहें का संकल्प लिया।




## केसरी खेड़ा वार्ड क्षेत्र के ओशोनगर में मच्छरों का आतंक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के केसरी खेड़ा वार्ड के ओशोनगर इलाक़े में मच्छरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, क्षेत्र में पिछले कई सप्ताहों से ना तो फॉगिंग की जा रही है और ना ही डेंगू–मलेरिया की रोकथाम हेतु दवा का छिड़काव किया गया है।मच्छरों के प्रकोप से हर घर में कोई न कोई व्यक्ति बुखार, डेंगू या मलेरिया जैसी बीमारियों से पीड़ित है। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर निगम अधिकारियों को शिकायतें कीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।स्थानीय निवासियों ने बताया कि शाम होते ही मच्छरों का ऐसा आतंक फैल जाता है कि घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। लोगों ने नगर निगम प्रशासन से तत्काल फॉगिंग और कीटनाशक दवा के छिड़काव की मांग की है।जनता का कहना है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई, तो वे नगर निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा, जब पूरा मोहल्ला बीमार पड़ जाएगा? जनहित में जिम्मेदार अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की अपील की गई है।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ में यातायात माह के तहत पुलिस विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई तेज कर दी है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 2487 वाहनों के चालान किए।सबसे अधिक कार्रवाई बिना हेल्मेट चलने वाले दोपहिया चालकों पर की गई, जिनकी संख्या 1275 रही। इसके अलावा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने पर 235 चालान, दोषपूर्ण नंबर प्लेट वाले 75 वाहनों पर कार्रवाई, तथा तीन सवारी बैठाने वाले 187 चालकों पर जुर्माना लगाया गया।इसके साथ ही बिना बीमा के वाहन चलाने पर 27 चालान और रॉन्ग साइड ड्राइविंग करने वालों के 44 चालान भी काटे गए।यातायात पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में यह अभियान और सख्ती के साथ जारी रहेगा।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

## जेल में बंद ठग ने पुलिसकर्मी के फोन से हाईकोर्ट जज को दी धमकी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। लखनऊ जेल में बंद एक बंदी ने पुलिसकर्मी के मोबाइल फोन से इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज को जान से मारने की धमकी दे दी। इस घटना के बाद जेल प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार आरोपी बंदी की पहचान अनुभव मित्तल के रूप में हुई है, जो एक समय ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कीम चलाकर करीब 3,700 करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में जेल में बंद है। बताया जा रहा है कि अनुभव मित्तल ने एक फर्जी नाम से ईमेल भेजकर जज को धमकी दी, जिसमें कहा गया कि लखनऊ पीठ के एक न्यायाधीश की हत्या कर दी जाएगी। जांच में यह खुलासा हुआ कि यह धमकी भरा ईमेल पुलिसकर्मी अजय कुमार के मोबाइल फोन से भेजा गया, जो उस समय अदालत की पेशी के दौरान आरोपी के साथ मौजूद था। इस घटना से यह भी उजागर हुआ है कि जेल में सुरक्षा व्यवस्था और मोबाइल फोन की निगरानी में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है।साइबर प्रकोष्ठ और अपराध शाखा की संयुक्त जांच में साक्ष्य जुटाए जाने के बाद अनुभव मित्तल और आरक्षी अजय कुमार दोनों के खिलाफ आपराधिक धमकी देने और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, यह मामला 4 नवंबर की सुनवाई के दौरान सामने आया, जब अजय कुमार आरोपी अनुभव मित्तल को अदालत में पेशी पर ले गया था। पुलिस ने घटना के बाद दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।जेल प्रशासन ने भी पूरे मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी को मोबाइल फोन तक पहुंच कैसे मिली।

## आम के पेड़ से लटककर महिला ने दी जान

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में सोमवार को एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर इलाके के अन्दपुर गांव निवासी ज्ञानमती उम्र करीब 65 वर्ष घर से बाहर गईं थीं, बड़ी देर तक जब वह वापस नहीं लौटीं, तो उनके बेटे रामबाबू ने उन्हें खोजना शुरू किया। खोजते हुए रामबाबू गांव से कुछ दूरी पर पहुंचे और उन्होंने अपनी मां का शव एक आम के पेड़ से धोती के सहारे लटकता देखा। यह देखकर रामबाबू के होश उड़ गए। रामबाबू के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए और सभी ने मिलकर वृद्ध महिला को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ है। उनके पति की मौत पहले ही हो चुकी है।

## किराना दुकान में लगी आग लाखों का सामान हुआ जलकर राख

**बंथरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कस्बे में रविवार देर रात एक किराना की दुकान में आग लग गई। सूचना मिलने पर कई गाड़ियों के साथ फ़ौरन मौके पर पहुंच कर दमकल कर्मियों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो चुका था। जानकारी के मुताबिक बंथरा कस्बे में कानपुर रोड किनारे पुरुषोत्तम गुप्ता की 'मंगलम ट्रेडर्स' नाम से किराना की थोक दुकान है। तथा परिवार दुकान के ऊपरी हिस्से में रहता है। रविवार शाम भी दुकान बंद कर देने के बाद पुरुषोत्तम हमेशा की तरह घर चले गए। आधी रात को दुकान से धुंआ उठने लगा। जानकारी पाकर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की करीब 10 गाड़ियों ने 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं दुकान के ऊपर हिस्से से परिवार को भी सकुशल निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। वहीं पीड़ित व्यापारी के अनुसार उसने कई कंपनियों की एजेंसी ले रखी थी जिसमें करीब 80 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया है।

## उत्तर प्रदेश बाक्सिंग एसोसियेशन के अध्यक्ष बने विशाल गुप्ता

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अयोध्या में चल रही राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता के दौरान रविवार को उत्तर प्रदेश बाक्सिंग संघ विशेष आम सभा की बैठक (स्पेशल जनरल बॉडी मीटिंग) सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से अयोध्या के विशाल गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। विशाल गुप्ता एम.आर. जयपुरिया स्कूल, अयोध्या के निदेशक और विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र हैं। अभी तक वे संघ में प्रदेश उपाध्यक्ष दायित्व निर्वहन कर रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि ्उत्तर प्रदेश में बॉक्सिंग की अपार संभावनाएं हैं। अब नए नेतृत्व से खेल को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। संघ युवाओं को प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और आधुनिक संसाधनों से जोड़ने का काम तेज करेगा।

# छात्र–छात्राएं मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग न करें : एसीपी विकास पाण्डेय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम,लखनऊ। महिलाओं की सुरक्षा, यातायात नियमों की जानकारी और बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव को लेकर चल रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत एसीपी मोहनलालगंज विकास पांडेय ने सोमवार को नगराम क्षेत्र के लक्ष्मणपुर स्थित सीपीएल पब्लिक इंटर कॉलेज में छात्रऽछात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान एसीपी ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य समाज में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण देना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग न करने पर जोर दिया । यातायात नियमों पर बात करते हुए एसीपी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य है। उन्होंने छात्रों को यातायात संकेतों की जानकारी दी और बिना लाइसेंस वाहन न चलाने की हिदायत दी।साथ ही, थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों को लेकर सतर्क रहने को कहा। उन्होंने बताया कि किसी भी अनजान लिंक, कॉल या बैंक संबंधी जानकारी साझा करने से बचें और साइबर ठगी की शिकायत तुरंत 1930 हेल्पलाइन या दभथ्द्गन्दन्द्बद्वद्ग.द्दधफ.द्ब्र पर करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार ने पुलिस विभाग द्वारा चलाई जा रही इस जन जागरूकता पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सुरक्षा और जागरूकता की भावना को मजबूत करते हैं। सफल कार्यक्रम का संचालन कक्षा 12 व 10 की छात्रा सृष्टि वर्मा ने किया।इस दौरान मिशन शक्ति प्रभारी हिमांशु पांडेय, चौकी प्रभारी प्रदीप पाल,अल्पा देवी , शिक्षक टी.आर.वर्मा , अनूप पांडेय, नीतू सिंह समेत समस्त शिक्षक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# बच्चों ने लिया सुरक्षित भारत का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ठाकुरगंज भूहर लालबाग रोड स्थित ग्रीनवे पब्लिक स्कूल में सोमवार को नवंबर माह में यातायात जागरूकता अभियान बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम ट्रैफिक डीसीपी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई और उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में काकोरी सर्किल टीआई दिवेश शाही, कैंट सर्किल टीआई राहुल कुमार, तथा ट्रैफिक पार्क प्रभारी सुमित मिश्रा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बच्चों को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम सिखाए और कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। टीआई दिवेश शाही ने बच्चों से कहा कि वे अपने घर के बड़ों को भी ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य है और चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वाहन हमेशा निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़ा करें और जल्दबाज़ी या लापरवाही से बचें। प्रधानाचार्य सोनिया द्विवेदी ने कहा कि यातायात नियमों का ज्ञान हर छात्र को होना चाहिए, ताकि वे स्वयं सुरक्षित रहें ।

# जनजाति भागीदारी उत्सव में शामिल होंगे 18 राज्यों के 600 जनजाति कलाकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जनजाति गौरव दिवस पर 13 से 18 नवम्बर तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव के दौरान 18 राज्यों से लगभग 600 जनजाति कलाकार अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। इसी क्रम में 15 नवंबर को सोनभद्र में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी वर्चुअल तौर पर जुड़ेंगे।

सोमवार को लोकभवन में प्रेस कांफ्रेन्स के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह एवं समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने लोकनायक बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस के अंतर्गत आयेाजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। जयवीर सिंह ने कहा कि भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में हमारी जनजाति समुदाय का अतुलनीय योगदान है। बिरसा मुण्डा को जनजाति समुदाय भगवान की तरह सम्मान देता है। इसलिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 लोकनायक बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यह उत्सव ्एक भारत, श्रेष्ठ भारत् की भावना को जनजातीय संस्कृति के माध्यम से सशक्त बनाने का एक सशक्त प्रयास है। इस आयोजन में प्रदेश और देश के विभिन्न अंचलों की जनजातियों की भाषाई, सांस्कृतिक, पारंपरिक और सामाजिक विविधताओं का संगम देखने को मिलेगा। जनजातीय भाषाओं की मधुरता, लोकगीतों की आत्मीयता, और पारंपरिक वेशभूषा की रंगीनता इस उत्सव को अनूठी पहचान प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की सामासिक संस्कृति का जीवंत प्रतीक होगा, जहाँ विभिन्न जनजातियों के रहन-सहन, परंपरागत शिल्प, लोककला, लोकसंगीत, और खानपान की विशिष्टता एक मंच पर प्रदर्शित की जाएगी। जनजातीय समाज की वन संस्कृति, प्रकृति के प्रति आस्था, सामाजिक सहयोग की परंपरा और आत्मनिर्भर जीवनशैली इस आयोजन की आत्मा होगी।

# ईडब्ल्यूएस कोटा बढ़ाने व सरलीकरण की उठी मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**महिपाल सिंह मकराना बोले ई डब्लू एस को 10% से बढ़ाकर 15% किया जाए राजपूत मजबूत तो राष्ट्र मजबूत**

मोहनलालगंज। लखनऊ,राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र स्थित डायमंड रिसोर्ट में सोमवार को श्री राजपूत करणी सेना का भव्य राष्ट्रीय पदाधिकारी अधिवेशन सम्पन्न हुआ। पूरे रिजॉर्ट परिसर में सवेरे से ही देश के कोनेऽकोने से आए करणी सेना के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों व समाज के लोगों का विशाल जमावड़ा दिखाई दिया। राष्ट्रीय अधिवेशन में हजारों की संख्या श्री राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे, कार्यक्रम स्थल पर केसरिया पगड़ी बांधे करनी सेना के कार्यकर्ताओं का उत्साह साफ झलक रहा था।इस राष्ट्रीय आयोजन की कमान प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह 'दीपू' ने संभाली। मुख्य अतिथि, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ई डब्लू एस का आरक्षण 10% से बढ़ाकर 15% तक करने पर गंभीरता से पहल करनी चाहिए।उन्होंने कहा इतिहास उठा कर देख लीजिये देश पर जबऽजब संकट आया उसके पीछे राजपूत समाज का कमजोर होना एक कारण रहा। राजपूत मजबूत होंगे तो देश और भी दमदार होगा।उनके इस बयान पर मौजूद पदाधिकारियों व समाजजनों ने जोरदार तालियों से समर्थन जताया।इस राष्ट्रीय मंच पर राष्ट्रीय कार्यसमिति अध्यक्ष करण प्रताप सिंह, राष्ट्रीय प्रभारी प्रहलाद सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रभारी विजेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय महासचिव नारायण सिंह व सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।इस अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष गुजरात वीरभद्र सिंह, झारखंड अध्यक्ष संजीव सिंह, हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष बलविंदर सिंह, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सोहन सिंह, गोवा प्रदेश अध्यक्ष गोलू सिंह, जम्मू कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह, तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर रणवीर सिंह, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर श्याम सिंह समेत 24 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों के जिला अध्यक्ष अपनेऽअपने सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारियों संग उपस्थिति दर्ज कराई। अधिवेशन में संगठन की मजबूती, रणनीति, सामाजिक सरोकार और आगामी कार्यक्रमों पर विचार विमर्श कर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।राष्ट्रीय पदाधिकारी अधिवेशन 2025 उत्तर प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से सम्पन्न घोषित किया गया।कार्यक्रम में लखनऊ जिला अध्यक्ष अमर सिंह, पुष्पराज सिंह, नवनीत सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, रघुनाथ सिंह, के साथ शामिल

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों के कार्यकाल में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा : मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। सोमवार को एस.आर.ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन प्रांगण,बख्शी का तालाब,लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विधानसभा पद यात्रा जनसभा को उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने संबोधित किया।इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और कठोर निर्णय लेने के लिये कहा जाता है।उन्होंने देश की 564 रियासतों को एकजुट कर एक राष्ट्र बनाने का कार्य किया।कांग्रेस ने उन्हें प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया नहीं तो देश की सूरत बहुत पहले ही कुछ और होती।वोट चोरी की कांग्रेस की पुरानी परिपाटी है।वोट चोरी से जवाहरलाल प्रधान मंत्री बने।रायबरेली में इंदिरा गांधी वोट चोरी से चुनाव जीती थी।न्यायालय ने जब चुनाव रद्द कर दिया तो इमरजेंसी लगा दी।खुद राजीव गांधी ने कांग्रेस के भ्रष्टाचार का खुलासा सदन में किया था,उन्होंने कहा था केन्द्र से जो एक रुपया भेजा जाता है नीचे तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचता है।कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीतिक से भ्रष्टाचार पैदा हुआ। कंाग्रेस ने देश को लूटने का काम किया?।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म जयंती वर्ष को एकता दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों के कार्यकाल में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।कार्यक्रम में सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गान भी हुआ।वही इस अवसर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान,प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी,विधायक श्री योगेश शुक्ला,उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव,जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी विवेक सिंह,अनुसूचित मोर्चा ज़िला अध्यक्ष कामता प्रसाद रावत,पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिव दर्शन यादव, किसान मोर्चा ज़िला अध्यक्ष अतुल मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पंचायत एडवॉसमेंट इंडेक्स बनेगा ग्रामीण प्रगति का दर्पण : राजभर

लखनऊ। पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आज पंचायतीराज निदेशालय, लोहिया भवन, अलीगंज, लखनऊ में पंचायत एडवॉसमेंट इंडेक्स संस्करण 01 व 02 के प्रसार और संशोधित सूचकों पर ग्राम पंचायतों की प्रगति पर विचार-विमर्श हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यशाला में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया।

जिसमें लखनऊ के विकासखंड बक्शी का तालाब की धनौरी, बीबीपुर एवं सरौरा ग्राम पंचायतों के साथ-साथ जनपद मुरादाबाद की मिलक अमावती तथा बरेली की भरतौल ग्राम पंचायत को उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि पंचायत एडवॉसमेंट इंडेक्स हमारे ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली और विकास क्षमता का दर्पण है।

# जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानपुर का किया औचक निरीक्षण

**विद्यालय में सुरक्षा, स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश**

**डीएम ने भोजन, कम्प्यूटर प्रशिक्षण व शिक्षण कार्य की जांच कर दी अहम हिदायते**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मानपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आवासीय व्यवस्था, शिक्षण कार्य, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सुरक्षा के दृष्टिगत विद्यालय परिसर में प्रवेश एवं निकास पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे संचालित अवस्था में रहें, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी द्वारा कस्तूरबा गांधी विद्यालय में संचालित कक्षाओं का अवलोकन किया गया तथा छात्राओं से वार्ता करते हुये छात्राओं से कम्प्यूटर संचालन आदि की जानकारी ली तथा छात्राओं से कम्प्यूटर पर टाइपिंग भी करायी। कम्प्यूटर पर छात्राओं का बेहतर प्रदर्शन देखकर जिलाधिकारी ने प्रशंसा भी की। जिलाधिकारी ने सभी को पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने तथा इसी तरह मेहनत कर आगे बढ़नें हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य कराये जायें तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये विभिन्न शिक्षाप्रद गतिविधियों एवं टी0एल0एम0 के माध्यम से भी शिक्षण कार्य कराया जाये। जिलाधिकारी ने उपस्थित पंजिका का भी गहनतापूर्वक अवलोकन किया तथा छात्राओं, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गत निरीक्षणों की निरीक्षण पंजिका की भी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानकों के अनुरूप निर्धारित समयान्तराल पर निरीक्षण सुनिश्चित किये जायें तथा निरीक्षण में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। नियमित रूप से चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाये। जिलाधिकारी ने किचेन में जाकर भोजन की गुणवत्ता की जांच भी की। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्धारित मेन्यू के अनुसार मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया जाये। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चांदनी, इमरान और उमेश ने जीता स्वर्ण पदक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। युवा कार्यक्रम विभाग, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन मेरा युवा भारत, जनपद सीतापुर द्वारा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन सोमवार को मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम और तरणताल स्टेडियम में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर विकास मंत्री राकेश राठौर 'गुरु' ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।प्रतियोगिता की शुरूआत बालकों की 400 मीटर रेस के साथ हुई जिसमें इमरान, ब्लॉक सिधौली प्रथम, रिंकू, ब्लॉक खैराबाद द्वितीय और राम बाबू पाण्डेय, ब्लॉक खैराबाद तृतीय स्थान पर रहे।बैडमिंटन बालिका वर्ग में चांदनी, ब्लॉक खैराबाद प्रथम, राशि, ब्लॉक खैराबाद द्वितीय और वर्षा, ब्लॉक खैराबाद तृतीय स्थान पर रही।बालिकाओं की 100 मीटर रेस में गौरी, ब्लॉक खैराबाद प्रथम, कामिनी राजपूत, ब्लॉक खैराबाद द्वितीय और महविश, ब्लॉक महमूदाबाद तृतीय स्थान पर रही।कबड्डी बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला सीतापुर स्टेडियम, ब्लॉक खैराबाद और ब्लॉक मिश्रिख के बीच खेला गया जिसमें सीतापुर स्टेडियम स्कोर 15 0 के साथ 15 अंकों से विजयी रहा।कबड्डी बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला केंद्रीय विद्यालय, सीतापुर ब्लॉक खैराबाद और ब्लॉक मछरेहटा के बीच खेला गया जिसमें केंद्रीय विद्यालय स्कोर 21 05 के साथ 16 अंकों से विजयी रहा।लंबी कूद बालक वर्ग में उमेश प्रथम, आदर्श, द्वितीय और शिवम तृतीय स्थान पर रहे।प्रतियोगिता का संचालन राज शर्मा के द्वारा किया गया। निर्णायकों के रूप में प्रमोद दीक्षित, धीरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोष कन्नौजिया, प्रदीप तिवारी, जुल्फिकार अली, रवि प्रकाश सिंह, अंकिता सिंह, लौंगश्री, दीप कुमार वर्मा डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।पुरस्कार वितरण जिला विकास अधिकारी, संतोष नारायण गुप्त के द्वारा विजेताओं को मेडल व शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर प्रतियोगिता समन्वयक, जिला युवा अधिकारी, संकल्प शुक्ला, पारुल, अमरेंद्र सिंह चौहान, योगेश आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधिक सेवा दिवस पर लॉ कॉलेज में निकाली गई जागरूकता रैली, हुई संगोष्ठी

**संगोष्ठी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र मौजूद रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक जागरूकता रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

रैली में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा, कुलानुशासक डॉ. अमित यादव, विधिक सहायता केंद्र के सह-संयोजक प्रदीप कुमार सिंह, प्राध्यापक डॉ. मृदुल शुक्ला, अरविंद कुमार सहित कई शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने आमजन को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं, टोल-फ्री नंबर 15100 तथा राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। रैली के बाद महाविद्यालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर एवं संगोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र मौजूद रहे।? कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव प्रो. अवनीश मिश्र ने की। मंच पर डॉ. विजय सिंह, दिनेश मिश्रा, विवेक शर्मा और प्राचार्य डॉ. जय शंकर ओझा उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ओम प्रकाश मिश्र ने विधिक सेवा प्राधिकरण की संरचना एवं अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि निर्धन, असहाय और जरूरतमंद लोगों को समय से विधिक सहायता प्रदान करना हमारा परम धर्म है। उन्होंने अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन और लोक अदालतों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आगामी 13 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। स्थायी लोक अदालत बिजली, पानी, अस्पताल जैसी जनहित सेवाओं से जुड़े विवादों को आपसी सुलह के माध्यम से सुलझाने का माध्यम है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 13, 17, 25 व 29 नम्बर को : डीएम

रायबरेली । जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिषाशी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एवं समस्त नगर पंचायत सहित संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन को सुचारू रूप से सम्पादित करने एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया है कि माह नवम्बर 2025 में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 13 नवम्बर को मिनी स्टेडियम सलोन, रायबरेली में, 17 नवम्बर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायबरेली में, 25 नवम्बर को पूरे झाम सिंह, जगतपुर, रायबरेली एवं 29 नवम्बर को गन्ना कांटा मैदान, सतांव, रायबरेली में सम्पन्न होना है। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी को निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का सफल आयोजन करना सुनिश्चित करें।

# सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन का लक्ष्य बनाएं : वित्त मंत्री

**सरदार पटेल की जयंती पर हुआ भव्य यूनिटी मार्च**

**देशभक्ति गीतों और नारों से गूंजा शहर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को शाहजहांपुर में यूनिटी मार्च का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। उनके साथ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, सामाजिक संस्थाओं सहित हजारों लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ ली और विविधता में एकता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। यूनिटी मार्च अनुशासन और जोश के साथ निर्धारित मार्ग पर निकला। यात्रा में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड्स, स्वयंसेवी संगठन, महिला समूह और सामाजिक संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। लोगों ने तिरंगे झंडे और एकता संदेश वाले बैनर थामे भारत की एकता का संदेश दिया। रास्ते भर नागरिकों, व्यापारियों और दुकानदारों ने यात्रियों का स्वागत कर कार्यक्रम के प्रति समर्थन जताया।वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि? सरदार पटेल ने जिस अदम्य साहस और दूरदृष्टि से देश की 562 रियासतों को एक किया, वह हमारे इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित, अनुशासन और सामाजिक एकता को जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए। उन्होंने जनपदवासियों से आपसी सौहार्द और समरसता को जनपद की पहचान बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, पेयजल और स्वच्छता की व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। पूरे जनपद में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और भाईचारे का संदेश गूंज उठा। यूनिटी मार्च ने यह संदेश दिया कि भारत की असली शक्ति उसकी विविधता और एकता में निहित है। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर,? महापौर अर्चना वर्मा, एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता सहित तमाम जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दी सुशासन की सीख

**प्रशिक्षु अफसरों को सिखाई प्रशासन की बारीकियाँ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार का दिन सीख और प्रेरणा से भरा रहा, जब लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी (भारत सरकार) से आए प्रशिक्षु अधिकारियों के दल ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मुलाकात की।

यह दल फाउंडेशन कोर्स के तहत 16 नवंबर तक लखीमपुर खीरी में फील्ड स्टडी और रिसर्च प्रोग्राम पर रहेगा।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ प्रेरक संवाद करते हुए कहा कि एक अच्छा प्रशासक वही होता है जो जनता की नब्ज़ समझे और अपनेपन से समाधान दे। उन्होंने शासन-प्रशासन में संवेदनशीलता, जनसंपर्क और टीमवर्क को सुशासन की सबसे बड़ी ताकत बताया। डीएम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशासन की असली परीक्षा फील्ड पर, जनता के बीच होती है। उन्होंने जनसुनवाई, सीमांत विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा सुधार और अभिनव पहल ब्लमिशन मैदानङ्क जैसे अभियानों पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधन में समन्वय की भूमिका पर अपने अनुभव साझा किए, जबकि मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने ग्रामीण विकास योजनाओं और सामाजिक नवाचारों के क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम मोहम्मदी/जॉइंट मजिस्ट्रेट चलुवराजू आर और प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे भी मौजूद रहीं।फील्ड स्टडी दल जिले के विभिन्न विकासखंडों, ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों का भ्रमण कर शासन की जमीनी व्यवस्था, सामाजिक पहल और नवाचारों का अध्ययन करेगा। प्रशिक्षु अधिकारियों ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की कार्यशैली और संवाद शैली की सराहना करते हुए कहा कि यह फील्ड विज़िट किताबों से परे, असली प्रशासन सीखने का अवसर प्रदान कर रही है।फील्ड स्टडी दल में आईपीएस दीपक चौधरी, आईपीएस सागर, आईएफएस अभिशील जायसवाल, आईआरएमएस लिंगुडु जोशी बाबू, आईआरएमएस गौरव सिंह, आईआरएमएस राजन छत्रौला, आईआरएमएस प्रवीन कुमार, आईएफएस दीपक कुमार मीणा, आईएफएस आदर्श सीएस, आईएफएस श्रीरंग काओरे, आईआरएस (सी एंड आईटी) दिव्यांशु शांडिल्य और आरबीपीएस अधिकारी सोनम शेरिंग शामिल हैं।

# कुलदीप जयसवाल बने खैराबाद तैलिक समाज कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर। खैराबाद नगर की तैलीक समाज कल्याण समिति का निर्वाचन संपन्न हुआ जिसमें कुलदीप जयसवाल को नगर अध्यक्ष की बागडोर सौंपी गई। निर्वाचन की प्रक्रिया संरक्षक मंडल एवं नगर कार्यकारिणी ने विधिवत सम्पन्न कराई।

तैलिक वर्ग के प्रति अब तक कुलदीप जयसवाल द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा के उपरान्त उन्हें सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष बनने पर कुलदीप जयसवाल ने कहा कि तैलिक वर्ग के प्रत्येक व्यक्ति के सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाएगा और संगठन को बढ़ाने और मजबूत करने का कार्य किया जायेगा इस अवसर पर संरक्षक मंडल जगदीश जयसवाल,सिया राम जयसवाल, राधेश्याम गुप्ता,सुरती जयसवाल, निवर्तमान अध्यक्ष संतोष जायसवाल,उमेश जायसवाल सभासद, उमेश जायसवाल (पूर्व सभासद ), मुकेश जयसवाल विनय जायसवाल,रवि जायसवाल, विजय जायसवाल, ब्रजेश जायसवाल, रामकिशोर जायसवाल, अंकित,संजय, जगदीश,गुड्डू ,प्रमोद, मनोज, राजेश, अयोध्या प्रसाद, निर्दोष, दिलीप,सहित तैलीक वर्ग के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कुलदीप जयसवाल के अध्यक्ष बनने पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता'' बबलू'', केसरिया हिंदू वाहिनी संस्थापक अतुल मिश्रा, खैराबाद बाथम वैश्य सभा अध्यक्ष वीरू गुप्ता,संदीप गुप्ता,संदीप मिश्रा,नवनीत दीक्षित, विमल गुप्ता,अर्पित सिंह,निलय मिश्र,आशुतोष शुक्ला,अवधेश जायसवाल सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

## पांच दिन पहले बनी थी मां, अस्पताल जाते समय रास्ते में हुई मौत पति पर दहेज हत्या का आरोप

धौरहरा (खीरी)। धौरहरा कस्बे में एक पांच दिन पहले प्रसव कर चुकी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके पक्ष ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पति को हिरासत में लिया है।मिली जानकारी के अनुसार, कस्बे के अंबेडकर नगर मोहल्ले निवासी नीलम (25) पत्नी रंजीत की पांच दिन पहले घर पर सामान्य प्रसव हुआ था और उसने एक पुत्री को जन्म दिया था। प्रसव के बाद से ही नीलम की तबीयत खराब रहने लगी। बताया जाता है कि खून की कमी और लगातार ब्लीडिंग होने के बावजूद परिजनों ने देर से चिकित्सक का सहारा लिया।गंभीर हालत में पहले उसे धौरहरा के निजी एमएल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. रवि श्रीवास्तव ने नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया। वहां से डॉक्टरों ने तत्काल लखनऊ भेजने की सलाह दी, लेकिन रास्ते में ही नीलम की मौत हो गई।मृतका के पिता मनीराम ने आरोप लगाया कि दामाद रंजीत और उसके परिवारवाले दहेज में रकम और मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर पति को हिरासत में ले लिया और शव का पोस्टमार्टम कराया।स्थानीय लोगों के अनुसार, लगभग पंद्रह माह पहले नीलम का विवाह अपनी बड़ी बहन के देवर रंजीत से परिजनों की रजामंदी से हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धौरहरा के बिक्रम नाग बने अंतरराष्ट्रीय पैरा क्रिकेट टीम के उपकप्तान

लखीमपुर खीरी। धौरहरा के बिक्रम नाग बने अंतरराष्ट्रीय पैरा क्रिकेट टीम के उपकप्तानश्रीलंका में होने वाली टी-20 श्रृंखला में दिखाएंगे दमखम, क्षेत्र में खुशी की लहर। धौरहरा खीरी । जनपद के धौरहरा कस्बे के सर्वोदय नगर निवासी युवा पैरा क्रिकेटर बिक्रम नाग ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें श्रीलंका में होने वाली तीन मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज के लिए भारतीय पैरा टीम का उपकप्तान घोषित किया है।13 से 17 नवंबर तक स्काई ग्राउंड पर होने वाली इस श्रृंखला के लिए भारतीय पैरा टीम 12 नवंबर को चेन्नई हवाई अड्डे से श्रीलंका के लिए रवाना होगी। बिक्रम इससे पहले 2016 से उत्तर प्रदेश पैरा टीम की कप्तानी कर चुके हैं और 2018-19 में बांग्लादेश में हुए मैच में अंतरराष्ट्रीय पैरा टीम के उपकप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन दिया था।बिक्रम के चयन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। परिजन, मित्र और नगरवासी उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और गर्व महसूस कर रहे हैं।

## गन्ने के खेत फंदे से लटका मिला बुजुर्ग का शव

धौरहरा खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के कस्बा खमरिया पंडित निवासी दिवाकर त्रिवेदी के गन्ने के खेत में सोमवार की सुबह शहतूत के पेड़ से लटका हुआ एक बुजुर्ग का शव देखा गया। शव लटके होने की सूचना फैलते ही हड़कंप मच गया। दिवाकर त्रिवेदी द्वारा शव मिलने की सूचना तत्काल खमरिया पुलिस को दी गई । सूचना पर पहुंची खमरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया । पुलिस के मुताबिक शव की शिनाख्त जेठरा निवासी 70 वर्षीय गोगे पुत्र बेचेलाल के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओपी राय ने बताया विगत 20 दिन पूर्व मृतक के पुत्र अंकित द्वारा थाने पर सूचना देते हुए गुमशुदगी की दर्ज कराई गई थी। बेटे के मुताबिक वह घर से नाराज होकर कहीं चले गए थे। और काफी खोजबीन के बाद कहीं पता नहीं चल सका था। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## बाल दिवस कार्यक्रम तरंग के तहत हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

शाहजहांपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देश पर बाल दिवस कार्यक्रम तरंग के तहत राजकीय बाल गृह बालक और राजकीय संप्रेषण गृह किशोर पिपरौला में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें मेरा घर- मेरी कहानी- मेरे सपने थीम पर चित्रकला, प्रकृति का संदेश- बाल अधिकार थीम पर रंगोली और मेरा भारत- मेरा गर्व, शिक्षा से होंगे पूरे सपने- मेरा जीवन थीम पर प्रतियोगिताएं हुई। इस दौरान पिपरौला संप्रेषण गृह अधीक्षक सुधीर सक्सेना, राजकीय बाल गृह प्रभारी अधीक्षक राम विनय यादव, राजकीय बाल गृह के क्राफ्ट प्रशिक्षक शोभा, सहायक अधिकारी प्रदीप कुमार और संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह मौजूद रहे।

# खमरिया में हुई हत्या का खुलासा : पति पत्नी गिरफ्तार, वारदात में प्रयुक्त गन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खमरिया खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र में 8 नवंबर 2025 को घटित हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या में शामिल पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना ग्राम पंचायत खमरिया कस्बे की है, जहां योगेश अवस्थी पुत्र प्रदीप अवस्थी निवासी खमरिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की।पुलिस अधीक्षक खीरी एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक ओ.पी. राय के नेतृत्व में थाना खमरिया पुलिस ने दिनांक 10 नवंबर 2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 617/2025 धारा 3(5)/352/103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 व 27/30 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सत्य प्रकाश अवस्थी पुत्र स्व. श्याम मोहन अवस्थी तथा सीमा अवस्थी पत्नी सत्य प्रकाश अवस्थी, निवासी ग्राम खमरिया पंडित, थाना खमरिया, जनपद खीरी के रूप में हुई है।पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक लाइसेंसी डबल बैरल गन (कढउख) बरामद की है, जिसमें दो जिंदा और दो खोखे कारतूस (12 बोर) शामिल हैं। पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।बरामदगी और गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अरुण कुमार, कांस्टेबल अरविन्द गौतम, कांस्टेबल विशेष यादव तथा महिला कांस्टेबल प्रिया यादव शामिल रहे।

# भाजपा नेता पर हमला, रामेश्वरपुरम में गूंजीं गोलियां, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**हमलावरों ने गाड़ी में तोड़फोड़ की और हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद मुख्यालय पर बीती रात अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती दी है। रविवार देर रात शहर के पॉश इलाके रामेश्वरपुरम में अज्ञात बदमाशों ने भाजपा नेता शांतनु तिवारी पर जानलेवा हमला कर दिया।

इस दौरान हमलावरों ने गाड़ी में तोड़फोड़ की और हवाई फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भाजपा नेता जब अपने वाहन से घर लौट रहे थे तभी कुछ अज्ञात हमलावरों ने उनकी गाड़ी का पीछा किया। थोड़ी दूर आगे बढ़ते ही बदमाशों ने वाहन को घेर लिया और उस पर हमला बोल दिया। गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए, वहीं हमलावरों ने कुछ गोलियां भी चलाईं, जिनकी आवाज सुनकर इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग घरों में दुबक गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी।घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सिटी विवेक तिवारी और सदर विधायक मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस टीम ने घटनास्थल से खाली कारतूस बरामद किए हैं।हालांकि हैरानी की बात यह रही कि शहर कोतवाल घटना के लगभग एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे। इस देरी को लेकर स्थानीय नागरिकों ने जमकर नाराजगी जताई। लोगों ने कहा कि शहर में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और पुलिस महज दिखावटी कार्रवाई कर रही है। आमजन अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।घटना के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया है। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटना के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। रामेश्वरपुरम गोलीकांड ने एक बार फिर पुलिस की तैयारियों और शहर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। लगातार बढ़ रहे अपराधों से नागरिकों में भय का माहौल व्याप्त है। लोगों का कहना है कि पुलिस को केवल कार्रवाई का दिखावा नहीं, बल्कि अपराधियों के खिलाफ सख्त और ठोस कदम उठाने होंगे।

# आरएसएस और विद्या भारती ने शिक्षा के क्षेत्र में लहराया परचम

**क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख रज्जू भैया और जयप्रकाश गुप्ता याद किए गए 53 कालेजों के 211 मेधावी सम्मानित किए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शिकारपुर, मुरादाबाद। आरएसएस के क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख पश्चिमी उत्तर प्रदेश डॉक्टर रूपनारायण ने कहा कि शिकारपुर क्षेत्र में आरएसएस और विद्या भारती ने शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहराया है। इनकी संस्थाओं से निकले अनेक मेधावी देश में विभिन्न उच्च पदों पर आसीन हैं जिन्होंने क्षेत्र, समाज, गांव और जिले का नाम रोशन किया है। 53 कालेजों के 211 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया है। सोमवार को रज्जू भैया सरस्वती विहार के तत्वाधान में पूर्व सरसंघचालक रज्जू भैया एवं विभिन्न कालेजों के संस्थापक जयप्रकाश गुप्ता की स्मृति में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता ने दोनों महान विभूतियों की महिमा का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि मेधावी भविष्य में जीवन की विभिन्न परीक्षाओं में अव्वल आने के लिए इसी प्रकार मेहनत करते रहें। जिससे उनके माता-पिता और परिवार उन पर गर्व महसूस करें। संघ के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख पदम सिंह ने संघ द्वारा और विद्या भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुशील कुमार ने प्रदेश और देश में शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

मेधावी अभिनंदन समारोह के क्रम में केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर ककोड, लाला किशोरी मल भगवान दास सरस्वती विद्या मंदिर छतारी, ललिता प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर बुलंदशहर, महाराज श्री जीवन दत्त जी सरस्वती विद्या मंदिर नरौरा, पहलाद स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर जहांगीराबाद, रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर खंडवाया, राम मूर्ति हर स्वरूप बालिका विद्या मंदिर खुर्जा, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सिकंदराबाद, सरस्वती शिशु मंदिर डिबाई, सरस्वती शिशु मंदिर सिकंदराबाद, सरस्वती विद्या मंदिर बेलोन, सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कालेज शिकारपुर, सेठ होती लाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पहासू, कंाति प्रकाश सरस्वती विद्या मंदिर अनूपशहर, सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज शिकारपुर, स्वामी सत्यानंद सरस्वती बालिका विद्या मंदिर जहांगीराबाद त्रिवेणी दत्त ब्रह्मचारी सरस्वती विद्या मंदिर डिबाई, विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बुलंदशहर, श्रीमती सावित्री देवी लक्ष्मी चंद्र सरस्वती विद्या मंदिर खुर्जा, छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर बुलंदशहर, आदर्श मीना इंटर कालेज दलेलगढ़ी, डीएपी इंटर कालेज, डीएसएम ऑक्सफोर्ड इंटर कालेज, राजकीय कन्या इंटर कालेज, हैप्पी ब्लू वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मां भगवती इंटरनेशनल स्कूल, नेशनल इंटर कालेज, ओमवती इंटर कालेज, रावत इंटर कालेज, शंभू नाथ इंटर कालेज, श्री चंद्रमौली इंटर कालेज शिकारपुर, इंदिरा गांधी इंटर कालेज कैलावन, इंटर कालेज जटपुरा, इंटर कालेज सुरजावली, इंटरमीडिएट कालेज पहासू, जनता इंटर कालेज अहमदगढ़, केपी कंाता इंटर कालेज मोरजपुर, मुकर्रम इंटर कालेज पहासू, ओलंपियन पब्लिक स्कूल खुदादिया, सर्वोदय इंटर कालेज सलेमपुर, उर्मिला राघव आर्य इंटर कालेज पहासू, कुबेर इंटर कालेज डिबाई, डॉक्टर जगदीश मेमोरियल पब्लिक स्कूल व श्री राम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजिंग एंड टेक्नोलॉजी डिबाई, जनता इंटर कालेज सियारली, जेपी यूनिवर्सिटी अनूपशहर, आरजे इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन चौंधेरा, एसडी कन्या पीजी कालेज डिबाई, सरस्वती विद्या मंदिर ला कालेज व श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर, सेठ रामानंद मंगल सिंह डिग्री कालेज छतारी आदि कालेज के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मेधावियों को शील्ड और प्रमाण पत्र श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय के प्रबंधक अनुराग गोयल, प्राचार्य डॉक्टर ललित गुप्ता, पदम सिंह, सुशील कुमार, डॉ रूप नारायण, रज्जू भैया सैनिक विद्या मंदिर खंडवाया के प्रधानाचार्य गोविंद गुप्ता, आरएसएस के विभाग कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर एलएन गुप्ता, अशोक मित्तल, अनिल मित्तल, संदीप जैन, डॉक्टर नीरज और पुरुषोत्तम वार्ष्णेय आदि ने प्रदान किए।

## जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर की समीक्षा बैठक

मुरादाबाद । जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिले में ऐसी परियोजनाएं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उन सभी कार्यों का अधिकारियों की टीम द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जाएगा ताकि निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप कार्यों की गुणवत्ता और मानकों की स्थिति का सत्यापन कराया जा सके।मुरादाबाद में स्काडा के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में प्रगति न बढ़ने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। विगत माह में आयोजित बैठक के बाद से अब तक कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कारणों के बारे जानकारी ली।गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों के निर्माण की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि वे जनशक्ति में वृद्धि करें तथा नियमित तौर पर मॉनिटर करते हुए कार्य में तेजी लाएं।नलकूपों के निर्माण की स्थिति के बारे में समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नलकूप निर्माण के साथ-साथ निर्धारित कार्य योजना के अनुसार पाइपलाइन बिछाने के दौरान भी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि किसानों को सिंचाई के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने पाए।

## खेल महोत्सव का शुभारंभ

**शिकारपुर, मुरादाबाद।** विजडम वर्ल्ड स्कूल में खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न खेलकूद हुए। खेल महोत्सव का समापन 14 नवंबर को होगा। सोमवार को खेल महोत्सव का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय पहलवान गोल्ड मेडलिस्ट राजेश भाटी, सीआरपीएफ गोल्ड मेडलिस्ट नेशनल रेसलर शैलेश भाटी, संग्राम सिंह, उदय प्रधान तथा जोगो पहलवान द्वारा फीता काट कर किया किया गया। अतिथियों के स्वागत गान में ओम, अर्जुन, आराध्या, माही, रूही, गर्वित, अवनी, अनुष्का, दिया और जिया ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद मशाल के साथ मार्च पास्ट हुआ, जिसमें भाभा सदन के दुष्यंत सैनी के नेतृत्व में खेल ज्योति प्रज्वलित की गई। मार्च पास्ट करते हुए चारों सदनों भाभा, कलाम, आर्यभट्ट और रमन के कप्तानों ने छात्रों के साथ मुख्य अतिथि को सलामी दी। प्रबंधक संजय जैन, निदेशक नमन जैन, प्रधानाचार्य राजकुमार तेवतिया ने खेल भावना, टीम वर्क और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। खेल प्रतियोगिताओं में वॉलीबॉल, खो-खो तथा बाधा दौड़ हुए। निहारिका, चांदनी शर्मा, सृष्टि सक्सेना, सोनू, सचिन गोस्वामी एवं प्रिया गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## बीएड प्रशिक्षुओं का दीक्षारंभ आयोजित

**अनूपशहर, मुरादाबाद।** डीपीबीएस कालेज में बीएड प्रशिक्षुओं का दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजित किया गया। सोमवार को बीएड के प्रशिक्षुओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख प्राचार्य डा. जीके सिंह ने दीप जलाकर किया। प्राचार्य डा. जी के सिंह ने छात्रों को अपने आशीर्वचनों के रूप में मन से मेहनत करने ,पढ़ाई करने और अपने माता-पिता और महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। डा. पी के त्यागी ने छात्रों को जीवन में अच्छे शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात प्राध्यापक पंकज प्रकाश ने छात्रों को बीएड प्रथम वर्ष का मार्गदर्शन और छात्रों के लिए महाविद्यालय में जो सुविधाएं लाइब्रेरी आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। बीएड विभाग के प्राध्यापक डा.शैलेन्द्र सिंह, गुरुदत्त शर्मा, यजुवेंद्र कुमार, डा. सुनीता गौड आदि द्वारा बी एड प्रथम वर्ष के सिलेबस पर विस्तृत जानकारी दी। बी एड द्वितीय वर्ष की छात्रा तोशी वार्ष्णेय और साधना शर्मा ने भी अपने बीएड प्रशिक्षण के दौरान के अनुभव महाविद्यालय के साथ साझा किए। प्रशिक्षुओं में शिवानी, टेविका, प्रदीप कुमार, स्नेहा कौशिक, शगुन चौधरी,कुमकुम, प्राची, कंचन वर्मा, , पिंकी, धर्मेंद्र शर्मा आदि सभी शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**संभल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद सन्मल डॉ विदुषी सिंह के निर्देशन में जनपद न्यायालय सम्भल में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।इस लोक अदालत में आपराधिक एधद्वध्धफ्द्धदथथ्द्यद्द प्रकरण, दीवानी वाद, मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण, पारिवारिक विवाद, बैंक वसूली, बिजली-पानी बिल, श्रम प्रकरण, भूमि एवं अन्य वादों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से किया जायेगा।लोग अदालत में मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से किया जाता है, जिससे पक्षकारों के समय व धन दोनों की बचत होती है। लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम होता है तथा उसके विरुद्ध अपील का अधिकार नहीं होता है।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने लम्बित प्रकरणों को लोक अदालत में प्रस्तुत कर, आपसी समझौते से सुलझाकर न्याय प्राप्त करें।लोक अदालत के माध्यम से सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय प्राप्त करने का यह सुनहरा अवसर है।यह जानकारी श्री अवधेश कुमार सिंह, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत / अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट), सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा दी गयी।

## मतदाताओं से बीएलओ को प्रपत्र जमा कराने की अपील

**बदायूं।** दातागंज विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत रविवार को क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह और उपजिलाधिकारी दातागंज धर्मेंद्र कुमार सिंह को गणना प्रपत्र सौंपे गए। विधानसभा क्षेत्र में कुल 4,18,699 मतदाता पंजीकृत हैं। इनके बीच चार नवंबर से ईएफ फॉर्म का वितरण शुरू कर दिया गया है। इन फॉर्मों को मतदाताओं को भरकर अपने-अपने बीएलओ के पास जमा कराना होगा। जिन मतदाताओं का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है, उन्हें किसी भी प्रकार का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। मतदाता स्वयं भी आयोग की वेबसाइट पर जाकर 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित कर सकते हैं। अभियान के दौरान मौजूद बीएलओ और सुपरवाइजरों ने एसआईआर प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने रिसौली गांव का किया दौरा

**बदायूँ।** आंकाक्षा ब्लॉक अंबियापुर की ग्राम पंचायत रिसौली में रविवार को ट्रेनिंग सेंटर से आए छह ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।' मंसूरी सेंटर से आए ट्रेनी आईएएस मुकुल गाबा, पूनम कसाना, नम्रता जेफ, वाविलपल्ली भार्गव, आयुष राहुल कोकाटे एवं निखिल शर्मा ने गांव में जेंडर गैप, श्रमदान, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा व्यवस्था और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से जुड़ी जानकारी जुटाई। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ की स्थिति और जन जागरूकता पर भी चर्चा की। ट्रेनी अधिकारियों ने आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, पंचायत भवन और ग्राम सचिवालय का निरीक्षण करते हुए यहां श्रमदान किया। उन्होंने ग्राम प्रधान और सचिव से गांव के विकास कार्यों और पंचायत की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया।अधिकारियों ने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं भी रखीं। इस मौके पर ब्लॉक के अधिकारी, ग्राम प्रधान समेत स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## आबिद राजा ने चादर व गुलपोशी की

**बदायूँ।** दरगाह आलिया कादरिया में हजरत शाह ऐनुलहक कादरी के उर्स के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी पूर्वमंत्री आबिद रज़ा की ओर से दरगाह आलिया कादरिया मे कैंप लगाया गया,तथा लंगर तकसीम किया गया ।पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने दरगाह पहुँचकर चादरपोशी व गुलपोशी की। सोमवार को दरगाह आलिया कादरिया में उर्से कादरी के अवसर पर चल रहे तीन दिवसीय उर्स के मौके पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने चादर पोशी की तथा गुलपोशी की कौम व मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की। इसके अलावा उन्होंने दुआ की कि पूरे देश, प्रदेश व बदायूं में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी एक दूसरे से मोहब्बत करें व इंसानियत का पैगाम पूरी दुनिया में दे। इस अवसर पर सोहिल सिद्दीकी, साजिद नेता ,फरहत सिद्दीकी, सभासाद अनवर खां, सभासाद छोटा, सभासद मुशहिद सैफी,पूर्व सभासाद माजिद खां, अफसर अली खां, कौसर अली खन ,समर खां, , मोहम्मद मियां, भइये भाई , छोटू बबलू, चुन्नु मियां पूर्व प्रधान, वसीम सैफी, शहंशाह गाजी, समी उद्दीन आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने मुठभेड़ में कुख्यात गो तस्कर गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायू। सहसवान क्षेत्र में टेढ़ा घाट पुल के पास रविवार रात पुलिस की कुख्यात गो तस्कर से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। थाना सहसवान क्षेत्र में पुलिस ने रविवार देर रात मुठभेड़ के दौरान कुख्यात गो तस्कर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कब्जे से तमंचा, दो कारतूस, एक खोखा कारतूस तथा गोकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए हैं। मुठभेड़ थाना सहसवान क्षेत्र के टेढ़ा घाट पुल के पास हुई। थाना पुलिस के मुताबिक मुखबरि से सूचना मिली थी कि शातिर तस्कर, जो कई बार जेल जा चुका है और हाल ही में रिहा हुआ है। फिर से पशुओं को मारने की फिराक में है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने रणनीति बनाकर आरोपी को चारों ओर से घेर लिया। खुद को घिरा देख आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी को गोली लग गई। पुलिस ने घायल आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा।

गिरफ्तार आरोपी एजाद है, जो गांव भवानीपुर खैरू थाना सहसवान का निवासी है। पूछताछ में एजाद ने बताया कि वह गोवंशीय पशुओं को मारकर उनका मांस बेचने का काम करता है। कई बार जेल जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी पर गोकशी, गैंगस्टर, शस्त्र अधिनियम और हत्या के प्रयास से संबंधित दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर, मुरादाबाद। एलडीएवी इण्टर कालेज में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा, नवाचार एवं जिज्ञासा के द्वारा विभिन्न प्रकार के क्रियाशील एवं अक्रियाशील विज्ञान मॉडलों को प्रस्तुत किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने अपने मॉडलों के माध्यम से दैनिक जीवन की समस्याओं के समाधान भी बताए। क्रियाशील मॉडलों से वैज्ञानिक सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत किया। जबकि आक्रियाशील मॉडलों ने कल्पनाशक्ति और सृजनात्मकता की गहराई को प्रकट किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए प्रधानाचार्या शशि बाला पंत ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान भावना और खोज की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना है। विज्ञान के प्रति उत्साह और ऊर्जा भी दिखाई दी। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के अभिनव प्रयोगों की सराहना की। और उन्हें भविष्य में वैज्ञानिक, अभियंता या नवप्रवर्तक बनने की प्रेरणा देते हैं। वरिष्ठ वर्ग में अनंत अग्रवाल द्वारा निर्मित रडार सिस्टम प्रथम , तन्मय गोयल द्वारा निर्मित मार्ग बाधा सेंसर द्वितीय एवं गौरी, आसमा,नंदिनी द्वारा निर्मित विद्युत उत्पादन संयंत्र एवं वायु शोधक संयंत्र तथा मधु,शीतल,प्रिन्सी द्वारा निर्मित अम्ल वर्षा संवेदक यंत्र तृतीय स्थान पर रहा। कनिष्ठ वर्ग में रिया चौधरी, महक,करिश्मा द्वारा निर्मित गैस गैस रिसाव अलार्म प्रथम, रिम्मी,तनीषा,वंशिका द्वारा निर्मित नेत्र क्रियाशील मॉडल द्वितीय, अभय सक्सैना द्वारा निर्मित सड़क सुरक्षा मैग्नेटिक फील्ड तथा तुषार द्वारा निर्मित जल वितरक मशीन माडल तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर अभय सिंहा, अखण्ड प्रताप सिंह समेत अन्य लोग मोजूद रहे।

# लापरवाह बीएलओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश

**लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ एसडीएम सदर मोहित कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है**

कैनविज टाइम्स संवाददात

बदायूं। लापरवाह बीएलओ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश एसडीएम सदर ने दिए हैं। इससे पहले उसको नोटिस के साथ ही मानदेय रोकने की भी कार्रवाई हो चुकी है। इसके बाद भी उसने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शुरू नहीं किया।

लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ एसडीएम सदर मोहित कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने विधानसभा शेखूपुर के प्राथमिक विद्यालय सढोमई (मजरा अलापुर) पर तैनात बीएलओ अशोक कुमार की ओर से चुनाव कार्य प्रारंभ न किए जाने पर कठोर कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम सदर ने बताया कि बीएलओ को पहले नोटिस के माध्यम से कार्य प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसके बाद भी कार्य न करने पर आठ नवंबर को फिर नोटिस जारी किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह को उनके मानदेय रोकने और तत्काल कार्य आरंभ कराने के निर्देश दिए गए। इसके बावजूद नौ नवंबर तक संबंधित बीएलओ ने कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया। इस पर उच्च अधिकारियों ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की है।

इसके बाद एसडीएम सदर ने बीएलओ अशोक कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में ऐसे किसी भी कर्मचारी/अधिकारी की ओर से चुनाव दायित्वों की अवहेलना की, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में खुले अंडरग्राउंड बिजली बॉक्स बन रहे जान का खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। शहर को आधुनिक बनाने और भूमिगत केबलिंग व्यवस्था लागू करने पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन मैदान में तस्वीर बिल्कुल उलट है। मेंटेनेंस की भारी लापरवाही और अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहर के कई इलाकों में अंडरग्राउंड बिजली बॉक्स खुलकर मौत का जाल बनते जा रहे हैं।

जंग लगे ढांचे, बाहर निकली नंगी तारें, टूटे ढक्कन और खुले कनेक्शन३ ये सारी स्थितियां किसी भी बचाव मानक पर खरी नहीं उतरतीं। ये हर गुजरते राहगीर के लिए खतरा पैदा कर रहीं हैं। शहर के नेकपुर गली नंबर एक में स्थित अंडरग्राउंड बिजली बॉक्स पूरी तरह खस्ताहाल होकर खुला पड़ा है। न तो इसका कवर बचा है और न ही कोई सुरक्षा इंतजाम। बॉक्स का ऊपर का हिस्सा मुड़ा हुआ है। उस पर महज एक पत्थर रखकर खानापूर्ति की गई है। अंदर की तारें उलझी हुईं हैं, जो खुले रूप में दिखाई दे रही हैं। कुछ तारें तो जमीन तक पहुंच चुकी हैं। बॉक्स का नीचे का लोहे का फ्रेम जंग खाकर टूट रहा है और पूरे बॉक्स का ढांचा मिट्टी में धंसता जा रहा है। अमर सिंह, उर्मिलेश कुमार का कहना है कि इस रास्ते से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं। इनमें स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे भी शामिल हैं। हल्का सा रिसाव भी किसी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकता है।बारिश के दौरान बॉक्स पानी से भर जाता है, जिससे करंट फैलने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह समस्या सिर्फ नेकपुर की नहीं, न्यू आदर्शनगर, कचहरी रोड, सिविल लाइंस और स्टेशन रोड के आसपास की भी है। वहां भी कई अंडरग्राउंड बिजली बॉक्स टूटे और खुले पड़े हैं। कुछ बॉक्सों में तारें बाहर लटक रही हैं, जबकि कई स्थानों पर ढक्कन पूरी तरह गायब हैं। बाजार और भीड़भाड़ वाली जगहों पर भी खुले बिजली बॉक्स लोगों के लिए रोजाना जोखिम पैदा कर रहे हैं। मेंटनेंस की कमी और खराब गुणवत्ता बनी हादसों की जड़- बिजली विभाग ने अंडरग्राउंड केबलिंग तो कर दी, लेकिन उसके नियमित रख-रखाव पर ध्यान देना पूरी तरह भूल गया। मोहित सागर, रोहित सिंह का कहना है कि ये बॉक्स बेहद सस्ती और कमजोर सामग्री से बनाए गए हैं, जिसकी वजह से बारिश और धूप में जंग लगने के बाद बॉक्स टूटने लगे और ढक्कन खुलते चले गए। कई बार शिकायतों के बावजूद विभाग की तरफ से मौके पर देखने तक कोई नहीं पहुंचा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। जहां भी बिजली के बॉक्स खुले पड़े हैं, उनको जल्द ही ठीक कराया जाएगा। कुछ शिकायतें आईं हैं। उन पर काम किया जा रहा है। -संजीव कुमार, प्रभारी अधीक्षण अभियंता विद्युत निगम

# रेंजर-रोवर शिविर के तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। राजकीय महाविद्यालय, बदायूँ में रेंजर-रोवर इकाइयों के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में किया गया। शिविर के प्रथम दिवस का आरंभ प्राचार्य, डॉ अनिल कुमार द्वारा ध्वजारोहण एवं रेंजर-रोवर प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा, सहयोग एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। शिविर के ट्रेनर श्री असरार अहमद ने रेंजर-रोवर संगठन की मूल भावना, इतिहास एवं उसके सामाजिक दायित्वों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेंजर-रोवर के सदस्य समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण एवं मानवता के आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।रेंजर लीडर श्रीमती शशि प्रभा एवं डॉ. सरिता तथा रोवर लीडर डॉ. प्रेमचंद एवं डॉ. गौरव कुमार सिंह ने शिविरार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामूहिक कार्य की भावना के महत्व पर प्रेरणादायी विचार साझा किए।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. सारिका, डॉ. रविन्द्र सिंह यादव, डॉ. बबीता यादव, डॉ संजीव राठौर, डॉ. राकेश जायसवाल, डॉ. पी. के. शर्मा, डॉ सचिन, डॉ प्रियंका, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में संजीव शाक्य तथा प्रमोद कुमार उपस्थिति रहे।

सभी अतिथियों ने शिविर के प्रथम दिवस की गतिविधियों की सराहना की और रेंजर-रोवर सदस्यों को समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने का संदेश दिया। पहले दिन की गतिविधियों में ध्वजारोहण, प्रतिज्ञा ग्रहण, परिचय सत्र तथा प्रेरक भाषण जैसी क्रियाएँ सम्मिलित रहीं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन रेंजर-रोवर इकाइयों द्वारा सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। शिविर आगामी दिनों में विभिन्न समाजसेवी, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों के साथ जारी रहेगा।

## डीएपी की किल्लत पर यूथ कांग्रेस ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

अमेठी। रवि फसल की बुआई के समय डीएपी खाद की भारी कमी से जूझ रहे किसानों की समस्या को लेकर यूथ कांग्रेस ने आगे आकर कदम बढ़ाया है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह की अगुवाई में यूथ कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम सिंह ने जिलाधिकारी को सौंपे गये ज्ञापन में लिखा है कि अमेठी जनपद के अधिकांश वितरण केंद्रों पर डीएपी खाद की उपलब्धता अत्यंत सीमित है।किसानों को सुबह से लेकर देर शाम तक लम्बी लम्बी कतारों में खड़ा रहना पड़ता है लेकिन पर्याप्त खाद न मिलने से उनके हाथ निराशा लगती है जिससे किसानों की फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।यूथ कांग्रेस ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप करते हुये जिले के सभी वितरण केंद्रों पर डीएपी खाद की पर्याप्त और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराये ताकि किसान समय पर बुआई कर सकें और फसल उत्पादन प्रभावित न हो।

## एसडीएम की अध्यक्षता वाली समिति करेगी विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं की जांच

बदायूँ। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं हेतु प्रबन्धक व प्रधानाचार्यों द्वारा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड की गई आधारभूत सूचनाओं की स्थलीय जाँच कराये जाने हेतु जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में तहसील स्तर पर सम्बंधित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थलीय जांच हेतु समिति का गठन किया, जिसको 11 से 17 नवम्बर तक प्रत्येक विद्यालय की जांच कर आख्या उपलब्ध करानी है। समिति में सम्बंधित तहसीलदार, अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियन्ता तथा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शामिल है। जनपद में 308 माध्यमिक विद्यालय है, सम्बंधित विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य द्वारा अपने-अपने विद्यालय की आधारभूत सूचनाओं के सम्बंध में सोमवार तक सूचनाएं अपलोड की गई।

# एसडीएम ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महराजगंज,रायबरेली। सरकार की मंशा के अनुसार आज दिन सोमवार को महराजगंज स्थित धान क्रय केंद्रों का उप जिलाधिकारी गौतम सिंह ने किया औचक निरीक्षण और दिए सख्त दिशा निर्देश।

बताते चलें कि उप जिलाधिकारी गौतम सिंह ने तहसील क्षेत्र के गल्ला मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी सौरभ गुप्ता से धान की आवक किसानों के पंजीकरण और भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी भी ली। महराजगंज के राजकीय धान खरीद केंद्र के प्रभारी सौरभ गुप्ता ने बताया कि हाल ही की बारिश से कई किसानों की फसल भीग गई है। किसान अब धान को धूप में सुखाकर केंद्र पर बेचने की तैयारी कर रहे हैं। एसडीएम गौतम सिंह ने केंद्र प्रभारियों को धान खरीद में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा किसानों को उनके धान का भुगतान निर्धारित सरकारी दर एवं समय पर किया जाए। धान क्रय केंद्र के निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बोरो की उपलब्धता और भुगतान की स्थिति की समीक्षा की केंद्र प्रभारी ने बताया कि सभी आवश्यक इंतजाम पूरे हैं लेकिन फिलहाल धान की आवक शुरू हो गई है। जल्द ही हुई बारिश की वजह से धान की फसल काटने में समय लग रहा है।

जिसकी वजह से धान की आवक में कुछ समय लग सकता है। तो वही उप जिलाधिकारी ने बताया कि महराजगंज तहसील क्षेत्र में कुल 21 क्रय केंद्र खोले गए हैं जिसमें से 06 क्रय केंद्र महराजगंज गल्ला मंडी में स्थित है जिनमें अब तक कुल लगभग 1400 कुंटल धान की खरीद हो चुकी है। तो वही एसडीएम ने बछरावां में केंद्र बढ़ाने की भी बात कही है। जिससे कि किसानों को कोई भी असुविधा का सामना न करना पड़े।अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर केंद्र प्रभारी सौरभ गुप्ता, रोहित कुमार द्विवेदी, बृजेश प्रताप सिंह, राजेश प्रताप सिंह, राघवेंद्र सिंह, पुनीत चौहान सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# करनैलगंज में गोंडा–लखनऊ रोड पर अवैध वाहन स्टैंड से लग रहा जाम, राहगीर परेशान

**आईजी साहब हाइवे सड़क पर सवारी भरते हैं वाहन चालक आए दिन हो रहे हादसे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा। लखनऊ मार्ग हाईवे पर अवैध वाहन स्टैंडऔर अतिक्रमण के चलते इन दिनों करनैलगंज नगर भीषण जाम के झाम से जूझ रहा है, नगर की सभी सड़कों पर मनमाने स्टैंड संचालित है। शाम होते ही गोंडा -लखनऊ रोड हुजूरपुर मोड़ पर डबल डेकर बसों का जमावड़ा लग जाता है बस, ई-रिक्शा व अन्य वाहन चालक सड़क पर ही सवारी भरते हैं और जाम की वजह बनते हैं जिससे आमजन को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं, अवैध वाहन स्टैंडों के खिलाफ कार्रवाई न होने से वाहन चालकों के हौसले बु लंद हैं। हुजूरपुर मार्ग व गोंडा-लखनऊ फोरलेन हाईवे आए दिन जाम के झाम में जूझता नजर आता है।सबसे गंभीर समस्या तो बहराइच मोड़ पर है।यहां प्रतिदिन अवैध रूप से संचालित क रीब दो दर्जन बसों को खड़ा कर सवारियां बैठा ई व उतारी जाती है।यहीं पर बाकायदा कई ब स वालों ने अपना कार्यालय तक खोल रखा है। अवैध ढंग से संचालित इन बसों का स च ा ल न दिल्ली,मुम्बई,लुधियाना,पंजाब व अमृतसर स हित देश के अन्य शहरों के लिए किया जाता हैबस स्टाप पर तो पुलिस पिकेट लगाई जाती है। लेकिन मौर्य नगर व हुजूरपुर मोड़ पर कोई भी पुलिस कर्मी तक मौजूद नहीं रहते है।बस संचा लकों की मनमानी का आलम यह है कि वे अप नी बसों को सड़क पर ही खड़ा कर देते हैं। पी छे कितना भी जाम लगे इससे उनका कोई ले ना देना नहीं रहता है।इस जाम के चलते आए दिन एंबूलेस व स्कूल बसे भी प्रभावित होती रहती है। पुलिस व आरटीओ का भी इन बस संचालकों को कोई भय नहीं रहता है। बताया जा रहा है कि दोनों विभागों के सेटिंग से यह धंधा इन दिनों अपनी चरम सीमा पर है।

### इन स्थानों पर संचालित हो रहे मनमाने स्टैंड

गोंडा-लखनऊ मार्ग पर बहराइच मोड़ के पास अवैध स्टैंड संचालित है। यहां डबल डेकर बस व टैक्सी चालक सड़क पर ही सवारी भरते नज र आते हैं। करनैलगंज-कटरा मार्ग व परसपुर रो ड पर अस्थाई बस स्टॉप के पास वाहनों का ज मावड़ा लगा रहता है।यहां ई-रिक्शा,जीप व बसेंसड़क के दोनों ओर खड़ी नजर आतीं हैं,यहां प र भी सड़क पर ही सवारियों को बिठाने-उतारने का काम होता है।करनैलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर सुक्खापुरवा व रेलवे क्रासिंग के पास वाहन ख ड़े नजर आते हैं। सड़क के दोनों ओर बेतरतीब खड़े यह वाहन जाम का सबब बनते हैं।वही गोंडा-लखनऊ हाइवे सड़क पर चल रहे अवैध स्टैंड के बारे करनैलगंज क्षेत्राधिकारी से जान कारी ली गईं तो उन्होंने बताया कि आप बता दीजिए हम नोट कर ले रहे हैं अभी दिखवाते हैं।

# गोंडा में बड़गांव रेलवे ओवरब्रिज से गिरी रोड मिक्सिंग मशीन , दो गंभीर रूप से घायल

**ट्रक चालक इटियाथो क निवासी मुकेश घायल हो गया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। गोंडा-बलरामपुर रोड रेलवे ओवरब्रिज की रेलिंग को तोड़ कर मिक्सिंग मशीन ट्रक नीचे गिर गया इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को मेडिकल कालेज से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

रेलिंग तोड़कर पुल से ट्रक के गिरने से ननकू के कास्मेटिक व रफीक की तंबाकू की दुकान क्षतिग्रस्त हो गई है। नगर कोतवाली के बड़गांव रेलवे ओवरब्रिज पर रविवार की देर रात इटिया थोक की तरफ आ रह मिक्सिंग मशीन वाला ट्र क बेकाबू होकर रेलवे ओवरब्रिज की रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे गिर गया। ट्रक चालक इटियाथो क निवासी मुकेश घायल हो गया है। ओवरब्रिज के नीचे लगने वाली दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि घटना देर रात को हुई,दिन में यह हादसा होने पर कई लोग की जान खतरे में पड़ सकती थी। पुल का हिस्सा टूटकर लटका हुआ है जिससे कि अभी हादसे की आशंका बनी है।नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने कहा कि हाद सा रविवार की देर रात में हुआ है। चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त हिस्से की ओर लोगों को जाने से रोक दिया गया है मौके पर पुलिस मौजूद है।

# जनपद को समृद्ध एवं विकसित बनाने के लिए प्रति व्यक्ति का आय होना आवश्यक

**कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के आई.क्यू ए.सी.समन्वयक भौतिक विज्ञान विषय के विभागाध्यक्ष प्रो. जितेंद्र सिंह एवं विभागाध्यक्ष , वनस्पति विज्ञान डॉ. रेखा शर्मा ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्र- छात्राओं को जागरूक किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन के मार्ग दर्शन एवं प्राचार्य रवीन्द्र कुमार के संयोजकत्व में जनपद के महाविद्यालयों में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विषय पर आयोजित संवाद एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन माँ गायत्री राम सुख महाविद्यालय मसकनवा गोंडा में किया गया।

जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के आई.क्यू ए.सी.समन्वयक भौतिक विज्ञान विषय के विभागाध्यक्ष प्रो.जितेंद्र सिंह एवं विभागाध्यक्ष , वनस्पति विज्ञान डॉ. रेखा शर्मा ने अपने उद्बोधन द्वारा छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए जन कल्याण हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं और समर्थ एवं विकसि त उत्तर प्रदेश 2047 के लक्ष्य को पूरा कर ने में युवाओ की भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही युवाओं को विकसित उत्तर प्रदेश 2047 सुझाव लिंक पर अपने सुझाव भी 150 शब्दों में लिख कर पोस्ट करने के लिए उत्प्रेरित किया।

प्रो.जितेंद्र सिंह ने कहा जब गोंडा के प्रति व्यक्ति की आय को पाँच से सात ला ख प्रति वर्ष 2047 तक पहुँचाकर विकसित प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है । महाविद्यालय के प्रशासक डॉ.घनश्याम शुक्ला ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला सफ ल मंच संचालन डॉ.अविनाश तिवारी ने किया उत्तर को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए छात्र छात्राओं ने अपने सुझाव साझा किए जि समें काजल मौर्य का सुझाव कुटीर उद्योग को बढावा,अनीता चौधरी का सुझाव वैज्ञानिक खे ती,हरीश का सुझाव पर्यटन को बढ़ावा देना र हा उक्त कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी म नु लाल यादव,डॉ.कृष्ण कुमार मिश्रा,डॉ. कपिल देव वर्मा,विनोद शुक्ला डॉ.रवि शंकर मिश्रा,डॉ इंद्रसेन उपाध्याय,कौशल किशोर पांडे आशुतोष मल्ल ,दामिनी पांडेय, कुसुम मौर्य, तेज मान उपाध्याय,कृष्ण मानी यादव,राज पांडेय,आशीष शुक्ला,राम महेश पांडेय, अमर पांडेय, काजल मौर्या का सहयोग सराहनीय रहा।

### राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर सभी रबी फसलों के आधारीय बीज 50 प्रतिशत एटसोर्स अनुदान पर उपलब्ध

रायबरेली। जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय ने जनपद के कृषक बन्धुओं से कहा है कि चालू रबी सीजन 2025-26 में जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में स्थापित राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर सभी रबी फसलों के प्रमाणित एवं आधारीय बीज 50 प्रतिशत एटसोर्स अनुदान पर उपलब्ध है जिसका वितरण पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से अनुदान की धनराशि को घटाकर किया जा रहा है। उन्होंने रबी बीजों के उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि गेंहूँ का लक्ष्य (कुंतल में) 14300.00, उपलब्धता (कुंतल में) 7704.60, वितरण (कुंतल में) 3497.00 निर्धारित है, इसी प्रकार जौं लक्ष्य (कुंतल में) 42.00, उपलब्धता (कुंतल में) 41.98, वितरण (कुंतल में) 7.20 निर्धारित, चना का लक्ष्य 561.36, उपलब्धता 561.20, वितरण 324.60, मटर का लक्ष्य 192.00, उपलब्धता 191.90, वितरण 111.30, मसूर का लक्ष्य 42.00, उपलब्धता 23.35, वितरण 17.92 एवं राई/सरसों का लक्ष्य 167.18, उपलब्धता 146.90, वितरण 126.30 निर्धारित किया गया है।

# सपा का प्रदर्शन, बोले भाजपा विधायक माफी मांगे कैसरगंज सांसद पर लगाया खनन करने का अरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में समाजवादी छात्र सभा सहित वि भिन्न फ्रंटल संगठनों ने भाजपा विधायक बावन सिंह के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया है।कार्यकर्ताओं ने कटरा बाजार में एकजुट हो कर विधायक से माफी मांगने की मांग की है इस दौरान पुलिस से मामूली नोकझोंक भी हुई है।

प्रदर्शनकारी समाजवादी पार्टी कार्यालय के गेट पर एकत्र हुए,क्योंकि पुलिस ने उन्हें सड़कों पर आने से रोक दिया था।कार्यकर्ताओं ने ''भाजपा विधायक माफी मांगे,भाजपा विधायक शर्म करें जैसे नारे लगाए।बाद में सिटी मजिस्ट्रेट को एक ज्ञापन भी सौंपा गया।समाजवादी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि भाजपा विधायक बावन सिंह ने दो दिन पहले दिवंगत कैबिनेट मंत्री विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह पर अपमान जनक टि प्पणी की थी। पंडित सिंह का निधन 2021 में कोरोना काल के दौरान हुआ था।सपा कार्यक र्ताओं ने इस टिप्पणी को अस्वीकार्य बताया है, जिसके कारण पूरे जिले में लगातार विरोध प्र र्शन हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी लोग इस बयान को लेकर भाजपा विधायक की आलोच ना कर रहे हैं। सपा छात्रसभा के जिलाध्यक्ष ने कैसरगंज सांसद पर अवैध खनन करवाने का आरोप भी लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक बावन सिंह उन लोगों का नाम लेने से डर रहे हैं जो खनन करवाते हैं, और सांसद की शरण में बैठे हैं।जिलाध्यक्ष ने सवाल उठाया कि जब समाजवादी पार्टी नव साल से सत्ता में नहीं है और पंडित सिंह भी चार साल से इस दुनिया में नहीं हैं, तो गोंडा में बालू खनन करवाने वालों का नाम लेने में विधायक को हिचकिचाहट क्यों हो रही है।उन्होंने कहा कि विधायक की बौख लाहट साफ दिख रही है,जो दर्शाता है कि 20 27 में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। भा जपा विधायक के खिलाफ कार्रवाई की जाए और भाजपा विधायक सार्वजनिक रूप से आ कर के गोंडा की जनता से माफी मांगे। स्वर्गीय पंडित सिंह केवल नेट नहीं थे बल्कि गरीबों औ र मजलूमों की आवाज थे आज वह जिंदा नहीं है तो उनके ऊपर यह लोग गलत आरोप लगा रहे हैं उनको शर्म आनी चाहिए कि जो अब इस दुनिया में नहीं है उसकी बुराई तो ना करें।

# मिशन शक्ति टीम ने चौपाल लगाकर कर किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीमके द्वारा चौपाल लगाकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं,सहायता सेवाओं, साइ बर अपराधों आदि के बारे में छात्राओं और आम नागरिकों को जागरूक किया।लोगों को साइ बर अपराधों के बारे में जानकारी देकर उससे बचने के उपायों आदि के बारे में जागरूक कि या गया और सतर्क रहने की सलाह दी गई। थाना तरबगंज प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम के द्वारा कस्बे के बाल विद्या इंटर कॉलेज व कस्बो में मिशन शक्ति टीम द्वारा चौपाल लगाकर लोगों को जागरुक किया गया।इस दौरान महिलाओं, बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही वि भिन्न योजनाओं, सहायता सेवाओं, महिला अपरा धों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों,हेल्पलाइन नम्बरों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण और किसान पंजीकरण को लेकर एसडीएम हुई सख्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार नानपारा एवं नायब तहसीलदार शिवपुर सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सर्वप्रथम फार्मर्स रजिस्ट्री कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

एसडीएम ने प्रत्येक लेखपाल को प्रतिदिन न्यूनतम 50 किसानों का पंजीकरण कराने का लक्ष्य दिया और निर्देशित किया कि जनसेवा केंद्रों एवं सहायक ऐप के माध्यम से अधिकतम रजिस्ट्रेशन कराए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक लेखपाल स्वयं तथा क्षेत्र के लोगों को सहायक ऐप डाउनलोड कराकर कम से कम पाँच किसानों का पंजीकरण कराए, साथ ही कोटेदारों को भी इस कार्य में जोड़ा जाए। महिलाओं की फार्मर्स रजिस्ट्री को ब्लॉमिशन शक्तिङ्क अभियान से जोड़ते हुए एसडीएम ने निर्देश दिया कि पंजीकृत महिलाओं के दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड कराए जाएं। इसके अतिरिक्त सीएससी केंद्रों के माध्यम से ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा में बताया गया कि निधिनगर संकल्पा क्षेत्र में राजस्व अभिलेखों के अद्यतन न होने के कारण लगभग 60 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है। नायब तहसीलदार शिवपुर को निर्देशित किया गया कि वे शाम के समय चौपाल लगाकर किसानों को आधार एवं खतौनी के साथ फार्मर्स रजिस्ट्री के प्रति जागरूक करें। साथ ही सीसीई और जीसीई से संबंधित फसल कटाई प्रयोगों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। स्वामित्व योजना के अंतर्गत कुल 230 ग्रामों में से 228 ग्रामों का प्रपत्र-5 तैयार हो चुका है, जिनमें से 208 ग्रामों के प्रपत्र-10 पूर्ण हैं। अवशेष 22 ग्रामों में प्रपत्र-7, 8 और 9 तैयार किया जाना शेष है। इसके पश्चात एसडीएम ने भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि 2003 की मतदाता सूची की 2025 की सूची से मैपिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। बैठक में 130 बीएलओ द्वारा प्रशिक्षण की सूचना अंकित न किए जाने और 52 बीएलओ द्वारा मैपिंग कार्य न शुरू करने पर असंतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिया कि आज ही यह कार्य प्रारंभ किया जाए तथा मतगणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रह निर्धारित समय में कर जीपीएस फोटो सहित समूह में साझा किया जाए। राजस्व मामलों की समीक्षा के दौरान धारा 24 के अंतर्गत राजस्व निरीक्षकवार प्रगति प्रस्तुत की गई–नानपारा में 4, रजवापुर में 3, मटेरा में 3, लक्ष्मनपुर शंकरपुर में 3, और शिवपुर में 5 सत्यापन किए गए। साथ ही एक प्रकरण में पक्की मेडबंदी कराई गई। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने अंत में सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय सीमा में सभी राजस्व, स्वामित्व और निर्वाचन संबंधित कार्यों को पूर्ण किया जाए और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सदर विधायक ने की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली । सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक ने विभिन्न विभागों द्वारा चल रही योजनाओं, निर्माणाधीन परियोजनाओं एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने कहा कि शासन की मंशा है कि विकास कार्यों का लाभ समय से जनता तक पहुँचे, इसलिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें।बैठक के दौरान विधायक ने डूडा, विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सिचाई, नगर पालिका आदि से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर बल दिया। पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग प्रवीण सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा शशि कुमार मल्होत्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई(द0) सुशील यादव, अधिशासी अभियंता जल निगम (शहरी) अफ़जल ख़ान सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# भारत की आध्यात्मिकता एवं अखण्डता का प्रतीक है ''वंदेमातरम'' : सांसद बहराइच

**इन्दिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित हुआ वंदेमातरम का सामूहिक गान उल्लासपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ सामूहिक गान का कार्यक्रम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । देश के स्वतन्त्रता आन्दोलन की चेतना का प्रतीक राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम् जायसवाल सहित अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में वंदेमातरम का सामूहिक गान सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ सूबेदार यादव, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी सुश्री प्राची पंवार, क्रीड़ाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, महराज सिंह इण्टर कालेज सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र, शिक्षक-शिक्षिकाएं, खिलाड़ी व खेल प्रेमी, पुलिस कार्मिक सहित बड़ी संख्या में आमजन ने वंदेमातरम के सामूहिक गान में सहभागिता की। वंदेमारत का सामूहिक गायन स्टेडियम में मौजूद लोगों के बीच राष्ट्रीय भावना का संचार करने में सफल रहा।इस अवसर पर सांसद डॉ. गोंड ने भारत के राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सभी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि वंदेमातरम भारत की आध्यात्मिकता, अखण्डता और अपनत्व का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित सामूहिक गान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। डॉ. गोंड ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान शरीर में उत्पन्न होने वाली राष्ट्रीय भावना को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। सांसद श्री गोंड ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे ही आयोजन नागरिकों में राष्ट्र भावना का संचार करते हैं। उन्होनें राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सम्पूर्ण भारत एवं प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार ज्ञापित किया।इससे पूर्व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने समारोह में शामिल सभी लोगों का स्वागत करते हुए देश के स्वतन्त्रता संग्राम में राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। श्री चन्द्र ने कहा कि राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान ने सम्पूर्ण देशवासियों को एक सूत्र में पिरो कर दमनकारी अंग्रेज़ों के विरूद्ध सीसा पिलाई दीवार बन कर खड़े होने का हौंसला प्रदान किया, जिससे अंग्रेज शासकों के दांत खट्टे हो गये। सीडीओ ने कहा कि आज़ादी की प्रेरणा देने वाले इन्ही गीतों के गाने पर आज़ादी के जाने अनजाने कितने मतवालों को मुकदमों का सामना करना पड़ा। आज उन्ही के बलिदान का नतीज़ा है कि हम खुले मैदान में चौड़ी छाती के साथ राष्ट्रगान के कार्यक्रम में शामिल हैं।

# डीएम व एसपी ने किया पारले चीनी मिल के पेराई सत्र का शुभारम्भ

**पेराई सत्र 2025-2026 में 80 लाख कुण्टल पेराई का लक्ष्य**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह व अन्य अधिकारियों, क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजनों तथा प्रगतिशील गन्ना कृषकों के साथ वैदिक मंत्रोचार के बीच पारले चीनी मिल, परसेण्डी के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र 2025-2026 का शुभारम्भ किया। पेराई सत्र के शुभारम्भ अवसर पर मिल गेट पर पहुंची प्रथम बैलगाड़ी के बैलों की पूजा कर गुड़ खिलाया गया तथा बैल गाड़ी के साथ गन्ना लेकर आये गन्ना कृषकों को माला पहनाकर स्वागत किया व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने गन्ना किसानों और मिल प्रबन्धन को सफल पेराई सत्र के लिए शुभकामनाएं भी दी।डीएम श्री त्रिपाठी ने कहा कि पारले चीनी मिल की स्थापना से क्षेत्रीय कृषकों विशेषकर गन्ना कृषकों की आर्थिक उन्नति होने से इस क्षेत्र का विकास हुआ है। डीएम ने मिल अधिकारियों व गन्ना कृषकों का आहवान किया कि एक दूसरे के हितों को सर्वोपरि रखते हुए मिल का संचालन कर पेराई सत्र में नये आयाम स्थापित करें।

इस अवसर पर डीएम श्री त्रिपाठी ने कृषकों से अपील की कि फसल अवशेषों व पराली को खेत में न जलाये बल्कि उसका वैज्ञानिक विधि से निस्तारण करें ताकि भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे। डीएम ने कृषकों से अपील की कि अपने आस-पास स्थापित गो संरक्षण केन्द्रों को पराली व फसल अवशेष दानकर गौ संरक्षण जैसे पुनीत कार्य में भागीदार बने। उन्होंने मिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि कृषकों को गन्ना मूल्य का भुगतान समय से व सुगमतापूर्वक कराया जाय।चीनी मिले के महाप्रबन्धक अनिल सखूजा ने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए मिल द्वारा 80 लाख कुण्टल गन्ना पेराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृषकों को गेहूँ की बुवाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए में मिल के पेराई सत्र का श्रीगणेश कर दिया गया है। श्री सखूजा ने किसानों को सुझाव दिया कि मिल को साफ-सुथरा गन्ना की आपूर्ति करें तथा शरदकालीन बुवाई में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करें जिससे जहां एक ओर कृषकों को उनकी उपज का अधिक मूल्य प्राप्त होगा वहीं दूसरी ओर चीनी मिल भी निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गन्ने की पेराई करने में सफल होगी।इस मौके पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, कारखाना प्रबंधक अनिल यादव, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता यात्रा बनी मिसाल, उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रविवार को सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र ने एकता और राष्ट्रप्रेम का ऐसा अद्भुत संगम देखा, जो इतिहास बन गया।सैकड़ों कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के कदम जब तिरंगे के साथ आगे बढ़े, तो पूरा क्षेत्र ह्लभारत माता की जयङ्क और ह्लवंदे मातरम्ङ्क के नारों से गूंज उठा।

विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के नेतृत्व में निकली इस भव्य एकता यात्रा ने ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क के संकल्प को नई ऊँचाई दी।यात्रा में राज्यसभा सांसद डॉ. अशोक वाजपेई मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी डॉ एम पी सिंह डॉ सीता शरण त्रिपाठी जगजीत सिंह छंगू पुलकित सिंह सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेताओं की

उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।सुबह 10 बजे जमोली बॉर्डर स्थित कार्तिक मैरिज लॉन से आरंभ हुई यह यात्रा पूरे मार्ग में देशभक्ति के नारों और तिरंगे की लहरों के बीच आगे बढ़ी।रास्ते भर लोग घरों से निकलकर ह्लभारत माता की जयङ्क के नारे लगाते रहे, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर हो गया।यात्रा का समापन पटना सैदख़ानपुर स्थित महात्मा गांधी स्मारक महाविद्यालय में हुआ, जहाँ विशाल सभा का आयोजन किया गया।सभा में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और विकास के संकल्प को दोहराया गया।सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. अशोक वाजपेई ने कहा देश को अखंड और शक्तिशाली बनाने का जो सपना लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देखा था, उसी दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार कार्य कर रही है। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना आज जन-जन में दिखाई दे रही है। सरदार पटेल ने जिस एकता का बीज बोया था, वह आज राष्ट्रप्रेम के विशाल वटवृक्ष के रूप में फल-फूल रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह ने जयघोष और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरे परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।कार्यक्रम का संचालन प्रवीण अग्रवाल चेयरमैन नगरपालिका ने किया इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर एकता और अखंडता का सशक्त संदेश दिया।

# अमेठी जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

**जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। कार्यदायी संस्थाएं सामग्री की गुणवत्ता जांचकर ही उसका प्रयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी परियोजना में शिथिलता, मानक विहीन कार्य या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में डीएम संजय चौहान ने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं हेतु धनराशि प्राप्त हो चुकी है उन्हें निश्चित समयावधि में हर हाल में पूरा कराया जाय।उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाएं गंभीरता से काम करें और निर्माण में देरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जिन कार्यों को पूरा कराने में बजट की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव तुरंत शासन को भेजे जाएँ ताकि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और परियोजनाएँ समय पर पूरी हो सकें। डीएम ने निर्देश दिया कि जो परियोजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं उन्हें संबंधित विभाग को शीघ्र हैंड ओवर कर दिया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जीजीआईसी की बालिकाओं को समझाया स्वच्छता का महत्व

पूरनपुर। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के तत्वाधान में सोशियोवाईटल नेटवर्क फाउंडेशन की टीम द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉक्टर वाहिदा खान के सहयोग से पोस्टर कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा महिलाओं की स्वच्छता के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था जिसमें सभी बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें कुछ बालिकाओं ने चित्रात्मक दृश्य बनाकर तथा कुछ लोगों ने निबंध के माध्यम से महिलाओं के जिम्मेदारी व स्वच्छता के प्रति महत्व को दर्शाया है स्वच्छता में महिलाओं की भूमिका बहुआयामी है, जिसमें जागरूकता फैलाना, स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करना, कचरा प्रबंधन में भाग लेना और मासिक धर्म स्वच्छता का ध्यान रखना शामिल है। वे समुदाय को स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित करती हैं, खुद भी स्वच्छ आदतों को अपनाती हैं और उद्यमिता के माध्यम से समाधान भी प्रदान करती हैं तथा कक्षा में उपस्थित सभी शिक्षक महोदय व बालिकाओं के साथ कचरा पृथक्करण के बारे में व होम कंपोस्टिंग और कचरे से होने वाले दुष्प्रभावों को साझा किया है।

## जनता के बीच पहुंचे भाजपा नेता ऋतुराज पासवान सुनीं समस्याएं

पूरनपुर। भाजपा जिलाकार्यकरिणी सदस्य ऋतुराज पासवान ने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण करने का आदेश दिया है। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर पहुंचे श्री पासवान ने सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने इन समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया और तुरंत फोन कर समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने का आदेश दिया ऋतुराज पासवान ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की किसी भी समस्या को अनसुना नहीं किया जाएगा, चाहे वह विकास कार्यों से संबंधित हो या व्यक्तिगत जनहित की। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य है और प्रत्येक कार्यकर्ता को जनहित के कार्यों में तत्पर रहना चाहिए जनता ने इस संवेदनशील और सहयोगी रवैये की सराहना की लोगों ने कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

## गढ़ा कला बच्चों के विवाद में जेठानी ने देवरानी की पिटाई, पुलिस से शिकायत

पूरनपुर। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव गढ़ा कला में पारिवारिक विवाद के चलते दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। गांव निवासी मनीषा पत्नी कुरेंद्र पाल ने सोमवार दोपहर करीब तीन बजे बताया कि उसके बच्चों का झगड़ा जेठानी के बच्चों से हो गया था। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों में विवाद बढ़ गया। मनीषा का आरोप है कि वह शिकायत लेकर अपनी जेठानी नन्ही देवी के घर पहुंची इस पर जेठानी ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। पीड़िता ने मामले में थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है।न्यूज 4 कोतवाली क्षेत्र के गांव में छात्रा के साथ छेड़छाड़ मामले में गब्बर के खिलाफ मुकदमा दर्जपूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 8 नवंबर को उसकी बहन दोपहर लगभग 3:30 पर स्कूल से घर वापस लौट रही थी। आरोप है तभी गब्बर नामक एक युवक वहां पहुंचा और छात्रा के साथ खीचातानी करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। यह देख मौके पर मौजूद लोग दौड़ पड़े और आरोपी को पकड़कर पिटाई कर उसको पुलिस को सौप दिया था। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने मामले में छात्रा के भाई की शिकायत पर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## एनिमिया मुक्त किशोरी अभियान का शुभआरम्भ

पीलीभीत। एनिमिया मुक्त किशोरी अभियान का शुभ आरम्भ आयुष्मान आरोग्य मन्दिर अडासी ब्लाक ललौरीखेडा, पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कर कमलो द्वारा किया गया जिसमें उपस्थित किशोरियो एवं उपस्थित स्टाफ को एनिमिया से बचाव एवं मासिक धर्म स्वच्छता उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया एवं साप्ताहिक रूप से आयरन की गोलियां खाने हेतु प्रोत्साहित किया गया अभियान दिवस में 30 किषोरिया आयुष्मान आरोग्य मन्दिर अडासी पर उपस्थित हुई जिनमें से कुछ किशोरियों को प्रतीकात्मक रूप से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा आयरन की गोलियां स्वयं खिलाई गई एवं शेष किशोरियों को प्रधान जी के द्वारा आयरन की गोलियां खिलाई गई। अभियान का आयोजन जनपद के सभी सामु0 स्वा0 केन्द्र, प्रा0स्वा0 केन्द्रो, समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिरो पर चार सप्ताह तक अभियान के रूप में चलाया जायेगा जिसमें ए0एन0एम0, आषा, संगिनी, आंगनबाडी, एन0आर0एल0एम0 की दीदी एवं पंचायत सहायक के द्वारा घर-घर जाकर आयरन की गोलियां किशोरियों को खिलाई जायेगी। साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता एवं अभियान के उपरान्त भी नियमित साप्ताहिक रूप से आयरन की गोलियो का सेवन करने हेतु जागरूक किया जायेगा। जनपद में आज 75 हजार किशोरियो को आयरन की गोलियां खिलाई गई कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथ0स्वा0केन्द्र ललौरीखेडा, जिला सलाहकार आर0के0एस0के,, बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0, सामुदायिक स्वा0अधि0 आगनबाड़ी कार्यकत्री एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धुआं फैलने से मरीजों और तीमारदार परेशान

पूरनपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लैब के पास जले कचरे से धुआं उठता रहा इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया शनिवार को कचरे मे लगी आग के बाद सबक लेकर व्यवस्था सुधारना चाहिए थी लेकिन रविवार को भी यही हाल बना रहा अस्पताल परिसर में धुआं फैलने से मरीजों और तीमारदारों को परेशानी झेलनी पड़ी स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही और सफाई व्यवस्था की पोल खोल खोलते नजर आ रही है।

## श्रम विभाग ने मजदूरी हड़पने के मामले में ठोका 12 लाख का जुर्माना

सुलतानपुर। देहात कोतवाली क्षेत्र के एक मजदूर की शिकायत पर श्रम विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने गृह स्वामी को मजदूरी हड़पने का दोषी मानते हुए ?12 लाख का जुर्माना लगाया है। साथ ही जुर्माने की वसूली के लिए अमेठी जिले के अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।जानकारी के अनुसार, देहात कोतवाली क्षेत्र के निवासी पीड़ित मजदूरों ने आरोप लगाया था कि उसने अमेठी जिले में लहना निवासी एक गृहस्वामी के यहां मकान निर्माण कार्य में कई वर्षों तक मजदूरी की थी। कार्य पूर्ण होने के बावजूद गृहस्वामी ने पूरी मजदूरी का भुगतान नहीं किया। शिकायत की जांच में मामला सही पाए जाने पर श्रम विभाग ने गृहस्वामी पर ?12 लाख का दंड ठोका और अमेठी जिला प्रशासन को राशि वसूली के लिए पत्र प्रेषित किया। पीड़ित मजदूर ने कहा कि उसे अब न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि श्रमिकों के हक का पैसा हड़पने वालों पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय बजरंग दल ने गोवंश संरक्षण और के लिये एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पूरनपुर मे गौशाला होने के बावजूद निराश्रित गोवंश पशु दुर्घटना का कारण बन रहे हैं पशु किसानों की फसलों को भी चौपट कर रहे हैं भारतीय बजरंग दल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर गोवंश पशुओं के संरक्षण की व्यवस्था कराने की मांग की है पंद्रह दिन में व्यवस्था नहीं किए जाने पर संगठन ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

सोमवार को भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुंचे उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अजीत प्रताप सिंह को सौंपा इसमें कहा गया कि सरकार निराश्रित गोवंश को लेकर बेहद गंभीर है इसके लिए मोटा बजट भी खर्च किया जा रहा है इसके बावजूद तहसील क्षेत्र में गोवंश बड़ी तादाद में सड़कों पर घूम रहे हैंइससे उनकी हत्या की घटनाएं भी बढ़ गई है सड़कों पर बैठे निराश्रित गोवंश पशुओं के दुर्घटना का कारण बनने से कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं। गांव में घूमने वाले यहां गोवंश पशु किसानों की फसलों को भी नष्ट कर रहे हैं जिसको लेकर वह परेशान हैभारतीय बजरंग दल ने तहसील क्षेत्र में घूम रहे गोवंश पशुओं को पड़कर गौशाला में संरक्षित कराने की मांग कीगौशालाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त कर पशुओं के लिए चारे पानी और चिकित्सा की सुविधा दी जाए इसके साथ ही गौ पालको को प्रशासन स्तर से जागरूक करके मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के तहत 50 रुपए प्रतिदिन लाभ दिलाने की मांग भी रखी कार्यकर्ताओं ने 15 दिन में मांगे पूरी न होने पर पदयात्रा करके जन आंदोलन करने की चेतावनी दी है इस दौरान जिला अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, कुलदीप मिश्रा, रजनीश पांडे, जीत सिंह, राजपाल वर्मा, रमन पांडे, सर्वेश मिश्रा, अनुपम पांडे, पंकज मिश्रा, रजनीश सक्सेना ,सोनू राठौर , अशोक राठौर, रवि पाण्डेय,आदि मौजूद रहे है।

# मिस्टर मंडल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 में सेमी खान बने मुख्य विजेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। गोरखपुर बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में स्थानीय एम.एस.आई. इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित मिस्टर मंडल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में गोरखपुर मंडल के सभी जनपदों से सैकड़ों बॉडी बिल्डरों ने प्रतिभाग किया। भारी भीड़ और जोश के बीच मंच पर विजेताओं को सम्मानित किया गया।इस प्रतियोगिता में मिस्टर मंडल 2025 का खिताब सेमी खान (जी.ज़ेड.आई. जिम) ने अपने नाम किया।

उन्हें ट्रॉफी, साइकिल, सर्टिफिकेट और अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं रनर-अप 2025 के रूप में सोमनाथ (द राहुल फिटनेस) को पुरस्कृत किया गया।मेंस फिजिक कैटेगरी में अफजल हुसैन (द रॉक जिम) विजेता घोषित किए गए। उन्हें एलईडी टीवी, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका में तनवीर खान (नेशनल जज, वाइस प्रेसिडेंट गोल्डन इंडिया बॉडी बिल्डिंग फ़ेडरेशन, जनरल सेक्रेटरी एडवांस बॉडी बिल्डिंग ऑफ यूपी), मोहम्मद नाजिम (स्टेट जज, ज्वाइंट सेक्रेटरी एडवांस बॉडी बिल्डिंग ऑफ यूपी) तथा दीपक कुमार (स्टेट जज, लीगल एडवाइजर एडवांस बॉडी बिल्डिंग ऑफ यूपी) उपस्थित रहे। उनकी निष्पक्ष निर्णायकता की सभी ने सराहना की।कार्यक्रम का सफल संचालन गोरखपुर बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के चेयरमैन फहीम खान ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एडवोकेट समद गुफरान उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता सैयद शाहाब अहमद (स्टेट प्रतिनिधि) ने की।एम.एस.आई. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुख्तार साहब, महबूब सैयद हारिस व उनकी टीम का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। कार्यक्रम में गोरखपुर के वरिष्ठ बॉडी बिल्डरों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं – हमजा खान, साहिल, टीपू, दानिश आदि – को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर नेशनल जज तनवीर खान ने गोरखपुर बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम और चेयरमैन फहीम खान को स्टेट जज ऑफ उत्तर प्रदेश (एडवांस बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन) के टैग से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ह्लगोरखपुर की यह टीम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर का नाम प्रदेश भर में रोशन कर रही है और आगे भी संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

# गोमती नदी में छोड़ी गई दो लाख मत्स्य अंगुलिकाएं

**जल संरक्षण व पर्यावरण संतुलन की दिशा में सराहनीय पहलप्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मत्स्य विभाग ने किया कार्यक्रम का आयोजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मत्स्य विभाग द्वारा सोमवार को ग्राम निजामुददीनपुर स्थित इसौली घाट पर गोमती नदी में लगभग दो लाख मत्स्य अंगुलिकाएं (मछलियों के बच्चे) छोड़ी गईं। कार्यक्रम का शुभारम्भ ब्लाक प्रमुख मुसाफिरखाना के प्रतिनिधि विक्रांत सिंह उर्फ विक्कू द्वारा किया गया।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य गोमती नदी के जलीय पर्यावरण को संतुलित रखना, जल प्रदूषण को कम करना तथा नदी की स्वच्छता बढ़ाना है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र

एवं प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप नदी के पारिस्थितिक संतुलन को बनाये रखने हेतु विभिन्न प्रजातियों की मछलियों के बच्चे छोड़े गए हैं। ये मछलियां बड़ी होकर गोमती नदी में जल की गुणवत्ता सुधारने और प्रदूषण नियंत्रण में मदद करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अमेठी, मत्स्य निरीक्षक अमेठी, एस.बी. सिंह (पूर्व मत्स्य उत्पादन विशेषज्ञ) सहित बड़ी संख्या में मत्स्य पालक उपस्थित रहे। इस दौरान मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# कन्यादान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं: पी के सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। कन्यादान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं होता है जिस घर में कन्या होती है उस घर की उन्नति बहुत अधिक होती है एक पिता जब अपनी बेटी का हाथ युवक के हाथ में देता है तो उसका जीवन सार्थक हो जाता है बेटी भी नए घर में जाकर पिता द्वारा दिए गए संस्कार और शिक्षा के माध्यम से उस घर को अपना घर समझ कर उसे स्वर्ग बना देती है यह बात आज पीके चैरिटी ट्रस्ट के संरक्षक और समाज सेवक प्रदीप कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि जिस दिन से घर में कन्या का जन्म होता है उस दिन से ही पिता का दायित्व बन जाता है कि वह अपनी बेटी का विवाह अच्छे घर में करेगा वह बेटी को बेटे के समान ही शिक्षा देता है ताकि वह भी अपने पैरों में खड़ी हो सके उन्होंने कहा कि आज की भौतिकतावाद युग में लोगों का नजरिया बदल गया है अब वह कन्या के साथ-साथ दान दहेज की डिमांड करने लगे हैं इससे एक पिता को अपनी बेटी का शादी करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि पिता दिन-रात मेहनत कर अपनी बेटी को अच्छी शिक्षा दिलाता है अच्छे संस्कार देता है लेकिन जब वह विवाह योग हो जाती है और योग वर की तलाश में निकलता है तो उसे कई ऐसे लालची लोगों का सामना करना पड़ता है जो बिटिया की पढ़ाई लिखाई और संस्कार पर ध्यान न देकर यह कहते हैं कि आप शादी में कितना धन खर्च करेंगे उसी के अनुसार वह शादी तय करते हैं इस अवसर पर क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष हवलदार सिंह ने कहा कि हमारे समाज में दान दहेज की प्रथा की वजह से हजारों लड़कियों की शादी में विघ्न पड़ रहा है उन्होंने कहा कि आज समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है कि दहेज लेना भी पाप है और देना भी पाप है।

# नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत आरओबी मरम्मतीकरण में हो रहा चरितार्थ

**ब्रिज का बायां हिस्सा पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सुरक्षा कारणों से लगभग 100 वर्ग फीट क्षेत्र में नई छत ढालने की प्रक्रिया शुरू की गई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । जिले के प्रयागराज अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित लोहरामऊ रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के मरम्मतीकरण में सुस्ती का आलम बना हुआ है। मरम्मत कार्य इतनी धीमी रफ्तार से चल रहा है कि ह्लनौ दिन चले अढ़ाई कोसङ्क वाली कहावत यहां सटीक साबित हो रही है।

ब्रिज का बायां हिस्सा पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सुरक्षा कारणों से लगभग 100 वर्ग फीट क्षेत्र में नई छत ढालने की प्रक्रिया शुरू की गई है, लेकिन कार्य की

गति बेहद धीमी है। पिछले एक सप्ताह में सिर्फ जर्जर हिस्से का मलवा हटाया जा सका है। कार्य में हो रही देरी के कारण फिलहाल पूरे नवंबर माह तक भारी वाहन शहर के भीतर से ही गुजरेंगे। इससे नगर क्षेत्र की सड़कों पर दिन-प्रतिदिन जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय निवासी संदीप का कहना है, मरम्मत कार्य इतना धीरे चल रहा है कि हर दिन हादसे का डर बना रहता है। शहर की गलियों में ट्रक और ट्रेलर घुस रहे हैं, जिससे बच्चों और राहगीरों को खतरा बढ़ गया है। वहीं विभागीय अधिकारी ने बताया कि कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए मरम्मत की जा रही है। अधिकारी के अनुसार, काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। दिसंबर माह तक भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट

# 25 हजार रुपये का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार, कई मामलों में था वांछित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे संगठित अपराधों के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना गीडा क्षेत्र से 25 हजार रुपये के इनामी वांछित गैंगस्टर विशाल गुप्ता पुत्र फूलचंद गुप्ता, निवासी ग्राम बरपार टोला रहरवा थाना खजनी जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न आपराधिक धाराओं में कई मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने उसके विरुद्ध उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की है।दिनांक 13 अप्रैल 2025 की रात्रि में अभियुक्तों ने वादी मुकदमा के घर के सामने खड़ी दो पिकअप वाहनों को, जिनमें अनाज भरा हुआ था, चोरी कर लिया था। इस संबंध में थाना गीडा पर मुकदमा अपराध संख्या 222/2025 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान अभियुक्त विशाल गुप्ता का नाम सामने आने पर वह फरार चल रहा था, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।1. मुकदमा अपराध संख्या 222/2025, धारा 303(2), 317(2), 317(4), 317(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना गीडा, गोरखपुर।2. मुकदमा अपराध संख्या 558/2025, धारा 2(ख) की उपधारा (क), (ङ्क) व 3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, थाना गीडा, जनपद गोरखपुर।पुलिस ने अभियुक्त को घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है तथा उससे जुड़े अन्य गिरोह के सदस्यों की जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सम्पादकीय

# क्या दूसरे चरण में और भी ज्यादा वोटिंग होगी?

बिहार चुनाव के पहले चरण का मतदान पूरे चुनाव को जलेबी बना रहा है। पिछली बार से करीब 8 फीसदी ज्यादा वोटिग हुई है। अभी चुनाव आयोग का अंतिम आंकड़ा बाकी है। माना जा रहा है कि 2020 में जहां 57 फीसदी वोटिंग हुई थी इस बार अंतिम आंकड़ा 67 को छू सकता है। वैसे 2020 की इन्हीं सीटों की बात करें तो यह आंकड़ा तब का 46.7 था यानी इस बार जो मतदान हुआ वह इससे 17.96 फीसदी ज्यादा है। तो अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि इतना ज्यादा वोटर किसे निपटाने या किसे बचाने बूथ तक पहुंचा। पहले चरण में कुल 18 जिलों में मतदान हुआ इसमें से 10 जिलों में तो बम्पर वोटिंग हुई लेकिन बाकी 8 जिलों में भी पहले के मुकाबले ज्यादा वोटिंग हुई। इस का मतलब क्या निकाला जाए? एक तर्क यह है कि पूरे बिहार में कोई एक मुद्दा काम करता नजर आ रहा है। दूसरा तर्क यह है कि महिलाओं ने नीतीश कुमार को वोट दिया है। तीसरा तर्क है कि जेन-जी ने तेजस्वी यादव को नौकरी लगने का अग्रिम मिठाई वोट दिया है। कुछ लोग इसे सुनियोजित वोट चोरी से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि उन जिलों में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई हैं जहां सबसे ज्यादा वोट काटे गए थे तो शुरूआत इसी आरोप की पड़ताल से करते हैं। वोट प्रतिशत का बढना एस.आई.आर. के कारण संभव हो सका है। पहली सूची 7.89 करोड़ वोटरों की थी जिसे घटाकर 7.42 करोड़ कर दिया गया। स्वाभाविक है कि एक भी वोट नहीं बढने की सूरत में भी वोट प्रतिशत में इजाफा होना ही है। अब सवाल हो सकता है कि 10 फीसदी वोट एस.आई.आर. के कारण बढ़ा हो लेकिन बाकी का 8-10 फीसदी अतिरिक्त वोट किसका है, किस मुद्दे पर है, किसके खाते में गया है, एन.डी.ए. या महागठबंधन के हिस्से आया है या एन.डी.ए. में नीतीश और महागठबंधन में तेजस्वी के लिए आया है या फिर प्रशांत कुमार (पी.के.) की स्वराज पार्टी के पास जा रहा है। वैसे पी.के. ने चुनाव का माहौल बनाया और नौकरी, पलायन, आधे-अधूरे विकास जैसे मुद्दों को जोरदार ढंग से सामने रखा। इसके लिए बिहार की जनता पी.के. का शुक्रिया अदा तो करती है लेकिन क्या किंगमेकर की भूमिका में भी लाएगी या 5 साल इंतजार करने को कह रही है। महिला वोटर बड़ी तादाद में निकलीं। क्या मान कर चला जाए कि 10 हजारी योजना काम कर गई। जब तक चुनाव आयोग महिला वोटर का आंकड़ा सामने नहीं रखता तब तक निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता। वैसे भी अगर पुरुषों के मुकाबले महिलाएं ज्यादा संख्या में निकली हैं तो इसमें हैरानी की बात नहीं है। पिछली बार भी 60 फीसदी महिलाओं ने वोट दिया था जबकि पुरुष वोटर का प्रतिशत 54 ही था। दिलचस्प तथ्य है कि उस समय भी एन.डी.ए. को महागठबंधन के मुकाबले एक फीसदी ज्यादा ही महिला वोट मिला था जबकि महागठबंधन को एन.डी.ए. के मुकाबले दो फीसदी ज्यादा पुरुषों का वोट मिला था। इसका मतलब यह नहीं है कि 2025 में भी 2020 को दोहराया जाएगा लेकिन इतना तय है कि सवा करोड़ महिलाओं के खाते में कुल मिलाकर करीब 12 हजार करोड़ रुपए जमा करना नीतीश कुमार के हक में जरूर जाना ही चाहिए। अगर ऐसा है तो क्या अगली किस्त का ऐलान दूसरे चरण से पहले हो जाएगा और उसमें ज्यादा से ज्यादा जीविका दीदी को शामिल करने की कोशिश होगी। पहला चरण कुल मिलाकर नीतीश कुमार के नाम रहा है। ऐसा आमतौर पर कहा जा रहा है तो क्या वह एन.डी.ए. के सबसे बड़े दल के रूप में सामने आ सकते हैं। महिलाओं के साथ-साथ युवा वोटरों का उत्साह भी देखा गया। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि बिहार में 18 से 35 साल के युवा वोटरों की संख्या महिला वोटरों से ज्यादा है लेकिन युवा वोटरों में युवतियां भी शामिल हैं।

# मौलाना ने कभी नहीं चाहा देश का बंटवारा

**मौलाना अब्दुल कलाम आजाद जयंती अवसर पर**

भारत की स्वतंत्रता और भारत की सेवा करने वालों में मौलाना अबुल कलाम आजाद का नाम प्रमुख है। सन 1857 की जंगे आजादी में उनके पिता भी एक सेनानी थे। उस समय उनकी गतिविधियों को देखकर अंग्रेज सरकार बौखला उठी और उनके ऊपर अपने अत्याचारों का शिकंजा कस दिया। उस आफत से बचने के लिए वे दिल्ली छोड़कर अरब स्थित मक्का में चले गए। वहीं सन 1888 में मौलाना आजाद का जन्म हुआ। उनकी सारी तालीम कुछ तो अपने वालिद के कदमों में हुई और कुछ पुराने तर्ज के संकतबों और मदरसों में हुई। उच्च शिक्षा काहिरा की अल अजहर विश्वविद्यालय में ग्रहण किया। छोटी उम्र में ही मौलाना आजाद ने पश्चिम एशिया के कई देशों में जाने का अवसर प्राप्त किया। उन दिनों सारे एशिया में कौमी आजादी की जबरदस्त लहरें उठ रही थी। होनहार कलाम आजाद की खोजी और पवित्र आत्मा पर इसका बहुत गहरा प्रभाव पड़ा। यही प्रभाव उनके भारत आने के पश्चात पूरी तरह से मुखरित हुआ। मौलाना के दादा मौलाना मुहम्मद शाह दानी के उस्ताद और पीर थे। इनके पिता मौलाना मोहम्मद खैरुद्दीन मक्के से लौटकर कुछ दिन बंबई में रहने के पश्चात कलकत्ता जाकर बस गए। सन 1908 में उनकी मृत्यु हो गई। मौलाना आजाद बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। फिर ऊपर से उच्च शिक्षा और अनेक देशों में घूमकर प्राप्त किया अनुभव का ज्ञान उनकी सोच एवं विचार को बहुत परिस्कृत एवं प्रभावित कर गया था। वे अंग्रेजी, फारसी, अरबी, उर्दू हिंदी की जुबान फरटि से बोलते थे। आजाद ने पूरब और पश्चिम की दोनों धाराओं को खूब गहरे देखा समझा था, जिसके फलस्वरुप दोनों के मिश्रण से उन्होंने दोनों सभ्यताओं के मंथन पश्चात कई नए विचारें क्रा प्रतिपादन किया। मौलाना ने अपने विचारों को सामान्य जन तक पहुंचाने के लिए सबसे पहले एक साप्ताहिक अखबार ''लिसानुल हक'' निकाला। जिसका मतलब है सत्य की आवाज इस अखबार ने लोगों के दिलो पर अबुल कलाम आजाद का सिक्का बिठा दिया। मौलाना ने ही देश की स्वतंत्रता की धारा से कटे ओर अलग थलग रहने वाले मुसलिम समुदाय को सियासी हलचलों में जोड़ने की अहम भूमिका निभाई। यह सब देखकर अंग्रेजों के कान एकदम खड़े हो गए। और उन्होंने भी कूटनीतिक चाले चलनी शुरु कर दी। फूट डालो और राज करो की नीति के तहत उन्होंने मुसलमानों को हिंदुओं के खिलाफ भड़काना शुरु कर दिया। अंग्रेज अपने मतव्य में एक हद तक सफल भी हो गए पर धीरे-धीरे दोनों समुदाय के लोगों को यह अच्छी तरह से समझ में आ गया कि हमारे एक रहने में ही सभी की भलाई है। अबुल कलाम जैसे युवको की समिति ने इस प्रकार के जन जागरण में महति भूमिका का निर्वहन - किया। कलाम ने अपने उर्दू अखबार ''अल हिलाल'' के संपादकीय लेखों में निडरता के साथ देश की आजादी पर खुले आम आग उगला। इसका भारतीय मुसलमानों के दिलों और दिमाग पर गहरा और जबरदस्त असर पड़ा। नतीजा यह हुआ कि अलीगढ़, की फिर के वारांना इमारत का सारा ढांचां यहां तक की उसकी जड़ें तक हिल गई। उस इमारत की रक्षा करने वाले अंग्रेजों को डर सताने लगा कि उनकी सारी मेहनत मिट्टी में न मिल जाए, तब अंग्रेजों ने उन्हें पूरे चार वर्ष तक रांची में नजरबंद कर दिया। महात्मा गांधी ने इसी समय अहिंसात्मक असहयोग को भारत की आजादी का जरिया बताकर उसे देशवासियों के सामने पेश किया। तब मौलाना आजाद और गांधी ने मिलकर देश की आजादी के लिए काम करने का फैसला किया और उस समय से लेकर जिंदगी के अंत तक मिलकर काम करते रहे। अंग्रेजों के अत्याचार और मुस्लिम लोगो के खिलाफत करने के बावजूद वे थोड़ा भी - अपने पथ से विचलित नहीं हुए। देश की आजादी के खतरों और कांटों से भरे रास्ते, पर चलते रहने का उनके दिल के अंदर अटल संकल्प था। इस दृढ़ विश्वास और इस संकल्प से ही मौलाना आजाद की महानता का सबूत मिलता है। मौलाना आज़ाद के दृढ़ इरादों को तोड़ने के तरह तरह के हथकंडे अपनाए गए अत्याचार एवं दमन कार्यवाही की झड़ी लगा दी गई। पर फिर भी अंग्रेज सरकार उन्हें तोड़ने में कामयाब नहीं हो पाई। उन्हें बारह बरस से ज्यादा नजरबंदी और जेलखानों के भीतर बिताने पड़े। जून 1941 में जर्मनी ने सोवियत संघ पर हमला किया और दिसंबर 1914 में जापान ने अमेरिका के नौसेना अड्डे पर पर्ल हार्बर पर हमला किया इसके साथ ही विश्व युद्ध का विस्तार हो गया। फासिस्ट देशों के साथ लड़ने वाले देश के उद्देश्य जब सुस्पष्ट हो गए तब उन्होंने सभी राष्ट्रों की स्वाधीनता को अपना समर्थन दिया। जनता द्वारा अपनी पसंद की सरकार बनाने के अधिकार को भी उन्होंने समर्थन दिया। इस प्रकार महायुद्ध सभी देशों की स्वाधीनता के लिए और जनतंत्र के लिए एक शक्तिशाली साध्य बन गया। मगर ब्रिटिश सरकार ने घोषणा की कि आत्मनिर्णय का सिद्धांत भारत पर लागू नहीं होगा। फासिस्ट को मानवता का शत्रु मानने वाले अबुल कलाम आजाद जैसे नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता अपने देश की सरकार पर नियंत्रण स्थापित कर लेने के बाद फासिज्म के विरुद्ध लड़ाई में शामिल हो जाएंगी। परंतु समाप्त हो जाने के बाद भारत को स्वाधीनता देने का वादा करने से ब्रिटिश सरकार ने इंकार कर दिया। सन 1923 में मौलाना पहली बार इंडियन नेशनल कांग्रेस के दिल्ली स्पेशल सेशन के चुने गए। सन 1940 में वे दो बार रामगढ़ कांग्रेस के सदर चुने गए। उक्त से लेकर आजादी मिलने और उसके बाद तक वह बराबर कांग्रेस पार्टी के बड़े कद्रदानों में बने रहे। हिंदुस्तान का बंटवारा उन्हें अदर तक कचोट गया। उनका विचार था मैं अंग्रेजों से कभी नहीं हारा पर अपनों के बंटवारे के निर्णय ने मुझे हरा दिया। -सुरेश सिंह बैस शाश्वत



**उच्च शिक्षा काहिरा की अल अजहर विश्वविद्यालय में ग्रहण किया। छोटी उम्र में ही मौलाना आजाद ने पश्चिम एशिया के कई देशों में जाने का अवसर प्राप्त किया। उन दिनों सारे एशिया में कौमी आजादी की जबरदस्त लहरें उठ रही थी। होनहार कलाम आजाद की खोजी और पवित्र आत्मा पर इसका बहुत गहरा प्रभाव पड़ा। यही प्रभाव उनके भारत आने के पश्चात पूरी तरह से मुखरित हुआ। मौलाना के दादा मौलाना मुहम्मद शाह दानी के उस्ताद और पीर थे। इनके पिता मौलाना मोहम्मद खैरुद्दीन मक्के से लौटकर कुछ दिन बंबई में रहने के पश्चात कलकत्ता जाकर बस गए। सन 1908 में उनकी मृत्यु हो गई। मौलाना आजाद बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे। फिर ऊपर से उच्च शिक्षा और अनेक देशों में घूमकर प्राप्त किया अनुभव का ज्ञान उनकी सोच एवं विचार को बहुत परिस्कृत एवं प्रभावित कर गया था। वे अंग्रेजी, फारसी, अरबी, उर्दू हिंदी की जुबान फरटि से बोलते थे। आजाद ने पूरब और पश्चिम की दोनों धाराओं को खूब गहरे देखा समझा था, जिसके फलस्वरुप दोनों के मिश्रण से उन्होंने दोनों सभ्यताओं के मंथन पश्चात कई नए विचारें क्रा प्रतिपादन किया। मौलाना ने अपने विचारों को सामान्य जन तक पहुंचाने के लिए सबसे पहले एक साप्ताहिक अखबार ''लिसानुल हक'' निकाला। जिसका मतलब है सत्य की आवाज इस अखबार ने लोगों के दिलो पर अबुल कलाम आजाद का सिक्का बिठा दिया। मौलाना ने ही देश की स्वतंत्रता की धारा से कटे ओर अलग थलग रहने वाले मुसलिम समुदाय को सियासी हलचलों में जोड़ने की अहम भूमिका निभाई। यह सब देखकर अंग्रेजों के कान एकदम खड़े हो गए। और उन्होंने भी कूटनीतिक चाले चलनी शुरु कर दी। फूट डालो और राज करो की नीति के तहत उन्होंने मुसलमानों को हिंदुओं के खिलाफ भड़काना शुरु कर दिया। अंग्रेज अपने मतव्य में एक हद तक सफल भी हो गए पर धीरे-धीरे दोनों समुदाय के लोगों को यह अच्छी तरह से समझ में आ गया कि हमारे एक रहने में ही सभी की भलाई है। अबुल कलाम जैसे युवको की समिति ने इस प्रकार के जन जागरण में महति भूमिका का निर्वहन - किया।**

# क्या फिर विवादों में आएगा एसआईआर

**अवधेश कुमार**

बिहार के बाद देश भर में विशेष मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान या एस.आई.आर. की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। चुनाव आयोग ने भले बिहार में एस.आई.आर. हर दृष्टि से सफलतापूर्वक सम्पन्न किया और उसके आधार पर विधानसभा चुनाव भी हो रहा है पर इसका यह अर्थ नहीं कि विरोधी इसे स्वीकार कर खामोश रहेंगे। 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्तूबर से 7 फरवरी तक चलने वाले एस.आई.आर. को लगातार विवादों में लाया जाएगा। ध्यान रखिए, जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गहन पुनरीक्षण अभियान हो रहा है उनमें अगले 3 वर्षों के अंदर विधानसभा चुनाव होने हैं। पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी में विधानसभा चुनाव 2026 में, गोवा, गुजरात, उत्तर प्रदेश में 2027 में और छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2028 में हैं। इसी में अंडेमान निकोबार व लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश हैं। अगले वर्ष असम में भी चुनाव हैं जबकि उसे शामिल नहीं किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का स्पष्टीकरण है कि भारतीय नागरिकता कानून में असम के लिए अलग प्रावधान है। उच्चतम न्यायालय की देखरेख में वहां नागरिकता की जांच लगभग पूरी होने वाली है। इसलिए असम के लिए अलग से संशोधन के आदेश जारी किए जाएंगे। भाजपा और उसके कुछ साथी दलों को छोड़कर अनेक विरोधी चुनाव आयोग को निशाना बनाएंगे और संभव है फिर यह मामला न्यायालय में जाए। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने बिहार में एस.आई.आर. पर रोक की अपील को स्वीकार नहीं किया। इसके लिए दिए गए ज्यादातर तथ्य गलत पाए गए। लेकिन जैसा हम जानते हैं पिछले काफी समय से भारत के चुनावों को विवादास्पद बनाने, उसे संदेह के घेरे में लाने की जिस तरह की कोशिश होती रही है वह जारी रहेगी। जिस तरह बिहार में इतने सशक्त, सघन और आक्रामक विरोधों तथा अस्वीकार्य आरोपों व लांछनों के बावजूद चुनाव आयोग ने अपना काम पूरा किया वैसे ही देश में भी यह पूरा होगा। जैसा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया इसके लिए एन्यूमरेशन फॉर्म को प्रिंट करने से लेकर राजनीतिक दलों के बी.एल.,बूथ लैवल एजैंट तथा सरकारी बी.एल.ओ. या बूथ लैवल आफिसर आदि का प्रशिक्षण 28 अक्तूबर से 3 नवम्बर तक चलेगा और उसके बाद 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी जुटाई जाएगी। दावे और आपत्तियों की अवधि 9 दिसंबर, 2025 से 8 जनवरी, 2026 होगी तथा 9 दिसंबर, 2025 को अंतरिम मतदाता सूची सार्वजनिक की जाएगी। सूचना चरण यानी सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक चलेगा तथा अंतिम सूची 7 फरवरी 2026 को जारी होगी। इसके बाद भी किसी को आपत्ति होगी तो वह निहित प्रक्रिया के तहत अपना नाम जुड़वा सकते हैं। संक्षेप में देखें तो जैसा बिहार में हुआ वही सभी राज्यों में होगा। यानी अभी तक की मतदाता सूचियों के मतदाताओं को बी.एल.ओ. द्वारा विशिष्ट गणना फार्म दिया जाएगा। जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में होंगे उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। जिनके माता-पिता के नाम सूची में होंगे उन्हें भी कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना होगा। निश्चित रूप से दस्तावेज जुटाने में समस्याएं आती हैं। किंतु बिहार में अगर पात्र मतदाता वंचित नहीं रहे तो मान कर चलना चाहिए कि देश में भी ऐसा ही होगा। वास्तव में चुनाव आयोग की भूमिका समय-समय पर मतदाता सूची को अद्यतन करना है किंतु विशेष पुनरीक्षण अभियान सामान्य अद्यतन प्रक्रिया नहीं है। एक अंतराल के बाद मतदाता सूची में शामिल अनेक व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी होती है तो अनेक स्थान बदल लेते हैं। स्थान बदलने से कई बार एक व्यक्ति के नाम कई जगह शामिल हो जाते हैं। कुछ अवैध नाम भी मतदाता सूची में शामिल कर लिए जाते हैं। इस नाते इनका शुद्धिकरण आवश्यक होता है और यही एस.आई.आर. का लक्ष्य है। संविधान की धारा 326 के तहत कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित न रहे तो कोई अपात्र भी उसमें शामिल नहीं होना चाहिए। यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। जरा सोचिए, मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम 21 साल पहले 2002-04 में हुआ था। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का यह कहना सही है कि बिहार में एस.आई.आर. सफल रहा है। वहां एक भी अपील नहीं आई।

## सेहत मंत्र

# दिमाग को खोखला कर देते हैं फूलगोभी और पत्तागोभी के कीड़ें

स्वस्थ रहने के लिए ताजी हरी सब्जियों का सेवन बहुत फायदेमंद होता है लेकिन कुछ सब्जियां ऐसी भी हैं, जोकि आपकी सेहत के लिए खतरा बन सकती हैं। जी हां, हाल ही में हुए रिसर्च के मुताबिक फूलगोभी और पत्तागोभी जैसी सब्जियां दिमाग को नुकसान पहुंचा रही हैं। दरअसल, इन सब्जियों में ऐसे कीड़े होते हैं, जोकि सब्जियां पकाने पर भी नहीं मरते और दिमाग में जाकर गंभीर बीमारी का खतरा पैदा करते हैं। **इन सब्जियों में होते हैं हरे रंग के कीड़े**- शोध में सामने आया है कि इन दो सब्जियों में 'टेपवार्म' (हरे रंग के कीड़े) पाए जाते हैं, जिन्हें आप ना चाहते हुए भी सब्जी के साथ पकाकर खा जाते हैं। यह कीड़े सब्जियों को धोने या पकाने पर भी नहीं जाते। यह जीवाणु अधिक से अधिक तापमान को भी सहन कर सकते हैं, जोकि खाना पकाने और शरीर में जाने के बाद भी खत्म नहीं होते। यह धीरे-धीरे दिमाग तक पहुंच जाते हैं और गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा करते हैं। **दिमाग तक ऐसे पहुंचते हैं ये कीड़े**- टेपवार्म नामक यह कीड़ा सब्जियों में चिपका होता है। साधारण आंखों से पकड़ में ना आने वाला यह कीड़ा पेट में जाने के बाद रक्त-वाहिका के रास्ते दिमाग तक पहुंच जाता है। **दिमाग को खोखला कर देते हैं ये कीड़ें**- ये कीड़े पेट में जाकर अंतड़ियों के साथ चिपक जाते हैं और अंडे बनाना शुरू कर देते हैं। इन अंडों से निकलने वाले जीवाणु रक्त वाहिका में बहते हुए दिमाग तक पहुंच जाते हैं और धीरे-धीरे ब्रेन को खोखला कर देते हैं। इसके कारण बर्दाश्त ना होने वाला सिर दर्द, मिर्गी के दौरा और मौत का रिस्क बढ़ जाता है। **टेपवार्म के असर का पहला स्टेज**- इसकी पहली स्टेज में असहनीय दर्द का सामना करना पड़ता है। इससे होने वाला सिरदर्द इतना तेज होता है कि दवाई लेने पर भी नहीं जाता। **टेपवार्म के असर का दूसरा स्टेज**- इसके दूसरे स्टेज में आपको मिर्गी या ब्रेन स्टोक हो सकता है क्योंकि यह कीड़े दिमाग में जाकर चिपक जाते हैं।

## धर्म मंत्र

# बृहस्पतिवार को पांच चीजों से करें गुरु बृहस्पति को प्रसन्न

बृहस्पतिवार के दिन भगवान विष्णु और साईं बाबा का दिन माना जाता है। मान्यता है कि भगवान विष्णु और साईं बाबा दोनों को ही पीला रंग पसंद है। ज्योतिषों के अनुसार सभी ग्रहों की तुलना में आकार में बड़ा ग्रह बृहस्पति एक शुभ ग्रह है। यह दूसरे सभी ग्रहों का गुरु भी कहा जाता है। बृहस्पतिवार के दिन पूजा में पीले फूल, हल्दी, पीला अनाज शामिल करना अनिवार्य होता है। इससे भगवान बृहस्पति काफी जल्दी प्रसन्न होते हैं। वह भक्तों की हर मुराद पूरी करते हैं। इसके साथ ही जानें और कौन सी चीजें हैं जिनके प्रयोग से बृहस्पति को खुश किया जा सकता है। **बृहस्पति की प्रिय पांच चीजें: फूल**- ज्योतिष के अनुसार देव गुरू बृहस्पति का स्थान सर्वोच्च है, इसीलिए उनका ग्रहों में उनका प्रथम स्थान है। उनके प्रिय फूल है जास्मीन उनकी पूजा में इस पुष्प के प्रयोग से वे अत्यंत प्रसन्न होते हैं। **पीला रंग**- इस दिन पीले रंग को खाने और पहनने की चीजों में शामिल किया जाए तो कई लाभ होते हैं। इस दिन पीले रंग की मिठाई जरूर खाएं। इससे स्वास्थ्य अच्छा होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी और सफलता मिलेगी। बुद्धि भी तेजी से विकसित होती है। समाज में पद प्रतिष्ठा बढ़ती है। जिन युवक युवतियों की शादी में रुकावट आ रही है। उन्हें पीले रंग का आभूषण व कपड़ा पहनने से लाभ होगा। **चने की दाल**- बृहस्पति की पूजा में चने की दाल का अत्यंत महत्व होता है। इस दिन चने की दाल और चावल को मिला कर चढ़ाने और उसकी खिचड़ी का भोग लगाने और प्रसाद खाने से पुण्य मिलेगा। **पीला सफायर**- बहुमूल्य हीरे, जवाहारातों में पीला सफायर बृहस्पति का प्रिय है। इस दिन इसे धारण करने सुख समृद्धि मेंवृद्धि होती है। **प्रिय धातु**- बृहस्पति वार को गुरू की प्रसन्नता के लिए सोने, तांबे और कांसे की धातुओं का दान और खरीद को शुभ माना जाता है।

## पर्यटन



# रंग-बिरंगी विरासत का शानदार नमूना है जौनपुर

गंगा-जमुनी तहजीब की खुशबूभारत में गंगा-जमुनी संस्कृति की तहजीब लिए शहरों की कमी नहीं। ऐसा ही एक शहर है जौनपुर। यहां आप देश की विविध संस्कृति और इसकी रंग-बिरंगी विरासत का शानदार नम अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है गोमती नदी के तट पर बसा उत्तर प्रदेश का जौनपुर शहर। यदि आप इतिहास के लगाव रखते हैं और देश की गंगा-जमुनी तहजीब के कायल हैं तो यहां की आबोहवा खूब लुभाएगी। चौदहवीं सदी के दौरान शर्की शासनकाल में तो जौनपुर शहर सल्तनत का स्वर्णकाल रहा। इस दौरान यहां शानदार निर्माण कार्य हुए। जिन-जिन शासकों को आप इतिहास की किताब में पढ़े होंगे, उनमें से कई प्रमुख शासकों का ताल्लुक इस शहर से रहा है। शेरशाह सूरी की शिक्षा-दीक्षा तो यहीं के तालीमी इदारे में हुई थी। मुगल बादशाह अकबर महान ने स्वयं यहां आकर शाही पुल के निर्माण का आदेश दिया तो सिखों के नौवें धर्मगुरु गुरु तेग बहादुर सिंह की यह तपोस्थली भी रहा है यह शहर। यहां आने के बाद आप खुद पाएंगे यह विरासतों का शहर है। एक ऐतिहासिक शहर है, जहां के कण-कण में देश की संस्कृति की खुशबू घुली है। दिल्ली व कोलकाता के बीचोंबीच स्थित है यह शहर। कहते हैं इस भूभाग पर साक्षात मां सरस्वती की कृपा बरसती है। यहां कला के पुजारी, साधक रहे और अपनी कलात्मक दृष्टि से इस शहर को सजाया-संवारा। अमन की धरती है यह, जिसे वैदिक कालीन, बौद्ध, सल?तनत, मुगल काल से लेकर शर्की काल में भी शिक्षा के प्रमुख मरकज के रूप में दुनिया में पहचान मिली है। शर्की शासन 14वीं सदी में इब्राहिम शाह शर्की, महमूद शाह शर्की व हुसैन शाह शर्की के शासनकाल में उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल की तराई के भूभाग, असम के तिरहुत, उड़ीसा, ग्वालियर तक का भूभाग जौनपुर साम्राज्य के अधीन रहा है। महर्षि परशुराम के पिता यमदग्नि ऋषि की तपस्थली यहां जौनपुर जिला मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर पूरब में स्थित है। किंवदंतियों के अनुसार उनसे मिलने यहां स्वयं भगवान राम आए थे। पितृ भक्त परशुराम ने पिता की आज्ञा पाकर मां रेणुका का सिर यहीं धड़ से अलग कर दिया था। हालांकि ऋषि यमदग्नि ने अपने तपबल से पुनः रेणुका को जीवित कर दिया था। महर्षि यमदग्नि के ही नाम पर प्रारंभ में इस जनपद का नाम यमदग्निपुरम् पड़ा, जो कालांतर में जौनपुर के नाम से जाना गया। ऋषि यमदग्नि का आश्रम व रेणुका देवी का मंदिर यहां आज भी मौजूद है।

# दुर्लभ घटना : गाय ने तीन बच्चों को दिया जन्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। मसौली ब्लाक की ग्राम पंचायत गुरेला गांव में राजेश मिश्रा पुत्र स्व0 छबिलाल की गाय ने एक साथ तीन बच्चो को जन्म दिया। ये मामला गांव के साथ ही आसपास के क्षेत्र के लिए भी कौतूहल का विषय बना है। लोग न केवल गाय और उसके तीन बच्चो को देखने उमड़ रहे हैं बल्कि गुड़ आदि भी खिलाकर गोसेवा का पुण्य प्राप्त कर रहे हैं। पशु चिकित्सा विज्ञानी इसे दुर्लभ मामला मान रहे हैं। चिकित्सकों को कहना है कि दो बच्चों के होने के मामले तो सामने आते रहते हैं लेकिन एक साथ तीन बच्चे होना वाकई दुर्लभ मामला है।

गुरेला गांव निवासी राजेश मिश्रा के घर मे काफी समय से गाय पाली जाती है सोमवार को उनकी देशी नस्ल की गाय ने एक-एक कर तीन बच्चो को जन्म दिया तो उनके परिवार के लोगो का आश्चर्य का ठिकाना न रहा। तीनों बच्चे और गाय पूरी तरह स्वस्थ हैं और लोग देखने पहुंच रहे हैं। परिवार के सभी लोग गाय बच्चो की देखरेख में लगे हैं। राजेश मिश्रा बहुत निर्धन है खेती योग्य भूमि भी नही है उन्होंने बताया कि अब उनके पास एक गाय दो बछडा बछिया भी हैं। न्यूचरल गर्भाधान से हुआ है।

### क्या कहते हैं डॉक्टर

पशुपालन विभाग के पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 संजीव कुमार का कहना है कि गाय का एक साथ तीन बच्चों को जन्म देना एक दुर्लभ घटना है, यह एक आश्चर्यजनक और खुशी की खबर मानी जाती है एक साथ तीन बच्चो को जन्म देना एक असामान्य घटना है, और यह तभी होता है जब गर्भाधान के दौरान भ्रूण के कोशिकाएं विभाजित हो जाती हैं और अलग-अलग बच्चे बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य तौर पर एक बार में गाय एक ही एग रिलीज करती है, जिसे स्पर्म डिफ्यूज करता है। इससे एक बच्चे का जन्म होता है लेकिन कभी-कभी एग में विखंडन हो जाता है और गर्भ में दो या तीन बच्चों का विकास हो जाता है। अब तक दो बच्चे होना तो सामान्य मामला था लेकिन तीन बच्चे होना अपने आप में दुर्लभ मामला है। इसे दिखवाया जाएगा और बच्चो एव गाय के स्वास्थ्य के लिए दवाए उपलब्ध करायी जाएंगी।

# तीन दबंगों ने एक युवक को दौड़ा-दौड़ कर पीटा, मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर। कोठी थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में सोमवार को मामूली बात पर ऐसा हंगामा हुआ कि पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गांव के ही कुछ दबंगों ने एक युवक को बीच सड़क पर डंडों और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीट दिया। बताया जा रहा है कि युवक को दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया – वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग सका। मामला सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से जुड़ा है। कार्यक्रम की होर्डिंग में गांव के सोहित यादव की फोटो छाप दी गई थी, जबकि उसने पहले ही मना किया था। जब होर्डिंग लगाई गई, तो सोहित ने गुस्से में जाकर अपना फोटो काट दिया। बस यही बात गांव के दबंग जो अपने आप को भाजपा नेता कहता है सुभाष यादव को नागवार गुज़री, और दोनों के बीच कहासुनी हो गई।चार दिन बाद जब सोहित बाइक से घर लौट रहा था, तभी

सुभाष अपने भाइयों भानु प्रकाश और अंकुल के साथ रास्ते में घात लगाकर बैठा मिला। तीनों ने मिलकर सोहित की बाइक गिरा दी और लोहे की रॉड व डंडों से बुरी तरह पिटाई कर दी। जब तक गांव वाले मौके पर पहुंचे, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गांव में इस घटना को लेकर जबरदस्त आक्रोश है।ग्रामीणों का आरोप है कि कोठी थाने की पुलिस ने पहले तो घायल युवक का मेडिकल तक नहीं कराया, और जब मामला बढ़ने लगा तो आनन-फानन में दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर दी। लोगों में चर्चा है कि इस पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है। वहीं थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया का कहना है कि दोनों पक्षों में मामूली कहा सुनी हुई है किसी को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है तस्वीरों में घायल युवा की तस्वीर देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवक की किस तरह पिटाई हुई है थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया का कहना है कि ह्लदोनों पक्षों के बीच शांति भंग की कार्रवाई की गई है। हालांकि ग्रामीण पुलिस की इस कार्रवाई से नाराज हैं और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

# 76.13 करोड़ से बनेगा दो लेन का ओवरब्रिज

**यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य शुरू, दो वर्षों में मिलेगा जाम से छुटकारा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से चौकाघाट रेलवे स्टेशन के समीप 76.13 करोड़ की लागत से दो लेन का ऊपरगामी सेतु निर्माण प्रस्तावित है। यह सेतु गोण्डा-लखनऊ रेल सेक्शन के चौकाघाट से बुढ़वल जंक्शन के बीच स्थित होगा।परियोजना के प्रथम चरण में यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। इस कार्य के लिए यूपीपीसीएल ने ?10 लाख का एस्टीमेट तैयार किया है। सेतु निगम के इंजीनियर मनीष सिंह ने बताया कि सभी आवश्यक स्वीकृतियां मिलते ही सेतु निर्माण औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। करीब 900 मीटर लंबा यह ओवरब्रिज दो वर्षों में पूरा होने की संभावना है। इसके बन जाने से रेलवे क्रॉसिंग और हाईवे दोनों पर लगने वाला जाम समाप्त होगा तथा स्थानीय निवासियों और राहगीरों को राहत मिलेगी। साथ ही दुर्घटना संभावनाओं में भी कमी आएगी।स्थानीय लोगों ने इस परियोजना को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण विकासात्मक कदम बताया है।

# भव्य कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। मनोहारी भव्य कलश यात्रा निकालकर सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि नगर पंचायत रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी में त्रिवेणी दत्त मिश्रा द्वारा अपने पिता स्वर्गीय श्याम सुंदर मिश्रा एवं स्वर्गीय कृष्णावती मिश्रा की पुण्य स्मृति व चार धाम की यात्रा सकुशल संपन्न होने पर सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। आज सोमवार को त्रिवेणी दत्त मिश्रा बच्चन धर्म पत्नी मिथलेश सुपुत्र नीरज मिश्रा रजत मिश्रा की अगुवाई में सैकड़ो महिलाएं व पुरुष कथा स्थल से सर पर कलश रखकर कस्बे का भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर पक्का तालाब पहुंचे जहां पर सरोवर का पवित्र जल भरकर गायत्री शक्तिपीठ होते हुए कथा स्थल पर पहुंचे जहां कथा व्यास अखिलेश जी महाराज श्री नारायण आश्रम वृंदावन धाम मथुरा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विध विधान के साथ कलश की स्थापना कराकर भागवत कथा का शुभारंभ किया। यह कथा अनवरत 7 दिन चलकर 17 नवंबर को पूर्ण आहुति एवं विशाल भंडारे के साथ समाप्त होगी। इस कलश यात्रा में अनिल दत्त मिश्रा रवि दत्त नीरज मिश्रा विशाल मिश्रा शिखर सिवेश राजा शिवम डब्लू रोहित प्रभात विपिन विकास सहित सैकड़ो महिलाएं व पुरुष तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

# किसानों की नुकसान का मुआवजा दे सरकार : कम्युनिस्ट पार्टी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मुख्यमंत्री बिहार से लेकर जनपद मे दौड लगा रहे है लेकिन किसान की असमय बरसात से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा नहीं दे पा रहे हैं जनपद में किसानों को खाद आज तक उपलब्ध नहीं करा पाये है धान की खरीद कागजो पर ही सीमित है भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आयोजित एक दिवसीय धरने की सम्बेधित करते हुये राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि यह सरकार किसान विरोधी है और किसान की किसी भी समस्या का समाधान करने मे अवमर्थ है। जिला सचिव बृज मोहन ने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिती खराब इस लिये आवश्यक है कि अविलम्ब किसानों के सभी कर्ज़ा माफ किए जाए । धरना सभा को शिवदर्शन वर्मा पार्टी के राज्य परिषद सदस्य प्रवीन कुमार मुनेश्वर बक्श , रामनरेश वर्मा आदि ने सम्बन्धित किया। सभा का संचालन

किसान सभा के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने किया धरने में महेन्द्र कुमार, सच्चिदानंद सिंह , सुन्दर सोनी, दिग्विजय सिंह, अमर सिंह (गुड्ड), राजकुमार, आशीष कुमार वर्मा, सन्दीप कुमार तिवारी, राम नरेश, मोगेन्द्र सिंह, प्रेम चन्द्र वर्मा,राजेन्द्र बहादुर रुबी सिंह चन्देल, दीपक कुमार वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# योगी जल्द करेंगे सिंगापुर और जापान में रोड शो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर वैश्विक निवेश आकर्षित करने की तैयारी में हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जल्द ही सिंगापुर और जापान में निवेश के लिए रोड शो का नेतृत्व करेंगे। अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि योगी का यह दौरा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी अंतरराष्ट्रीय निवेश योजना का हिस्सा है, जिसके तहत प्रदेश को विदेशी निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री पहले सिंगापुर और बाद में जापान में रोड शो करेंगे। इस दौरान वह दोनों देशों के शीर्ष औद्योगिक समूहों, निवेशकों और कारोबारी संगठनों से मुलाकात करेंगे और उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। 'इन्वेस्ट यूपी' ने मुख्यमंत्री की यात्रा को सफल बनाने के लिए विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार किया है। इस मिशन के तहत मुख्यमंत्री की यात्रा से पहले पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर और जापान जाएगा, जो संभावित निवेशकों, बिजनेस हाउस और चैंबर्स ऑफ कॉमर्स से प्रारंभिक चर्चा करेगा। टीम दो दिन सिंगापुर और तीन दिन टोक्यो में रहेगी और अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी, जिसके आधार पर मुख्यमंत्री की यात्रा की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा। इन्वेस्ट यूपी के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी को मुख्यमंत्री की इन यात्राओं को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ वरिष्ठ मंत्री भी इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बताया कि राज्य सरकार विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए वैश्विक साझेदारियों को लगातार मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, ह्लमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को विश्व स्तर पर एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार ताइवान, जर्मनी, फ्रांस, सिंगापुर, रूस, जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भी निवेश रोड शो आयोजित करने की योजना पर काम कर रही है। इन्वेस्ट यूपी ने इन सभी देशों के लिए एक समर्पित फॉरेन डेस्क भी स्थापित किया है ताकि निवेश से जुड़ी गतिविधियों का समन्वय सुचारू रूप से किया जा सके। सरकार का फोकस सेमीकंडक्टर, टेक्सटाइल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, पर्यटन, कैमिकल, एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल, इलेक्ट्रिकल, टेक्नोलॉजी, रिन्यूएबल एनर्जी, कंप्यूटर इक्विपमेंट, मशीनरी, गैस और शिपबिल्डिंग जैसे क्षेत्रों में विदेशी कंपनियों को निवेश के लिए आकर्षित करने पर है।

# ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

**नए खरीदे ट्रैक्टर की खुशी मातम में बदली**

**सुबह गांव में लड्डू बांटे, शाम होते-होते संपूर्ण गांव शोक में डूबा**

**तीन बेटों-पांच बेटियों के पिता विनोद गौतम की असमय मौत से परिवार में कोहराम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी कोतवाली क्षेत्र में सोमवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें ट्रैक्टर के नीचे दबकर एक किसान की मौत हो गई। दनापुर क्यामपुर निवासी 40 वर्षीय विनोद गौतम पुत्र राम जियावन गौतम ने सोमवार सुबह ही सेकेंड हैंड ट्रैक्टर खरीदा था। नए ट्रैक्टर की खुशी इतनी थी कि विनोद ने गांव लौटते ही मिठाई बांटकर अपनी खुशी सभी के साथ साझा की। गांव के लोग बताते हैं कि सुबह-सुबह विनोद की चेहरे पर अलग ही खुशी झलक रही थी। वह लंबे समय से ट्रैक्टर खरीदने का सपना देख रहे थे, जो आखिरकार पूरा हुआ था। लेकिन किस्मत को शायद कुछ और ही मंजूर था। शाम को विनोद अपने नए ट्रैक्टर से खेत जुताई करने जा रहे थे। जैसे ही वह नहर की पटरी के पास पहुंचे, अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पटरी से नीचे गहरी खाई में जा गिरा। हादसा इतना तेज था कि विनोद ट्रैक्टर के नीचे दब गए। आसपास खेतों में काम कर रहे किसान और ग्रामीण शोर सुनकर मौके पर

दौड़े। उन्होंने किसी तरह ट्रैक्टर हटाने और विनोद को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। विनोद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर दरियाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, मृतक विनोद गौतम अपने पीछे तीन पुत्र और पांच पुत्रियां छोड़ गए हैं। इनमें से दो बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी है। अचानक हुए इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। गांव में भी मातम पसरा हुआ है। सुबह तक जहां विनोद के नए ट्रैक्टर की खुशी पूरे गांव में दिख रही थी, वहीं शाम होते-होते वही खुशी मातम में बदल गई। पड़ोसियों ने बताया कि ''सुबह हंसी-खुशी लड्डू बांट रहे थे, किसे पता था कि कुछ ही घंटों में ऐसा भयानक हादसा हो जाएगा।'' गांव में हर तरफ शोक और गम का माहौल है। लोग विनोद की सरलता और मेहनती स्वभाव की चर्चा करते हुए उन्हें नम आंखों से याद कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश बनेगा 2027 में प्रयोगशाला, 2029 तय करेगा वैश्विक नेतृत्व की दिशा

**नए सामाजिक समीकरणों के अनुरूप अपनी रणनीतियां गढ़ रहीं राजनीतिक पार्टियां, भारत मॉडल ऑफ डेमोक्रेसी 2.0: 2029 का चुनाव बनेगा वैश्विक नेतृत्व की कसौटी**

**लोकतंत्र का भारतीय मॉडल विश्व मंच पर चमका, भारत का लोकतंत्र दुनिया के लिए उदाहरण, राजनीति में जवाबदेही नई ताकत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत की राजनीति अब सिर्फ देश की सीमाओं में सीमित नहीं रही। हालिया घटनाक्रम और सत्ता के बदलते समीकरणों ने इसे विश्व राजनीति का अध्ययन बिंदु बना दिया है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि भारत में उभर रही नई राजनीतिक चेतना अब 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव की दिशा और दशा तय करेगी। शिकागो में रहने वाले अप्रवासी भारतीय प्रो.रविशंकर पाठक ने बताया कि दुनिया की निगाह अब भारत पर है, जहां लोकतंत्र सिर्फ एक प्रणाली नहीं, बल्कि जनभागीदारी की ताकत के रूप में विकसित हो रहा है। पिछले एक दशक में योजनाओं, जनकल्याण, डिजिटल कनेक्टिविटी और युवाओं की भूमिका ने राजनीति की परिभाषा ही बदल दी है।

अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान के राजनीतिक विश्लेषक भारत को 21वीं सदी का लोकतांत्रिक प्रयोगशाला कह रहे हैं। उनका मानना है कि भारत में जिस तरह जनता योजनाओं से सीधे जुड़ रही है, वह दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों के लिए प्रेरक मॉडल बन गया है। राजनीतिक विश्लेषक प्रो. आनन्द शंकर सिंह मानते हैं कि 2027 का उत्तर प्रदेश चुनाव केवल एक राज्य का नहीं रहेगा, बल्कि यह 2029 के लोकसभा चुनाव की पूर्वपीठिका साबित होगा। यूपी की जनता जिस दिशा में झुकेगी, वही दिशा राष्ट्रीय राजनीति का भविष्य तय करेगी।

भारत का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश अब राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र बन चुका है। 2027 के विधानसभा चुनाव में युवाओं, महिलाओं और नए मतदाताओं की निर्णायक भूमिका होगी। धार्मिक, जातीय और विकास के मुद्दों की जगह अब रोजगार, टेक्नोलॉजी और शासन-प्रदर्शन केंद्र में आ रहे हैं। भाजपा, सपा, कांग्रेस और बसपा जैसी पार्टियां अपनी रणनीतियां नए सामाजिक समीकरणों के अनुरूप गढ़ रही हैं। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि 2027 यूपी चुनाव का नतीजा सीधे 2029 लोकसभा की दिशा तय करेगा। यदि जनता विकास और स्थिरता के पक्ष में जाती है तो केंद्र में वही रुझान मजबूत रहेगा।

प्रो. राकेश तिवारी की मानें तो इस दशक का सबसे बड़ा बदलाव यह है कि जनता अब सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक शक्ति बन चुकी है। सोशल मीडिया पर युवा पीढ़ी अब अपनी राय और असंतोष खुले तौर पर रख रही है। नीतियों पर सीधा संवाद और डिजिटल भागीदारी से राजनीतिक जवाबदेही बढ़ी है। महिला मतदाता अब 'सेक्रेट वोटर' के रूप में चुनाव परिणामों को प्रभावित कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि 2029 का लोकसभा चुनाव सिर्फ भारत नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति की दिशा तय करेगा। भारत की अर्थव्यवस्था, विदेश नीति, रक्षा और टेक्नोलॉजी में बढ़ती भूमिका ने दुनिया का ध्यान खींचा है। यह चुनाव तय करेगा कि भारत एशिया की अगुवाई करेगा या वैश्विक नीति निर्माण में अमेरिका-यूरोप के बराबर खड़ा होगा। कई देशों के थिंक टैंक इसे भारत मॉडल ऑफ डेमोक्रेसी 2.0 के रूप में देख रहे हैं।

भारत में राजनीति अब भावनाओं और वादों से आगे निकलकर प्रदर्शन और परिणाम की राजनीति बन गई है। यही बदलाव 2027 और 2029 दोनों में निर्णायक होगा। राजनीतिक विश्लेषक लव कुमार मिश्र का मानना है कि भारत का लोकतंत्र अब वैश्विक संदर्भ में रोल मॉडल बन रहा है। यहां जनता सरकार को जवाबदेह बना रही है और यही लोकतंत्र की असली ताकत है।

भारत की राजनीति अब वैश्विक मंच पर लोकतंत्र की जीवंत मिसाल बन चुकी है। 2027 का उत्तर प्रदेश चुनाव उसकी पहली परीक्षा होगी और 2029 का लोकसभा चुनाव तय करेगा कि भारत विश्व राजनीति में लोकतांत्रिक नेतृत्व की अगली पंक्ति में खड़ा है या नहीं। जनता की जागरूकता, युवाओं की भागीदारी और सोशल मीडिया का संवाद अब भारत को एक नए युग की राजनीति की ओर ले जा रहा है, जहां सत्ता जनता से चलती है और जनता दुनिया को दिशा देती है।

राजनीतिक विश्लेषक चन्द्रमा तिवारी के अनुसार, सत्ता और विपक्ष के बीच नए समीकरण बन रहे हैं, जो आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों की दिशा तय करेंगे। राजनीतिक दलों ने अब रणनीति में बदलाव करते हुए क्षेत्रीय मुद्दों के साथ-साथ राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को भी प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि जनता की बदलती सोच, युवाओं की भागीदारी और सामाजिक मीडिया पर सक्रियता ने राजनैतिक माहौल को पूरी तरह बदल दिया है। केंद्रीय स्तर पर नई नीतियों और योजनाओं ने राज्य स्तर पर चुनावी समीकरण बदलने में अहम भूमिका निभाई है। वहीं, विपक्षी दलों के भीतर भी असंतोष और नए गठबंधनों की संभावना चर्चा में है। राजनीतिक हलकों में यह माना जा रहा है कि आगामी चुनाव में पुराने समीकरणों के टूटने के बाद सत्ता में आने वाले दल के लिए जनसंवाद और स्थानीय मुद्दों पर पकड़ अहम होगी।

# इंग्लैंड में खेलने से इनकार करने पर शमी की वापसी की संभावना पड़ सकती है क्षीण

एजेंसी

नयी दिल्ली। मोहम्मद शमी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में 93 ओवर गेंदबाजी कर ली है लेकिन भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक का दोबारा टेस्ट क्रिकेट में खेलना मुश्किल लग रहा है और उनकी वनडे टीम में भी नीली जर्सी पहनने की संभावना कम ही दिख रही है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था लेकिन उसके बाद से उन्हें किसी भी प्रारूप की टीम में नहीं चुना गया। वह 2023 में वनडे विश्व कप के बाद एड़ी की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहे थे। उन्हें इस चोट से निजात पाने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। वर्तमान समय में भारतीय क्रिकेट जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए ऐसी संभावना नहीं लगती है कि शमी तीनों प्रारूपों में अब तक खेले गए 197 अंतरराष्ट्रीय मैचों में और मैच

जोड़ पाएंगे। वह टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में ही राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गए हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और आकाशदीप के रूप में भारत के पास अच्छे विकल्प हैं। ऐसा लगता है कि उनके लिए अब केवल एक दिवसीय क्रिकेट ही बचा है। अगला वनडे विश्व कप 2027 में होगा और तब तक शमी 37 साल के हो जाएंगे। ऐसे में भारतीय टीम एक उभ्र दराज तेज गेंदबाज को की टीम में रखने का जोखिम नहीं उठाएगी क्योंकि शमी का करियर चोटों से जुड़ा रहा है, जिसमें घुटने की समस्या भी शामिल है। शमी राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं और उन्होंने खुलकर कहा है कि चयनकर्ताओं ने उनसे कोई बातचीत नहीं की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र हालांकि ऐसा नहीं मानते हैं। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया, ''कई बार ऐसा हुआ है कि राष्ट्रीय चयनकर्ता और बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सहयोगी स्टाफ ने शमी का हालचाल जानने के लिए फोन किया है। चयन समिति इंग्लैंड में उनकी सेवाएं लेने के लिए बेताब थी, क्योंकि जसप्रीत बुमराह तीन टेस्ट से ज्यादा नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड की परिस्थितियों में कौन उनके स्तर का गेंदबाज नहीं चाहेगा। उनका इशारा इस साल की शुरुआत में भारत द्वारा 2-2 से ड्रॉ की गई श्रृंखला की ओर था। पता चला है कि चयन समिति के एक वरिष्ठ सदस्य ने शमी को कई संदेश भेजकर उनकी फिटनेस के बारे में पूछताछ की और उनसे कैंटरबरी या नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की तरफ से कम से कम एक मैच खेलने का अनुरोध किया। इसका उद्देश्य यह पता करना था कि शमी इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट हैं या नहीं। ऐसा समझा जाता है कि इस तेज गेंदबाज ने जवाब दिया कि उन्हें अभी भी अपना कार्यभार बढ़ाना है और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''इसलिए यह कहना कि शमी से कोई बातचीत नहीं हुई, पूरी तरह सच नहीं है। चिकित्सा टीम के पास उनकी मेडिकल रिपोर्ट भी है और यह भी देखना है कि उनका शरीर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कठिनाइयों को झेलने में सक्षम है या नहीं। इस समय शमी को लग सकता है कि वह 50 ओवर के क्रिकेट के लिए तैयार हैं, लेकिन वह इस भूमिका के लिए उपयुक्त हैं या नहीं, इसका फैसला केवल राष्ट्रीय चयनकर्ता ही कर सकते हैं।

# टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए हमारे पास अभी तीन महीने हैं: गंभीर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है। गंभीर ने बीसीसीआई टीवी से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने 46 सेकंड की क्लिप में कहा, ''यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है तथा हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे। मुझे लगता है कि हम अभी भी उस स्थिति में नहीं हैं जहां हम टी20 विश्व कप तक पहुंचना चाहते हैं। इस क्लिप के बाद पूरा साक्षात्कार बाद में प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''उम्मीद है कि खिलाड़ियों को फिट रहने का महत्व पता चल जाएगा। हमारे पास उस स्तर पर

पहुंचने के लिए अभी भी तीन महीने हैं, जहां हम पहुंचना चाहते हैं। टी20 विश्व कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने इसके साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का अच्छी तरह से अहसास कराने और उन्हें समझने के लिए उनके सामने मुश्किल चुनौतियों को रखने की बात भी दोहराई। उन्होंने कहा, ''हम खिलाड़ियों के सामने जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती रखते हैं। हमने शुभमन (गिल) के साथ भी यही किया था, जब उन्हें टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था। गिल ने कप्तान के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला में शानदार बल्लेबाज़ी की। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2-2 से बराबर की। इस श्रृंखला के सभी मैच रोमांचक रहे और प्रत्येक मैच पांचवें दिन तक खिंचा।

# अरुण बने झारखंड अंडर-19 क्रिकेट टीम के मैनेजर

पश्चिमी सिंहभूम। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) ने चाईबासा के वरिष्ठ खेल प्रबंधक और पूर्व क्रिकेटर अरुण मूंधड़ा (जिप्पी) को बीसीसीआई की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित कूच बिहार ट्रॉफी के लिए झारखंड अंडर-19 टीम का मैनेजर नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति पश्चिमी सिंहभूम जिले के लिए गर्व का विषय है। चाईबासा के यूरोपियन क्वार्टर निवासी अरुण मूंधड़ा लंबे समय से क्रिकेट से जुड़े हुए हैं और वे पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ तथा झारखंड राज्य क्रिकेट संघ दोनों के आजीवन सदस्य हैं। पूर्व क्रिकेटर रहे मूंधड़ा को क्रिकेट प्रशासन और प्रबंधन का लंबा अनुभव है। उन्होंने कई वर्षों तक पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव के रूप में कार्य किया है और जिले में क्रिकेट के विकास के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। यह दूसरा अवसर है जब जेएससीए ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले वर्ष 2009-10 में वे विवेक सिंह की कप्तानी वाली झारखंड अंडर-16 टीम के मैनेजर रह चुके हैं। उस दौरान टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था, और उसी अनुभव के आधार पर इस बार फिर उन्हें अंडर-19 टीम के साथ कार्य करने का मौका मिला है। अरुण मूंधड़ा की नियुक्ति पर पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मुकुंद रुंगटा और महासचिव असीम कुमार सिंह ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह न केवल मूंधड़ा बल्कि पूरे जिले के लिए सम्मान की बात है। दोनों पदाधिकारियों ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और सचिव का आभार जताया है कि उन्होंने जिले से एक अनुभवी क्रिकेट प्रशासक पर भरोसा जताया।

# एफआईएच महिला जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 के लिए भारतीय टीम घोषित, ज्योति सिंह करेंगी टीम की अगुवाई

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सोमवार को एफआईएच महिला जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 25 नवंबर से 13 दिसंबर 2025 तक सैंटियागो (चिली) में खेला जाएगा। 18 खिलाड़ियों और 2 वैकल्पिक खिलाड़ियों से बनी यह 20 सदस्यीय भारतीय टीम अपने कड़े अभ्यास का नतीजा दिखाने और विश्व स्तर पर मजबूत प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। भारत को पूल-सी में रखा गया है, जिसमें जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया जैसी टीमें हैं। भारत अपना पहला मुकाबला 01 दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड से भिड़ेगा। प्रत्येक पूल की शीर्ष टीमें 7 से

13 दिसंबर के बीच खेले जाने वाले नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी। टीम की कप्तानी एक बार फिर ज्योति सिंह के हाथों में होगी, जबकि मुख्य कोच तुषार खांडेकर ने टीम चयन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ह्लमैं इस टीम से बहुत खुश हूं। हमारा मुख्य फोकस अनुशासन पर रहा है और इसी सोच के साथ हमने यह टीम बनाई है। बीते कुछ महीनों में लड़कियों ने रक्षा और फिनिशिंग दोनों क्षेत्रों में शानदार सुधार दिखाया है। अब वे ज्यादा परिपक्व और आत्मविश्वासी नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा, हम सभी चिली जाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। टीम का जोश और आत्मविश्वास दोनों ही उच्च स्तर पर हैं, और हमें उम्मीद है कि यह टीम विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करेगी। टीम इस प्रकार हैः गोलकीपरः निधि, एंगिल हर्षा रानी मिन्ज। डिफेंडरः मनीषा, लल्थनलुआलांगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू, नंदिनी। मिडफील्डरः साक्षी राणा, ईशिका, सुनेलिता टोप्पो, कप्तान ज्योति सिंह, खैदेम शिलैमा चानू, बिनिमा धान। फॉरवर्डः सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो, सुखवीर कौर। वैकल्पिक खिलाड़ीः प्रियंका यादव, पार्वती टोप्पो।

## जापान ओपन में लक्ष्य प्रणय की निगाहें लय हासिल करने पर

कुमामोटो (जापान)। भारतीय शटलर एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी कुमामोटो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपनी लय फिर से हासिल करने की कोशिश करेंगे। लक्ष्य मौजूदा सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उन्हें यहां सातवीं वरीयता दी गई है। अल्मोड़ा के इस 24 वर्षीय खिलाड़ी को पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय को ओलंपिक से पहले चिकनगुनिया होने के बाद से संघर्ष करना पड़ रहा है। वह एक महीने से ज़्यादा समय के ब्रेक के बाद वापसी करेंगे। वह मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेंगे। अमेरिकी ओपन विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में थाईलैंड के शीर्ष वरीयता प्राप्त कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे।

# सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट-पूर्व परामर्श बैठक की

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहली बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। संसद में 1 फरवरी को बजट पेश किया जाना है। हालांकि, इसकी आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन के अलावा डीईए के वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें शामिल हुए। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि बजट-पूर्व

परामर्श, बजट निर्माण प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे सरकार को केंद्रीय बजट को अंतिम रूप देने से पहले विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों से विविध दृष्टिकोण प्राप्त करने का अवसर मिलता है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट वित?त मंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार नौंवा बजट होगा। वित्त मंत्रालय की नवीनतम मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार अगस्त में अमेरिका के भारत पर उच्च टैरिफ लगाए जाने के बावजूद, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी आई है।

# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना और चांदी के भाव में मामूली गिरावट का रुख नजर आ रहा है। आज की कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,22,010 रुपये से लेकर 1,22,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,11,840 रुपये से लेकर 1,11,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,52,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,22,160 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,11,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,22,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,22,060 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,11,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,22,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,11,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,22,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,22,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,11,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,22,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,11,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## दक्षिण अफ्रीका की टीम कोलकाता पहुंची, बावुमा टीम से जुड़े

कोलकाता। विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत के खिलाफ शुक्रवार से ईडन गार्डंस में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए यहां पहुंच गई है। बेंगलुरु में भारत ए के खिलाफ मैच खेलने के बाद कप्तान तेम्बा बावुमा भी टीम से जुड़ गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम का पहला बैच रविवार को यहां पहुंच गया था जिसमें मुख्य कोच शुकरी कोनराड, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और मार्को यानसन तथा पाकिस्तान में सीमित ओवरों की श्रृंखला में खेलने वाले खिलाड़ी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका टीम के स्थानीय मैनेजर ने पीटीआई को बताया, ''बावुमा एक अन्य खिलाड़ी और कुछ अधिकारियों के साथ आज सुबह बेंगलुरु से यहां पहुंचे। मुख्य कोच सहित टीम के अधिकतर सदस्य रविवार को ही पहुंच गए थे। संभावना है कि दोनों टीम मंगलवार से अभ्यास शुरू करेंगी। बावुमा पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पाकिस्तान में दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने मैच अभ्यास के लिए भारत ए के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में हिस्सा लिया था। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा पहली पारी में शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 101 गेंदों में 59 रन की पारी खेली, जिससे उनकी टीम रविवार को समाप्त हुए इस मैच में जीत हासिल करने में सफल रही थी। मध्यक्रम के बल्लेबाज जुबैर हमजा भी बेंगलुरु में दोनों मैच खेलने के बाद यहां मुख्य टीम में शामिल हो गए। जहां तक भारतीय टीम की बात है तो आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला से लौटने वाला दल रविवार को देर रात यहां पहुंच गया। इनमें मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान शुभमन गिल, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल शामिल हैं। बाकी खिलाड़ियों के अलग-अलग बैच में यहां पहुंचने की संभावना है। भारत ने 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत गिल के नेतृत्व में की। भारत ने उनकी कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ की थी। इसके बाद भारतीय टीम ने घरेलू श्रृंखला में वेस्टइंडीज़ का 2-0 से सफाया किया। यह भारत की इस वर्ष की अंतिम टेस्ट श्रृंखला होगी। इसके बाद अगले वर्ष जून में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच तक भारत को लाल गेंद से कोई भी मैच नहीं खेलना है।

## शतरंज विश्व कप: अर्जुन का सामना लेको और प्रज्ञाननंदा का डबोव से

पणजी। भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञाननंदा और पी हरिकृष्णा यहां चल रहे फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के पहले विश्राम दिवस के बाद चौथे दौर में भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। भारत के सर्वोच्च रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन चौथे दौर में हंगरी के अनुभवी पीटर लेको के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे, जबकि प्रज्ञाननंदा का सामना फिडे के ध्वज तले खेल रहे डेनियल डुबोव से होगा। तीनों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अनुभवी हरिकृष्णा अगले दौर में स्वीडन के निल्स ग्रैंडेलियस से भिड़ेंगे। लेको पिछले 20 वर्ष से शतरंज की दुनिया में जाना पहचाना नाम है। उनके लिए हालांकि अर्जुन का सामना करना आसान नहीं होगा। हंगरी के इस 46 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के बॉबी चेंग और ऑस्ट्रिया के किरील अलेक्सेन्को को बिना किसी टाईब्रेक गेम के हराया, जिससे उनकी फॉर्म का पता चलता है। अर्जुन ने भी अपने दोनों मैच बिना किसी टाईब्रेकर के जीते जिससे लेको के खिलाफ उनका मुकाबला रोमांचक होने की संभावना है। इस भारतीय खिलाड़ी ने अब तक क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत अपने चार में से तीन गेम जीते हैं। उन्होंने इस दौरान बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव और उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव को बाहर का रास्ता दिखाया। इस बीच दर्शकों के पसंदीदा प्रज्ञाननंदा का सामना डुबोव से होगा, जो रणनीतिक चाल चलने में माहिर माने जाते हैं। रूस के खिलाड़ी ने चीन के बाई जिंशी और उरुग्वे के जॉर्ज मायर के खिलाफ दो टाईब्रेक गेम में जीत दर्ज करके अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। प्रज्ञाननंदा दूसरे राउंड में ही बाहर होने के करीब थे, लेकिन किसी तरह ऑस्ट्रेलिया के तैमूर कुयबोकारोव के खिलाफ टाईब्रेकर में बच गए। उन्होंने तीसरे राउंड के अपने प्रतिद्वंद्वी अर्मेनिया के रॉबर्ट होवहानिस्यान पर जीत हासिल की। हरिकृष्णा ने रूस के आर्सेनी नेस्टरोव और बेल्जियम के डेनियल दर्धा पर आसान जीत के साथ यहां तक का सफर तय किया। वह चौथे राउंड में ग्रैंडेलियस को हराने के लिए अपने अपार अनुभव पर निर्भर होंगे। विश्व जूनियर चैंपियन वी प्रणव और 109वीं वरीयता प्राप्त वेंकटरमण कार्तिक ने भी प्रभावित किया है और वे तीन-तीन मैच खेलने के बाद चौथे दौर में पहुंच गए हैं। अर्जुन, प्रज्ञाननंदा और हरिकृष्णा को सीधे दूसरे दौर में जगह दी गई थी। प्रणव का मुकाबला अब उज्बेकिस्तान के नादिरबेक याकूबएव से जबकि कार्तिक का वियतनाम के ले क्वांग लिएम से होगा।

# स्टॉक मार्केट में लेंसकार्ट की कमजोर एंट्री, पहले दिन ही नुकसान में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली। आईवियर रिटेलर लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 402 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 3 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 390 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 395 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण लेंसकार्ट के शेयर गिर कर 356.10 रुपये के स्तर तक पहुंच गए। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे ये शेयर नुकसान की काफी हद तक भरपायी करने में सफल रहा। सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 400.20 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक 0.45 प्रतिशत के नुकसान में थे। लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड का 7,278.76 करोड़ रुपये का आईपीओ 31 अक्टूबर से चार नवंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 28.27 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 40.36 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 18.23 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 7.56 गुना और एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व हिस्सा 4.96 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 2 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 18,10,45,160 शेयर जारी किए गए हैं। इनमें 2,150.74 करोड़ रुपये के 5,35,01,096 नए शेयर और 5,128.02 करोड़ रुपये के 12,75,62,573 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं।आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी नए कोको स्टोर का

सेटअप करने, क्लाउड इंफ्रा तैयार करने, मार्केटिंग तथा अधिग्रहण करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 63.76 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 10.15 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी मुनाफ़े में आ गई। इस साल कंपनी को 297.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 में कंपनी को 61.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 3,927.97 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5,609.87 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 7,009.28 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 में कंपनी को 1,946.10 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में भी लगातार कमी आई। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 917.21 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 497.15 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में फिसल कर 345.94 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 335.48 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 5,411.96 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 5,466.50 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 5,795 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 तक ये 5,855.43 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

# नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं शहरी सहकारी बैंक क्षेत्र : शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि पिछले 3-4 साल में देश का शहरी सहकारी बैंक क्षेत्र और सहकारी क्रेडिट सोसायटी क्षेत्र नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

श्री शाह ने आज यहां शहरी सहकारी ऋण क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'को-ऑप कुंभ-2025' कार्यक्रम में कहा कि अर्बन सहकारी बैंक और क्रेडिट सोसायटी के सहकारिता कुंभ का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में हो रहा है। पिछले 3-4 साल में देश का अर्बन कोऑपरेटिव बैंक क्षेत्र और कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी क्षेत्र नए उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं। को-ऑप कुंभ 2025 के दौरान पॉलिसी, तकनीक और नवाचार के विषय पर इस क्षेत्र से जुड़ी कई संभावनाओं का दोहन करने के लिए विचार होगा। उन्होंने कहा कि को-ऑप कुंभ 2025 के ज़रिए अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के विस्तार का हमारा स्वप्न बहुत जल्दी पूरा होगा। आज यहां सहकार डिजी-पे और सहकार डिजी-लोन को अंब्रेला संगठन द्वारा लांच किया गया है। सहकार डिजी-पे एप्प के माध्यम से छोटे से छोटे अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों को भी डिजिटल पेमेंट की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद से मोदी सरकार ने कोऑपरेटिव से जुड़े हर क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करने के लिए कई महत्वपूर्ण नीति विषयक निर्णय लिए हैं। इसके साथ-साथ, सहकारिता क्षेत्र को मॉडर्नाइज करने, इसकी कठिनाइयों के निवारण और कोऑपरेटिव की पहुंच बढ़ाने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा ''अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों को अपना कोर काम मल्टी-सेक्टर अप्रोच के साथ देश के युवा उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों और कमजोर तबके के लोगों के सशक्तिकरण के लिए करना होगा। हमारा लक्ष्य कोऑपरेटिव को मजबूत करने के साथ-साथ कमजोर तबके के लोगों को भी मज़बूत करना है और अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों के सिवा यह काम कोई और नहीं कर सकता। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के माध्यम से कमजोर व्यक्ति का सशक्तीकरण करना भी हमारा लक्ष्य होना चाहिए। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा , ''हमने पिछले दो साल में गैर-निष्पादित परिसंपत्तियाँ (एनपीए) को 2.8 प्रतिशत से घटाकर 0.06 प्रतिशत करने में सफलता प्राप्त की है। हर शहर में एक अर्बन कोऑपरेटिव बैंक बनाना तभी संभव है जब हम कोऑपरेटिव सोसायटी को बैंक में परिवर्तित करने का प्रयास करें।''उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े हमारी प्रगति के द्योतक नहीं हो सकते।

# 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना भारत के अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत : मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ रहा है और समूचे विश्व को परिवार मानने की उसकी भावना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि भारत अफ्रीका में चले आ रहे संघर्षों के समाधान के लिए अंगोला के शांति प्रयासों की सराहना करता है। दक्षिणी अफ्रीकी राष्ट्र अंगोला की यात्रा पर गयी श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को लुआंडा में अंगोला की संसद में अपने संबोधन में कहा कि भारत की समूचे विश्व को परिवार मानने की पुरानी परंपरा रही है और यही उसके अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का सिद्धांत है।

उन्होंने कहा,'' भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। हमारी प्राचीन फिलॉस्फी की भावना 'वसुधैव कुटुम्बकम्'अर्थात '' विश्व एक परिवार है'' हमारे अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मार्गदर्शक सिद्धांत बनी रहेगी।

भारत और अंगोला के बीच संबंधों को परस्पर विश्वास, सम्मान, साझा मूल्यों और आर्थिक एवं सामाजिक विकास पर आधारित बताते हुए उन्होंने अंगोला की स्वतंत्रता की 50 वीं वर्षगांठ पर वहां के लोगों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, '' मैं आप सभी को स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ पर 140 करोड़ भारतीयों की ओर से हार्दिक बधाई देती हूँ। यह अवसर हमें अंगोला के उन साहसी और संघर्षशील नागरिकों की याद दिलाता है, जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए निरंतर प्रयास किया।'' राष्ट्रपति ने अंगोला की संसद में महिलाओं की अच्छी खासी संख्या का उल्लेख करते हुए कहा ,'' विश्व की सबसे बड़े लोकतंत्र की महिला राष्ट्रपति होने के नाते मुझे यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता है कि अंगोला की संसद में महिलाओं का उल्लेखनीय प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में लंबे समय से चले आ रहे संघर्षों के समाधान के लिए अंगोला के नेतृत्व और शान्ति प्रयासों की भारत सराहना करता है। इससे पहले श्रीमती मुर्मु ने अंगोला के पहले राष्ट्रपति डॉ. एंटोनियो एगोस्टिन्हो नेटो के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. नेटो एक दूरदर्शी नेता और अंगोला की एकता तथा राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक हैं। उन्होंने अंगोला की आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी। राष्ट्रपति ने फोर्टालेज़ा डे साओ मिगुएल का भी दौरा किया जो लुआंडा में सशस्त्र बलों का संग्रहालय है। इसमें अंगोला के लंबे और जटिल सैन्य इतिहास की कहानी बताई गई है। इसमें अंगोला का औपनिवेशिक काल और आज़ादी की लड़ाई शामिल है।

# बिहार में 122 विस सीटों पर मतदान आज

एजेंसी

पटना। बिहार में दूसरे और अंतिम चरण के 122 विधानसभा क्षेत्रों में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होने वाले मतदान में 1302 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का फैसला लगभग तीन करोड़ 70 लाख मतदाता करेंगे।

दूसरे और अंतिम चरण में 11 नवंबर को मतदान का सामान्य समय सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक रहेगा। सुरक्षा कारणों से कटोरिया (सुरक्षित) के 121 मतदान केंद्रों, बेलहर के 140, चैनपुर, चेनारी (सुरक्षित) के 62, गोह के 25, नवीनगर के 26, कुटुंबा (सुरक्षित) के169 ,औरंगाबाद के 57, रफीगंज के 125, गुरूआ के 12, शेरघाटी के 48 , इमामगंज (सुरक्षित) के 361, बाराचट्टी (सुरक्षित) के 36 और बोधगया (सुरक्षित) के 20 मतदान केंद्रों, रजौली (सुरक्षित), गोविंदपुर और जमुई जिले की सभी चार सीटें सिकंदरा (सुरक्षित),जमुई, झाझा और चकाई में मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही चलेगा। बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के दौरान 122 निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सुरक्षा बलों की कुल 1650 कंपनियाँ तैनात की गई हैं, जबकि पर्याप्त संख्या में बिहार सैन्य पुलिस (बीएमपी) के जवान भी बिना किसी बाधा के मतदान सुनिश्चित करने के लिए तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान में व्यवधान उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों को नदी मार्ग से आवाजाही रोकने के उद्देश्य से नाव से गश्ती के लिये बलो की तैनाती भी की गयी है। डीजीपी ने बताया कि मतदान में गड़बड़ी उत्पन्न करने वाले अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। किसी भी घुसपैठ को रोकने के लिए भारत-नेपाल सीमा से लगे सात जिलों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की सीमा से लगे बिहार के जिलों में अतिरिक्त सर्तकता बरती जा रही है। नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा को रविवार से 72 घंटे के लिए सील कर दिया गया है। इस बीच, चुनाव कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पूरी मतदान प्रक्रिया की लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। आयोग ने कानून-व्यवस्था की कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए 122 सामान्य पर्यवेक्षक, 20 पुलिस पर्यवेक्षक और 34 व्यय पर्यवेक्षक को तैनात किया है।

# ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रक्षा उपक्रमों की विश्वसनीयता का प्रमाण : राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढाने में रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों के योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी प्लेटफार्मो का उत्कृष्ट प्रदर्शन इन उपक्रमों की विश्वसनीयता और क्षमता को साबित करता है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में 1.51 लाख करोड़ रुपए के रक्षा उत्पादन में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का योगदान 71.6 प्रतिशत था। श्री सिंह ने सोमवार को यहां सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया और इन उपक्रमों के कामकाज की व्यापक समीक्षा की। साथ ही उन्होंने चार उपक्रमों मुनिशन्स इंडिया लिमिटेड , आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड , इंडिया ऑप्टेल लिमिटेड और हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ) को मिनीरत्न (श्रेणी-क्र) का दर्ज़ा हासिल करने पर सम्मानित किया। रक्षा मंत्री ने देश के रक्षा विनिर्माण इकोसिस्टम को मजबूत करने और आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाने में इन उपक्रमों के निरंतर योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा, '' हमारे सभी 16 उपक्रम देश की आत्मनिर्भरता के मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऑपरेशनों में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन हमारे स्वदेशी प्लेटफार्मों की विश्वसनीयता और क्षमता को साबित करता है। श्री सिंह ने चार उपक्रमों के मिनीरत्न का दर्ज़ा हासिल करने को रक्षा क्षेत्र में उनकी बढ़ती दक्षता, स्वायत्तता और योगदान का प्रतीक बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2021 में ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड को सात नए उपक्रमों में बदलने से कामकाज की अधिक स्वतंत्रता, नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढावा मिला है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब ये चारों उपक्रम क्षमता विस्तार, आधुनिकीकरण , नए उद्यमों और सहयोगों को शुरू करने में सक्षम होंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने 1.51 लाख करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन हासिल किया, जिसमें रक्षा उपक्रमों का योगदान 71.6 प्रतिशत था। रक्षा निर्यात 6,695 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है जो भारत के स्वदेशी प्रणालियों में वैश्विक विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, '' यह स्पष्ट संकेत है कि 'मेड इन इंडिया' रक्षा उत्पादों को वैश्विक सम्मान मिल रहा है। श्री सिंह ने इस गति को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर देते हुए रक्षा उपक्रमों से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के तेजी से स्वदेशीकरण, अनुसंधान और विकास , गुणवत्ता में वृद्धि, समय पर डिलीवरी और निर्यात बढ़ाने के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने अगली समीक्षा बैठक के लिए स्वदेशीकरण और अनुसंधान तथा विकास रोडमैप परिभाषित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, '' सरकार की ओर से मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जहां भी विशेष हस्तक्षेप या सहायता की आवश्यकता होगी वह तुरंत प्रदान की जाएगी। रक्षा उपक्रमों के बीच सहयोग और आत्मनिर्भरता की भावना बढाने के लिए तीन प्रमुख समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने यन्त्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) के साथ उसके आधुनिकीकरण के प्रयासों को मजबूत बनाने और 10 हजार टन की फोर्जिंग प्रेस सुविधा स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# कर्नाटक में कानून व्यवस्था बदहाल, अपराधियों को जेल में मिल रहा वीआईपी ट्रीटमेंट: भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को कांग्रेस की कर्नाटक सरकार पर कानून व्यवस्था को बदहाल करने एवं अपराधियों को जेल के बाहर और भीतर आश्रय देने का आरोप लगाया।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता आरोप लगाया कि कर्नाटक में सत्ता के संघर्ष में कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधियों में क़ानून का कोई भय नही है, बलात्कार, हत्या की घटना आम हो गयी है। इतना ही नहीं राज्य सरकार जेल में बंद आतंकियों, बलात्कारी, हत्यारोपी को सरकार सुख सुविधा के साथ अय्याशी का सामान उपलब्ध करा रही है।

श्री पूनावाला ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से लेकर फरीदाबाद तक, देश की सुरक्षा एजेंसियां और सरकार गंभीरता और सजगता से आतंकवाद की किसी भी घटना को होने से पहले ही आतंकियों के नापाक इरादों का भंडाफोड़ कर रही हैं। वहीं, कांग्रेस शासित कर्नाटक में इस्लामिक टेरर प्लॉट का भंडाफोड़ हुआ है।

श्री पूनावाला ने कांग्रेस पार्टी पर इस्लामिक जिहादी आतंक के प्रति सॉफ्ट कॉर्नर आरोप लगाते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार की ओर से जेल में बंद एक इस्लामिक जिहादी आतंकवादी को वीवीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा आतंकवाद पर हमला किया जा रहा है और नागरिकों को आतंकवादियों के नापाक मंसूबों से बचाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार पकड़े गए आतंकवादी के लिए जलसे का आयोजन कर रही है।

श्री पूनावाला ने कहा कि आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए भर्ती करने वाले आतंकी को जेल में फोन समेत तमाम सुविधा देने के साथ साथ बलात्कारी और हत्या के अभियुक्त, सोने के स्मगलिंग में शामिल आरोपी को जेल प्रशासन सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

# उच्चतम न्यायालय ने महिला आरक्षण याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महिला आरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस अधिनियम में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के पास नीति कार्यान्वयन में हस्तक्षेप करने की सीमित गुंजाइश है, लेकिन इस मामले में आगे बढ़ने से पहले केंद्र सरकार से जवाब मांगा जा रहा है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, ''प्रस्तावना राजनीतिक और सामाजिक समानता की बात करती है। इस देश में सबसे बड़ा अल्पसंख्यक कौन है? महिलाएं हैं, लगभग 48 प्रतिशत। यह महिलाओं की राजनीतिक समानता के बारे में है। यह जनहित याचिका कांग्रेस नेता डॉ. जया ठाकुर द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने न्यायालय से आग्रह किया है कि वह किसी नए परिसीमन की प्रक्रिया का इंतज़ार किए बगैर महिला आरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करने का निर्देश दे । नए परिसीमन की प्रक्रिया वर्तमान में कानून में एक पूर्व शर्त है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता ने दलील दी कि आज़ादी के 75 साल बाद भी महिलाएं कानून बनाने वाली संस्थाओं में आनुपातिक प्रतिनिधित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता गुप्ता ने तर्क दिया, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें प्रतिनिधित्व के लिए न्यायालय का रुख करना पड़ रहा है। उन्हें केवल एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने की आवश्यकता है। वे पहले ही आंकड़ों के आधार पर आरक्षण के सिद्धांत पर सहमत हो चुकी हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका के पास नीति कार्यान्वयन में हस्तक्षेप करने की सीमित गुंजाइश है। न्यायालय ने कहा, ''अधिनियम को लागू करना कार्यपालिका का काम है। हम इस स्तर पर आदेश जारी नहीं कर सकते। प्रतिवादियों को नोटिस जारी करें। संघ को नोटिस जारी होने दें। महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में 20 सितंबर, 2023 को और राज्यसभा में 21 सितंबर, 2023 को पारित किया गया था। इसके बाद इसे 28 सितंबर, 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। इस अधिनियम के जरिये संविधान में अनुच्छेद 334 ए जोड़ा गया जिसमें महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया। हालाँकि, अनुच्छेद 334ए यह निर्धारित करता है कि आरक्षण परिसीमन प्रक्रिया के बाद ही लागू होगा। यह परिसीमन संविधान संशोधन के बाद की जाने वाली पहली जनगणना पर आधारित होगा, जिसका अर्थ है कि इसके कार्यान्वयन में कई वर्षों की देरी हो सकती है। डॉ. ठाकुर की याचिका इस शर्त को चुनौती देती है और आरक्षण को ''परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू करने'' संबंधी शब्दों को शुरू से ही अमान्य घोषित करने का प्रयास करती है।

## पेज एक का शेष

### लखनऊ में आतंकी...

जैश-ए-मोहम्मद और अंसार ग़ज़वत-उल-हिंद से जुड़े एक सक्रिय आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा थीं। इस नेटवर्क के तार कई राज्यों में फैले हुए हैं और इसका संचालन विदेशों से बैठे हैंडलर कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, इस मॉड्यूल का मकसद देश में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के साथ-साथ शिक्षित वर्ग के जरिए व्हाइट कॉलर टेरर इकोसिस्टम तैयार करना था। इसमें पेशेवर डॉक्टरों, विश्वविद्यालयों के छात्रों और कुछ शिक्षकों तक की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि हरियाणा के फरीदाबाद में गिरफ्तार अल फलाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टर मुजम्मिल इसी मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। वही डॉ. शाहीन शाहिद की कार का इस्तेमाल करता था, जिसमें से एके-47 राइफल बरामद हुई।

### दो डॉक्टर समेत...

अन्य देशों के विदेशी संचालकों के संपर्क में हैं। पुलिस ने कहा, ''यह समूह अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाने, समन्वय करने, धन की आवाजाही एवं रसद के लिए एनक्रिप्टेड चैनलों का उपयोग करता था। सामाजिक एवं धर्मार्थ कार्यों की आड़ में पेशेवर एवं शैक्षणिक नेटवर्क के माध्यम से धन जुटाया गया। आरोपी दूसरे लोगों की पहचान कर उन्हें कट्टरपंथी बनाने, आतंकवादी समूहों में भर्ती करने, धन जुटाने, रसद की व्यवस्था करने, हथियार,गोला-बारूद और आईईडी तैयार करने वाली सामग्री जुटाने में मदद करता था। जांच के दौरान सात लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें आरिफ निसार डार उर्फ साहिल; यासिर-उल-अशरफ; मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद सभी नौगाम निवासी; शोपियां के मोलवी इरफ़ान अहमद; गांदरबल के ज़मीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा; पुलवामा के डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई उर्फ मुसैब और कुलगाम के डॉ. अदील शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि इसके अलावा कुछ और लोगों की भूमिका सामने आई है जिनका पता लगाया जाएगा और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। जांच के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस ने श्रीनगर, अनंतनाग, गंदेरबल और शोपियां में कई जगहों पर तलाशी ली। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर फरीदाबाद और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर सहारनपुर में भी तलाशी ली। अब तक की जांच में आपत्तिजनक दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, हथियार, गोला-बारूद और आईईडी बनाने की सामग्री बरामद हुई है। बरामद सामान में एक चीनी पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, एक एके 56 राइफल, एक एके क्रिनकोव राइफल और इनके गोला बारूद समेत 2900 किलोग्राम आईईडी बनाने की सामग्री शामिल हैं।

### कश्मीरी डॉक्टर की...

से पूछताछ के बाद लगभग 300 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री जब्त की गयी है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस तीसरे डॉक्टर की भी तलाश कर रही है, जिसके इसी नेटवर्क का हिस्सा होने का शक है और जो फिलहाल फरार है। श्रीनगर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के समर्थन में लगे पोस्टरों की जांच के दौरान इस मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ। सीसीटीवी फुटेज की जांच से पुलिस को एक डॉक्टर की पहचान करने में मदद मिली, जिससे पूछताछ के बाद मामले में शामिल एक अन्य चिकित्साकर्मी को गिरफ्तार किया गया।

### राममंदिर में ध्वजारोहण...

राममंदिर परिसर में सौंदर्यीकरण, पौधरोपण और आर्किटेक्चरल कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रीराम कथा संग्रहालय के निर्माण की जिम्मेदारी आईआईटी चेन्नई की सहयोगी संस्था 'परिवर्तन' को दी गई है। लगभग 50 करोड़ रुपये की लागत वाला यह एग्रीमेंट अंतिम चरण में है। राममंदिर ध्वजारोहण समारोह के बारे में बताया गया 25 नवंबर को राम मंदिर के सातों शिखरों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित होगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के लिए रक्षा मंत्रालय के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है ताकि कोई तकनीकी बाधा न आए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केसरिया नायलॉन ध्वज पर अंकित '?' प्रतीक के साथ ध्वज फहराएंगे, कार्यक्रम का शुभ मुहूर्त दोपहर 12 से 12:30 बजे का है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ध्वजारोहण समारोह के पूजन अर्चन की शुरुआत 21 नवम्बर को होगा और ध्वजारोहण समारोह का मुख्य कार्यक्रम 25 नवम्बर को है। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित सभी मंदिरों में ध्वजारोहण का विरोध पूजन अर्चन 21 से शुरू होगा। सभी मंदिरों के लिए पूजन अर्चन के लिए अलग अलग यजमान के नाम ट्रस्ट ने तय कर लिया है और उनको दूरभाष से सूचित कर दिया गया है। सभी यजमान गृहस्थ बनाए गए हैं। जिसमें मुख्य यजमान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य डॉ अनिल मिश्र और ट्रस्टी राधामोहन भी हैं। सभी यजमान 21 नवम्बर से 25 नवंबर तक श्रीराम मंदिर परिसर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित भवन में ही रहेंगे।

### शराब का कच्चा...

कार्यशैली में बदलाव लाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टालरेंस नीति के तहत किसी भी भ्रष्टाचारी को छोड़ा नहीं जाएगा। गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिन्ना पैदा न...

जिस वंदे मातरम को कांग्रेस के 1896-97 के अधिवेशन में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने अपने स्वर में गाया था। वंदे मातरम का 1923 के अधिवेशन में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद अली जौहर ने विरोध किया था। उन्होंने वंदे मातरम गाने से इनकार कर दिया था और वंदे मातरम का गान शुरू होते ही अध्यक्ष की कुर्सी से उठकर के चले गए थे। वंदे मातरम का इस प्रकार का विरोध भारत के विभाजन का दुर्भाग्यपूर्ण कारण बना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अगर उस समय मोहम्मद अली जौहर को अध्यक्ष पद से बेदखल करके वंदे मातरम के माध्यम से भारत की राष्ट्रीयता का सम्मान किया होता तो भारत का विभाजन नहीं हुआ होता। योगी ने कहा कि यह गीत धरती माता की उपासना का गीत है। भारत का ऋषि तो हमेशा सबका आह्वान करता रहा है कि धरती हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। पुत्र होने के नाते अगर मां के सम्मान में कहीं कोई चुनौती आती है हमारा दायित्व बनता है कि हम उसके खिलाफ खड़े हों। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे हो चुके हैं और इसे बदलने का कोई प्रयास सफल नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति और भाषा के नाम पर बांटने की कोशिश हो रही है। नये जिन्ना को पैदा करने की कोशिश हो रही है। अब भारत में कोई जिन्ना पैदा नहीं होगा। अगर जिन्ना पैदा होता है तो उसे दफन करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों के लिए आज भी भारत की एकता और अखंडता से बढ़कर उनका मत और मजहब बड़ा हो जाता है। उनकी व्यक्तिगत निष्ठा महत्वपूर्ण हो जाती है। वास्तव में ऐसे ही इस तरह के लोग संदेह के दायरे में नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के विरोध का कोई औचित्य नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 1947 में देश के विभाजन का कारण बनी थी। आज अखिल भारतीय स्तर पर वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन प्रारंभ हुए तो फिर वही विरोध के स्वर फूटना प्रारंभ हो गए। समाजवादी पार्टी के एक सांसद ने फिर से विरोध करना प्रारंभ कर दिया। उन्होंने कहा कि यह वही लोग हैं जो भारत की अखंडता के शिल्पी लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती के कार्यक्रम में शामिल में नहीं होते लेकिन जिन्ना को सम्मान देने के किसी कार्यक्रम में शर्मनाक तरीके से शामिल होते हैं। उन्होंने कहा कि आज उग्रवाद, नक्सलवाद, आतंकवाद से लगातार भारत की एकता और अखंडता को चुनौती मिल रही है। जो लोग भारत के राष्ट्रीय महापुरुषों, क्रांतिकारियों का अपमान करते हैं, वह प्रकारांतर में उन अलगाववादी ताकतों के दुस्साहस को बढ़ाने का ही कार्य करते हैं जिनके कारण भारत की एकता और राष्ट्रीयता को चुनौती मिलती है।

### योगी की अगुवाई में बही...

सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक संगठनों के लोगों ने जयघोष के बीच पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए सभी का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान गोलघर में गांधी आश्रम के पास एक बालक अपने हाथ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चित्र लिए खड़ा था। मुख्यमंत्री ने उसे पास बुलाया और चित्र लेकर उसे ढेर सारा आशीर्वाद दिया। एकता पदयात्रा के मार्ग पर चार स्थानों जलकल बिल्डिंग के सामने, गांधी आश्रम, बलदेव प्लाजा और काली मंदिर के समीप कलाकारों के दल ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। यात्रा के काली मंदिर पहुंचने पर योगी ने मंदिर में मां काली और अन्य देव विग्रहों का दर्शन पूजन किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर के सामने चौराहे पर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और यात्रा को गन्तव्य के लिए रवाना किया।

एकता यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी के रूप में राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन प्रदेश के हर जिले में हुआ था। जयंती समारोह के उपलक्ष्य में सरदार पटेल के व्यक्तित्व, कृतित्व से जुड़े कार्यक्रम स्वदेशीए स्वावलंबन और राष्ट्रीय एकता की चुनौतियों पर व्यापक जनजागरण कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में स्वदेशी, स्वावलंबन और राष्ट्रीयता की भावना से आज से एकता यात्रा शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि सरदार पटेल के संघर्ष और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान का स्मरण कराने वाली इस यात्रा में उन्हें गुरु गोरखनाथ की धरा पर शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने कहा था कि स्वतंत्रता केवल आजाद रहने के लिए नहीं है बल्कि यह जिम्मेदारी से राष्ट्र की सेवा करने के लिए है। साथ ही उन्होंने यह संदेश भी दिया था कि जिस देश का युवा जागृत रहेगा उस देश को कोई गुलाम नहीं बना सकता।

# बिहार विस चुनाव : भरोसे की राजनीति ने पलटा दशकों पुराना जातीय समीकरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- बदलते बिहार की कहानी, जाति से आगे बढ़ा जनमत, विकास और भरोसे का युग शुरू
- 2025 का रण चेतना का चुनाव, बिहार ने दिखाई राजनीति को नई दिशा-गढ़ी नई परिभाषा

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का रण इस बार पुरानी परंपराओं से अलग और नए समीकरणों से भरा हुआ है। कभी जातिगत राजनीति की प्रयोगशाला कहे जाने वाले इस राज्य में अब वोटर का मूड बदल रहा है। विकास, महिला भागीदारी, रोजगार और सुशासन जैसे मुद्दे पहली बार जातीय संतुलन से बड़ा कारक बनते दिख रहे हैं। चुनावी रणभूमि में जहां एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) अपने पुराने साथियों के साथ नई ऊर्ज़ा से मैदान में उतरा है। वहीं महागठबंधन में अंदरूनी खींचतान और तीसरे मोर्चे की एंट्री ने पूरा समीकरण उलझा दिया है। बिहार की राजनीति में अब तक गांव की भाषा में जात का गणित ही जीत-हार का पैमाना रहा है। लेकिन इस बार समीकरण बदलते दिख रहे हैं। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) 36 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 प्रतिशत और दलित लगभग 20 प्रतिशत आबादी के साथ अब भी निर्णायक भूमिका में है, लेकिन युवा और महिला वोटरों का असर तेजी से बढ़ा है। नीतीश कुमार के महिला आरक्षण और छात्रा प्रोत्साहन कार्यक्रमों ने महिला मतदाताओं को एनडीए खेमे की ओर खींचा है। पिछले चुनावों में वादा किया जाता था, इस बार वितरण दिखाया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से महिला पेंशन, छात्रवृत्ति, वृद्ध पेंशन और कृषि राहत योजनाओं का सीधा लाभ मतदाताओं तक पहुंचा है। राजनीतिक विश्लेषक लव कुमार मिश्र मानते हैं कि अब वोटर जात या नारे से नहीं, बल्कि खाते में आए पैसे और घर तक पहुंचे काम से प्रभावित हो रहा है। इस बार बिहार की गलियों में माइक कम, मोबाइल ज्यादा गूंज रहा है। चुनावी प्रचार अब हैशटैग और रील के युग में पहुंच चुका है। भाजपा, जेडीयू और राजद तीनों पार्टियों ने सोशल मीडिया टीमों को जिलास्तर पर एक्टिव किया है। पहले जो कार्यकर्ता साइकिल से मोहल्लों में पर्चे बांटते थे, अब वही व्हाट्सऐप ग्रुप और लाइव वीडियो के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रहे हैं। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि इस बार डिजिटल कनेक्ट बूथ जितना ही अहम हो गया है। पहले चरण में बिहार ने रिकॉर्ड 65.08 प्रतिशत मतदान दर्ज किया है। यह राज्य का अब तक का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। दिलचस्प बात यह है कि महिलाओं की हिस्सेदारी पुरुषों से ज्यादा रही। गांवों में महिला कतारें लंबी थीं। जबकि शहरी इलाकों में युवा वोटरों का उत्साह दिखा।

# एनएसयूआई का 'वोट चोरी' के खिलाफ प्रदर्शन चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने एनएसयूआई मुख्यालय से चुनाव आयोग (ईसीआई) तक मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन राहुल गांधी की ह्लएच-फाइल्सङ्क में किए गए खुलासों के बाद आयोजित किया गया। इस बीच दिल्ली पुलिस ने मार्च को रास्ते में ही रोक दिया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी की एच-फाइल्स ने एक सच उजागर किया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ह्लवोट चोरीङ्क से जुड़ी चिंताओं को राष्ट्र के समक्ष रखा है, जिससे निर्वाचन पारदर्शिता पर चर्चा शुरू हुई।चुनाव आयोग, जिसे लोकतंत्र का संरक्षक होना चाहिए, हरियाणा में वोट चोरी का माध्यम बन गया। किसी भी राज्य में 25 लाख फर्जी मतदाताओं का पाया जाना एक सुनियोजित षड्यंत्र है।

वरुण चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग के अधिकारियों ने हरियाणा में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी की, जिसमें 25 लाख से अधिक फर्जी और दोहराए गए मतदाताओं के नाम शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि इस हेराफ़ेरी का सीधा प्रभाव हरियाणा विधानसभा चुनावों पर पड़ा, जहां कांग्रेस मात्र 22 हजार मतों से पराजित हुई। उन्होंने कहा कि भारत का जेन-जेड युवा तब चुप नहीं बैठ सकता जब लोकतंत्र की रक्षा करने वाली संस्थाएं ही समझौता कर लें। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष जारी रहेगा ताकि हर वास्तविक मत की शक्ति बनी रहे और कोई भी फर्जी मत भविष्य का निर्णय न करे।

# बिहार में सारण जिले के मानस नयापानापुर-42 पट्टी गांव में मकान का छत गिरने से पांच की मौत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। बिहार में सारण जिले के अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस नयापानापुर -42 पट्टी गांव में इंदिरा आवास योजना से बना एक पुराना मकान अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। इस मलबे में सोते हुए पूरे परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 32 वर्षीय बबलू खान, उनकी पत्नी 30 वर्षीय रौशन खातून, 12 साल की बेटी रुकसार, 10 साल का बेटा मोहम्मद चांद और सबसे छोटी दो साल की चांदनी शामिल हैं। रात का खाना खाकर परिवार हर रोज की तरह सोया था। मकान गिरते ही आसपास के लोग दौड़े आए। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत हाथों से मलबा हटाना शुरू किया। किसी ने पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची अकिलपुर पुलिस ने भी बचाव कार्य में जुट गई, लेकिन जब तक शव बाहर निकाले गए, सभी ने दम तोड़ दिया था। एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक-सारण कुमार आशीष ने बताया कि रात्रि लगभग 09:30 बजे थाना अकिलपुर अंतर्गत ग्राम मानस में एक अत्यंत दुःखद घटना घटित हुई, जिसमें एक ही परिवार के पांच सदस्यों की दर्दनाक मृत्यु हो गई । घटना की सूचना थाना अकीलपुर को रात्रि लगभग 9:45 बजे प्राप्त हुई, जिसके उपरांत पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। कुमार आशीष ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह ईंट एवं सीमेंट की पक्की छत वाला मकान लगभग 25-30 वर्ष पुराना बताया जा रहा है। देर रात अचानक मकान का छत गिर जाने से यह हादसा हुआ, जिसमें पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई।

# चंडीगढ़ में पीयू सीनेट चुनाव की मांग: रातभर धरना, दो दिन का अवकाश

- पुलिस ने दर्जनों युवाओं को हिरासत में लिया, पीयू में भारी सुरक्षा बल तैनात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) में सीनेट चुनाव की तारीख घोषित करने की मांग को लेकर छात्र संगठनों का धरना रविवार रातभर जारी रहा। सोमवार सुबह विद्यार्थी हंगामा कर रहे हैं, जिसके कारण विश्वविद्यालय में दो दिन का अवकाश घोषित कर दिया गया है। एसएसपी कंवरप्रीत कौर स्वयं मौके पर मौजूद हैं। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने कई युवाओं को हिरासत में लिया, लेकिन प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा। चंडीगढ़ में विद्यार्थी संगठनों के प्रदर्शन के कारण मोहाली तथा पंचकूला से चंडीगढ़ में आने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सोमवार को कई घंटे तक ट्राईसिटी जाम रहा। पंजाब विश्वविद्यालय में कुल 91 सीनेट मेंबर चुने जाने हैं। केंद्र सरकार ने बीती 28 अक्टूबर को 59 साल पुरानी सीनेट और सिंडिकेट को भंग करने का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसे लेकर पंजाब के राजनीतिक दल सक्रिय हो गए। सभी ने एकजुट होकर केंद्र सरकार के इस नोटिफिकेशन को रद्द करने के लिए हर तरह का संघर्ष करने का ऐलान किया। विरोध बढ़ने पर चार दिन पहले केंद्र सरकार ने पंजाब यूनिवर्सिटी के सीनेट और सिंडिकेट भंग करने के फैसले को वापस लेते हुए नया नोटिफिकेशन जारी किया। इसमें सरकार ने अपने फैसले को रद्द नहीं, बल्कि स्थगित किया था। केंद्र सरकार की ओर से फैसला वापस लेने के बावजूद छात्रों का विरोध जारी है। विद्यार्थियों के अनुसार जब तक सीनेट के सभी 91 सदस्यों की तारीख का ऐलान नहीं होगा, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) की कुलपति प्रोफ़ेसर रेणु विग ने छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए कहा कि शिक्षा मंत्रालय की 7 नवंबर की अधिसूचना के अनुसार सीनेट चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मगर, स्टूडेंट नेता ने कहा कि हम पहले ही कह चुके हैं कि हमारा प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक सीनेट चुनाव की तारीख नहीं दी जाती है। सोमवार सुबह विश्वविद्यालय की तरफ जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस तैनात करके रास्तों को सील कर दिया गया। जिससे विद्यार्थी भड़क गए और वह एक नंबर गेट खोलकर विश्वविद्यालय में घुस गए। जिसे लेकर पुलिस तथा विद्यार्थियों के बीच काफी देर तक धक्का-मुक्की चलती रही। चंडीगढ़ की सडक़ों पर पुलिस ने गश्त तेज कर दी है। एसएसपी कंवरदीप कौर के अनुसार पूरे शहर में 12 जगह नाकाबंदी की गई है। यूनिवर्सिटी में सिर्फ उन्हीं को जाने की इजाजत है, जिनका कोई काम है। उसके लिए भी उनकी आईडी देखी जा रही है।

## बिजली का करंट लगने से युवती की मौत

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में रविवार रात एक 23 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह मामला बिजली का करंट लगने का प्रतीत हो रहा है। जांच में मृतका की पहचान मणिपुर की रहने वाली फ्लोरेंस के रूप में हुई है। वह किराये के कमरे में रहती थी। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 8 बजकर 19 मिनट पर थाना वसंत कुंज साउथ में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि महिपालपुर स्थित एक कमरे में एक महिला मृत पाई गई है और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। सूचना मिलते ही जांच अधिकारी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस ने देखा कि युवती बाथरूम में गिरी पड़ी थी और उसके हाथ में इलेक्ट्रिक रॉड थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वह नहाने के लिए बाथरूम में गई थी और पानी गर्म करने के लिए रॉड का इस्तेमाल कर रही थी। काफी समय तक बाहर न निकलने पर उसकी सहेली, जो उसी इमारत में रहती है, ने जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

## बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा से हथियार व नशीले पदार्थों समेत तस्कर को दबोचा

चंडीगढ़। बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर स्थित अमृतसर व फाजिल्का सेक्टर में सर्च ऑपरेशन चलाकर एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से हथियार व नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। बीएसएफ ने यह कार्रवाई पंजाब पुलिस के साथ मिलकर की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि सीआईए फाजिल्का के साथ मिलकर की गई कार्रवाई के दौरान एक तस्कर को काबू करके उसके कब्जे से एक किलो अफीम, 300 ग्राम हेरोइन तथा दो मैगज़ीन बरामद की हैं। अमृतसर में की गई अन्य कार्रवाई के दौरान गांव कलसियां व रनियां के पास अलग-अलग अभियानों में सैनिकों ने एक पिस्टल, मैगज़ीन, 569 ग्राम हेरोइन तथा दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। ये बरामदियाँ पाकिस्तान समर्थित नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी के प्रयासों को विफल करने और देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफ के अथक संकल्प को दर्शाती हैं।

# रेखा गुप्ता ने रोड शो कर एमसीडी उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) उपचुनाव के लिए शालीमार बाग में रोड शो करके सोमवार को चुनाव प्रचार की शुरू कर दी। मुख्यमंत्री ने वार्ड नंबर 56 शालीमार बाग (बी) की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार अनीता जैन के समर्थन में प्रचार किया। यह सीट मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के विधायक निर्वाचित होने के बाद रिक्त हुई थी। मुख्यमंत्री गुप्ता अनीता जैन के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में भी सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। इसके अलावा, मुख्यमंत्री आज अशोक विहार वार्ड 65 से उम्मीदवार वीना असीजा के नामांकन से पूर्व पूजा में भी सम्मिलित हुईं और उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसेवा के प्रति वीना असीजा का समर्पण, मेहनत और कार्यशीलता ने उन्हें जनता के बीच विशेष स्थान दिलाया है। उन्हें इस वार्ड की जनता का भरपूर आशीर्वाद और अपार स्नेह मिलेगा। मुख्यमंत्री ने एक्स पोस्ट में भाजपा के सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुल 12 उम्मीदवारों में से 8 महिलाएं हैं। यह नारी शक्ति को नेतृत्व और उचित प्रतिनिधित्व देने की हमारी प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि दिल्ली के प्रबुद्ध नागरिक सेवा के इस संकल्प को अपना बहुमूल्य आशीर्वाद और समर्थन प्रदान करेंगे। जनता का आशीर्वाद, स्नेह और सेवाभाव, यही हमारा काम है और इस काम को करते हुए सभी 12 वार्डों पर चुनाव लड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपचुनाव दिल्ली के स्थानीय विकास, स्वच्छता और व्यवस्था को सतत सुनिश्चित करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। हमारे सभी उम्मीदवार पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आआपा सरकार ने दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कुछ भी नहीं किया: सिरसा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आम आदमी पार्टी (आआपा) पर आरोप लगाया कि उसने सत्ता में रहने के दौरान दिल्ली में प्रदूषण की रोकथाम के लिए कोई काम नहीं किया, बस हवा में जहर फैलाने का काम किया। आआपा सरकार की 10 साल की बर्बादी को 7 महीनों में ठीक नहीं किया जा सकता, लेकिन भाजपा सरकार स्थिति सुधारने के लिए प्रयासरत है। सिरसा ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में कहा कि आआपा ने सिर्फ अपनी नाकामियों को राजनीति, प्रचार और प्रोपेगंडा से ढकने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में दिल्ली में हो रहे अच्छे कामों से इन लोगों को दिक्कत हो रही है। इनको यह बर्दाश्त नहीं हो रहा कि 7 महीनों की हमारी सरकार प्रदूषण की रोकथाम के लिए लगातार कदम उठा रही है जिससे प्रदूषण कम किया जा सके। सिरसा ने कहा कि आआपा के लोग बवाना में खुद के लगाए गए एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन पर सवाल उठा रहे हैं कि हमने उसे जंगल में लगा दिया। 100 करोड़ रूपये इन्होंने ऑड-ईवन योजना पर लगा दिए मगर प्रदूषण की रोकथाम के लिए कोई काम नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था की दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को प्रदूषण नियंत्रण के लिए इन्होंने एक रूपया भी नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में हम प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करते रहेंगे।

# भारत जल्द बनेगा टीबी मुक्त राष्ट्र: रविन्द्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज के प्रांगण में आज प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान 3.0 के तहत आयोजित कार्यक्रम में निक्षय मित्र योजना के तहत 200 पोषण किट क्षय (टीबी) रोगियों को वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रविन्द्र पुरी महाराज ने की। कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके सिंह व स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम से सम्बोधित करते हुए श्रीमहंत डॉ. रविन्द्र पुरी ने कहाकि निक्षय मित्र योजना के सार्थक परिणाम अब आँखों के सामने आ रहे हैं। जब समाज के विभिन्न हिस्से मिलकर टी.बी. रोगियों का साथ देते हैं तो बीमारी से लड़ना सरल होता है। हम उम्मीद करते हैं कि बहुत शीघ्र भारत एक टी.बी. मुक्त राष्ट्र बनेगा। उन्होंने सामाजिक संगठनों व आम नागरिकों से जनभागीदारी बढ़ाने का आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरिद्वार डॉ. आर.के. सिंह ने बताया कि उक्त पोषण किट पंचायतिय अखाड़ा श्री निरंजनी, मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट व एसएमजेएन पीजी कॉलेज के सहयोग से तैयार कर वितरित की गई। उन्होंने कहाकि निक्षय मित्र योजना के तहत न सिर्फ पोषण सहायता मिलती है, बल्कि नैदानिक सहायता एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसी सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जा सकती हैं। समय पर इलाज और सही मार्गदर्शन से टी.बी. रोगी स्वस्थ जीवन पा सकते हैं। प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि टी.बी रोगियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव और गोद लेने जैसी पहल से रोगियों का हौसला बढ़ता है। उन्होंने विशेष रूप से टी.बी से उबर चुकी टी.बी. चैम्पियन सोनी का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी संघर्ष-गाथा अन्य मरीजों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। बताया कि मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट और पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी ने निरंतर टी.बी के उन्मूलन हेतु सहयोग किया है। महंत जी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मरीजों को गोद लेने की परंपरा महाविद्यालय के सामाजिक सरोकारों को और मजबूती प्रदान कर रही है। जिला कार्यक्रम समन्वयक उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने कहा कि टी.बी का सही समय पर किया गया उपचार जीवन बचाने जैसा है और समुदाय को जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों ने एक स्वर में कहा कि टी.बी की लड़ाई में केवल दवा ही नहीं, बल्कि पौष्टिक आहार, पारिवारिक व सामाजिक समर्थन और स्वरोजगार/ व्यवसायिक सहायता भी अति आवश्यक है। डॉ. हेमंत खर्कवाल ने अपील की कि हम सभी का दायित्व है कि टी.बी रोगियों को भावनात्मक सहयोग दें और उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध करायें, ताकि वे शीघ्र स्वस्थ हो सकें। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगश सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर डॉ. मोहम्मद सलीम, डॉ. हेमंत खर्कवाल, सौरभ कुमार, दिनेश पंत, अवनीश, मो. सलीम, सुशील लखेड़ा, अखिलेश जोशी सहित कई शिक्षक, छात्र व स्थानीय समाजसेवी मौजूद रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

## दिल्ली में जंतर-मंतर पर युवक ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। दिल्ली में जंतर-मंतर पर सोमवार सुबह एक युवक ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के मुरैना निवासी लोकेंद्र (40) के रूप में हुई है। वह पिछले कई महीनों से अपनी बहन को मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग में अनुकंपा के आधार पर नौकरी दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस के अनुसार, लोकेंद्र के जीजा मध्य प्रदेश के शिक्षा विभाग में चपरासी के पद पर कार्यरत थे, जिनकी वर्ष 2019 में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद लोकेंद्र चाहता था कि सरकार उसकी बहन को विभाग में नौकरी दे। इसी मांग को लेकर वह जुलाई से दिल्ली में धरने पर बैठा हुआ था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 9 बजे लोकेंद्र ने जंतर-मंतर पर खुद को गोली मार ली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे मृत अवस्था में पाया गया। उसके शरीर पर गोली लगने के निशान मिले हैं। पुलिस ने बताया कि मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और घटनास्थल को घेर लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अधिकारी के अनुसार, घटना के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063